केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- घुसपैठियों को बचाने में लगी हुई है कांग्रेस
- 12

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये
- 12

ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई
- 13

वरुण चक्रवर्ती पहली बार टी20 गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर
- 14

आज का मौसम

28.0° अधिकतम तापमान

25.5° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.56

सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

अयोध्या

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:24 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 18 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 37, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

एसआईआर : अधिकांश राज्यों में नहीं देने होंगे मतदाताओं को कोई दस्तावेज

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अधिकतर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को संभवतः कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनके नाम उनके राज्यों में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अगले एसआईआर के लिए इसी साल को उनकी कट-ऑफ तारीख का आधार माना जाएगा।

अब ईवीएम में होंगी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी और इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनावों से होगी। वर्ष 2015 से ईवीएम पर उम्मीदवारों की श्वेत-श्याम तस्वीरें होती थीं, जिन्हें पहचानना कई मतदाताओं के लिए मुश्किल होता था। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि मशीनों पर सीरियल नंबर भी अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। आयोग ने बताया कि अब से ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर होगा। उम्मीदवारों के क्रमांक और इनमें से कोई नहीं (नोटा) विकल्प भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छपे होंगे।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि आयोग जल्द ही पूरे भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख तय करेगा और राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा का काम साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें।

मोदी 75 वर्ष के हुए, भाजपा ने शुरू किया सेवा पखवाड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई, उनके नेतृत्व को सराहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। इस मौके पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों और नेताओं ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की तथा भाजपा ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए सेवा पखवाड़ा शुरू किया। अपने जन्मदिन पर मोदी ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करने के लिए मध्य प्रदेश के धार की यात्रा की।

मोदी ने धार में एक जनसभा में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बुधवार को बधाई दी और देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मोदी को बधाई दी।

धार में किया देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास

धार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया और स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत करते हुए देशवासियों से देश में ही बने सामान खरीदने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत भी की और कहा कि इनका मकसद है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हो। प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो गए और उनके जन्मदिन पर मध्यप्रदेश का यह उनका दूसरा दौरा है। पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास और अन्य अभियानों की शुरुआत के बाद मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के दिन देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास यहां हुआ है। इस पार्क से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी।

ब्रीफ न्यूज

अंडमान के पूर्व सांसद को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईडी ने बुधवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता कुलदीप राय शर्मा तथा दो अन्य को कथित सहकारी बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। 57 वर्षीय शर्मा अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष हैं। गिरफ्तार किए गए दो अन्य लोगों में बैंक के प्रबंध निदेशक के. मुरुगन और बैंक के ऋण अधिकारी के. कलैवानन शामिल हैं।

तस्कर गिरफ्तार, 6.25 करोड़ की हेरोइन जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और करीब 6.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सरगना की पहचान अनिल (50) के रूप में हुई है, जिसकी तलाश स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा सहित कई एजेंसियों को थी।

एमयूडीए के पूर्व आयुक्त गिरफ्तार

बेंगलुरु। ईडी ने अवैध भूमि आवंटन से जुड़े एक मामले में एमयूडीए के पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। कुमार को बेंगलुरु की पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है।

तीन सप्ताह में प्रस्तुत करें वायु प्रदूषण से निपटने की योजना

सीएक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सुप्रीम निर्देश

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को तीन माह में भरने को भी कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को बुधवार को निर्देश दिया कि वे सर्दियों की शुरुआत से पहले वायु प्रदूषण को रोकने के उपायों का ब्यौरा तीन सप्ताह के भीतर तैयार करें। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। उच्चतम न्यायालय सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रहा था, उसने रिक्तियों को भरने में देरी पर नाखुशी जाहिर की।

सीएक्यूएम केंद्र द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है और इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उसके आसपास के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता का प्रबंधन और सुधार करना है। इस क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से भी आते हैं।

सीजेआई बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन के अगुवाई वाली पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को लेकर राज्यों पर नाखुशी जाहिर की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब को तीन माह के भीतर इन्हें भरने का आदेश दिया। पीठ ने सीएक्यूएम और सीपीसीबी को भी इसी तरह के निर्देश दिए। हालांकि, इसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में पदोन्नति वाले पदों को भरने के लिए छह माह का समय दिया।

दिल्ली-एनसीआर में लागू करना पड़ता है ग्रैप

सर्दियों में हर साल बढ़ते प्रदूषण को लेकर बार-बार आ रही समस्या पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अदालत इस पर आदेश जारी कर रही है, जिसके कारण चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) लागू होता है और निर्माण कार्य जैसी कई गतिविधियां रोक दी जाती हैं। पीठ ने कहा कि जीआरएपी की वजह से कई वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश करने से रोका जाता है क्योंकि वे ज्यादा वायु प्रदूषण फैलाते हैं। पीठ ने कहा कि निर्माण कार्य रोकने का असर होता है और देश के अलग-अलग हिस्सों से आए मजदूर बेरोजगार हो जाते हैं। पीठ ने सीएक्यूएम से कहा कि वह सीपीसीबी, संबंधित राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ प्रदूषण रोकने के लिए तीन सप्ताह में एक ठोस योजना तैयार करे। पीठ ने मामले की सुनवाई आठ अक्टूबर के लिए तय की।

पराली जलाने पर क्यों न हो किसानों की गिरफ्तारी

नई दिल्ली। सर्दियों में प्रदूषण के स्तर में सामान्य वृद्धि से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि वायु प्रदूषण के एक अहम कारक पराली जलाने में संलिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए, ताकि एक सख्त संदेश दिया जा सके। सीजेआई बी.आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आप निर्णय लें, अन्यथा हम आदेश जारी करेंगे। पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित स्वयं की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने पंजाब में आप सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से पूछा कि पराली जलाने के लिए दोषी किसानों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए? कहा कि हम किसानों की बदौलत खा रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते।

दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश गाजियाबाद में ढेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नोएडा

अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग करने वाले एक-एक लाख रुपये के इनामी दोनों बदमाश बुधवार की शाम गाजियाबाद में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हो गए। दोनों बदमाशों की पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई है। दोनों बदमाश रोहित गोदारा और गोल्डी बरार के गैंग के सदस्य थे। फेसबुक पोस्ट करके रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग से प्रेमानंद महाराज और अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरोध में फायरिंग करने की जिम्मेदारी ली थी। भविष्य में टिप्पणी करने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी।

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट की संयुक्त टीम ने ट्रॉनिका सिटी एरिया में बदमाशों की घेराबंदी की थी। पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से जमीन पर गिर गए। पुलिस टीम ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ के अनुसार मौके से ग्लॉक और जिगना पिस्टल तथा कारतूस बरामद हुए हैं। एक सफेद अपाचे बाइक मिली है। माना जा रहा है कि बॉलीवुड अभिनेत्री के घर पर फायरिंग करने के लिए बदमाश इसी बाइक से आए थे और फायरिंग करके भाग गए थे।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने फिल्म अभिनेत्री के घर फायरिंग करने वाले बदमाशों के मुठभेड़ में ढेर होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दोनों बदमाश घायल हुए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश कई सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे। वारदात के समय अरुण सफेद शर्ट पहने था, जबकि रविंद्र नीले रंग की टीशर्ट पहने था। पहचान करने के बाद दोनों बदमाशों की लोकेशन ट्रेस की गई। अरुण और रविंद्र पेशेवर शूटर थे।

पुलिस मुठभेड़ में ढेर बदमाश रविंद्र और अरुण।

- एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट ने की संयुक्त कार्रवाई
- ग्लॉक और जिगना पिस्टल बरामद, दो बदमाशों पर घोषित था एक-एक लाख का इनाम

रविंद्र पर हरियाणा में दर्ज हैं 5 मामले

एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि रविंद्र के खिलाफ हरियाणा के अलग-अलग थानों में 5 केस दर्ज हैं। रविन्द्र पिछले साल दिसंबर माह में फतेहाबाद में पुलिस स्कार्ट पर हमला करके अपराधी रवि जागसी को छुड़ाने की कोशिश में भी शामिल था। अरुण का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

यूपी में पंचायत, एमएलसी और विधानसभा चुनाव से पहले संघ का बड़ा दांव

हिंदुत्व एजेंडे को धार, दलित पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में तय हुआ सामूहिक एजेंडा
- विजयादशमी का पथ संचलन होगा संघ के शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक

अमृत विचार : प्रदेश में पंचायत और एमएलसी चुनाव की दस्तक और वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की आहट के बीच आरएसएस ने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने की तैयारी तेज कर दी है। दलित-पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस को सबसे अधिक अहमियत दी गई है। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में तय हुआ कि इस बार विजयादशमी का पथ संचलन ऐतिहासिक होगा। पूर्ण गणवेश में निकलने वाली शोभायात्रा संघ की ताकत व शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक बनेगा।

संघ अपना 100वां वर्ष मना रहा है। ऐसे में मंगलवार को समाप्त हुई समन्वय बैठक में तय किया गया कि इस मौके को सांस्कृतिक उत्सव के साथ राजनीतिक-सामाजिक संदेश देने का मंच भी बनाया जाए। आर्थिक, शिक्षा, सेवा, वैचारिक और सामाजिक समूहों की बैठकों में तय हुआ कि संगठनात्मक ढांचा और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश स्तर से लेकर तहसील और ब्लॉक स्तर तक बड़े हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। इन आयोजनों का मकसद केवल धार्मिक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि दलितों और पिछड़ों को साथ लेकर एक साझा हिंदू पहचान गढ़ना होगा। सूत्रों का कहना है कि जातीय खांचों को तोड़कर सभी को एक मंच पर लाने के लिए संघ के विभिन्न अंग अलग-अलग वर्गों में गहरी पैठ बना रहे हैं।

क्यों अहम है संघ की यह कवायद

- **वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि :** भाजपा-संघ गठजोड़ पहले से ही मिशन-2027 की तैयारी में जुटा है। • **हिंदुत्व बनाम गठबंधन की राजनीति :** विपक्ष जातीय समीकरण साध रहा है, वहीं संघ इसे हिंदू एकता के जरिए काटना चाहता है। • **शताब्दी वर्ष का अवसर :** संघ इस ऐतिहासिक पड़ाव को भव्यता के साथ मनाकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को नई ऊर्जा देना चाहता है। • **सरकार-संगठन तालमेल :** बैठक में हुए फैसलों से यह संदेश गया है कि चुनावी और सामाजिक दोनों स्तरों पर भाजपा और संघ एक हैं।

पीडीए की सटीक काट पर विशेष जोर

यूपी की राजनीति में दलित और पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका निभाता है। भाजपा वर्ष 2014 से लगातार इन्हें जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। संघ इस मोर्चे को और आगे बढ़ाते हुए हिंदू सम्मेलन और पथ संचलन में इनकी सक्रिय भागीदारी करेगा। इसी से पीडीए की धार कुंद की जाएगी।

इन्हें खास जिम्मेदारी

सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समन्वय बैठकों व संगठन-सरकार-संघ तालमेल में भूमिका निभाएंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भाजपा और मुख्यमंत्री स्तर के मामलों का समन्वय देखेंगे। प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य मंत्रियों से जुड़े मामलों में और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह संगठन-स्तर का समन्वय संभालेंगे, संघ-भाजपा-सरकार के बीच पुल का काम करेंगे। कृपा शंकर, अनिल कुमार, प्रांत प्रचारक कौशल संघ, संगठन से जुड़े प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सामाजिक-शैक्षिक समूहों में पैठ बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर समन्वय पर काम करने पर फोकस रखेंगे।

मोदी और उनकी दिवंगत मां का वीडियो हटाएं

पटना, एजेंसी

- पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को दिए निर्देश

पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को उसके सोशल मीडिया खातों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां का कृत्रिम मेधा (एआई) जनित वीडियो हटाने का बुधवार को निर्देश दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बैजंत्री ने अधिवक्ता विवेकानंद सिंह और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस याचिका में संबंधित वीडियो को अपमानजनक बताते हुए दलील दी गई थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएन सिंह ने बताया कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि संबंधित वीडियो मामले की अगली सुनवाई तक हटा लिया जाना चाहिए। याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को भी प्रतिवादी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के वकील सिद्धार्थ प्रसाद ने बताया कि अदालत ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक, 'एक्स' और गूगल को भी नोटिस जारी किया तथा उन्हें सुनवाई की अगली तारीख तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय के अपने आदेश में सुनवाई की अगली तारीख का जिक्र किए जाने की संभावना है।

कर्नाटक में स्टेट बैंक से 21 करोड़ रुपये की डकैती

विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तीन नकाबपोशों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा में घुसकर पिस्तौल तथा चाकू का भय दिखाकर कर्मचारियों को बांध दिया तथा एक करोड़ रुपये नकद एवं 20 करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए।

पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हुई। बैंक अधिकारियों के अनुसार 21 करोड़ रुपये से अधिक की डकैती हुई है। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निम्बार्गी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने फर्जी नंबर प्लेट लगी सुजुकी ईवा कार का इस्तेमाल किया और वारदात के बाद महाराष्ट्र के पंढरपुर की ओर भाग गए।

- तीन नकाबपोशों ने लूट लिया 20 करोड़ का सोना व नकदी

मौसम की करवट | पर्यावरण पर बड़ा असर पड़ने के आसार, बदल सकता है तिब्बत का पूरा ईको सिस्टम

खतरे की आहट, हिमालय पार कर तिब्बत पहुंचा मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इस बार की मानसूनी बारिश ने जो रंग दिखाया है, वह पूरे हिमालयीय क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा बनकर सामने आया है। मानसून हिमालय की ऊंचाई को पार नहीं कर पाता है लेकिन इस बार मानसून ने हिमालय पार कर लिया है और वह तिब्बत के पठार तक पहुंच गया है।

हिमालय के पार तिब्बत एक शुष्क क्षेत्र है। यहां अगर मानसून की बारिश आने वाले दिनों में भी होने लगी तो यह हिमालय के लिए खतरे की घंटी है, जो भारत के साथ ही उन देशों के लिए भी खतरा है, जहां हिमालय पर्वत श्रृंखला मौजूद है। हिमालय में दो कारणों से बारिश होती है। पहला कारण है, पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली बारिश। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर के क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं और पश्चिम से पूर्व की ओर भारत की ओर बढ़ते हैं, जिससे भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी होती है।

इसके अलावा मानसून की बारिश होती है लेकिन दोनों ही स्थिति में बादल हिमालय से टकराते हैं लेकिन पार नहीं जा पाते लेकिन इस बार मानसून और पश्चिमी विक्षोभ एक साथ आ गए हैं। भूगर्भ वैज्ञानिक एसपी सती ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से जलवायु गर्म हो रही है और जब हवा गर्म होती है तो बादल और ऊंचाई को उठते हैं, इसलिए इस बार मानसून हिमालय को पार कर गया है।

ग्लेशियर और नदियों के प्रवाह पर होगा असर

हल्द्वानी। अगर यह पैटर्न लगातार रहा तो इसका क्या असर होगा, यह आने वाला समय बताएगा लेकिन अभी जो अनुमान हैं वह भयावह है। तिब्बत जो कि सूखा क्षेत्र है, अगर वहां नियमित तौर पर बारिश होने लगी तो वहां की शुष्क जलवायु बदल सकती है। इससे ग्लेशियरों के पिघलने और नदियों के प्रवाह पर असर पड़ सकता है।

भारतीय उपमहाद्वीप के लिए हिमालय दीवार

हल्द्वानी। भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले लोगों के लिए हिमालय दीवार का काम करती है। पश्चिमी विक्षोभ और मानसून हिमालय से टकराते तो हैं लेकिन उसे पार नहीं करते और भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश करते हैं। अगर यह पार जाने लगे तो भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश कम होने की संभावना है।

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

फैटी लिवर रोग बढ़ती हुई महामारी, फास्ट फूड बन रहा बड़ी वजह

एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने 'अमृत विचार' से साझा की जानकारी

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- बच्चे भी आ रहे चपेट में, सरकार से स्कूलों-कॉलेजों में फास्टफूड को प्रतिबंधित करने की अपील

अमृत विचार : नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या आज महामारी के तौर पर उभर रही है। इसके शिकार बच्चे भी हो रहे है। इसकी बड़ी वजह फास्टफूड है। आज देश का हर चौथा शख्स इस रोग से ग्रसित हैं। आंकड़े दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं, जो चिंताजनक है। लिवर की अहमियत को अब सरकार भी समझ रही है और फैटी लिवर को लेकर जागरूक कर रही है। पर हर किसी को इसको लेकर जागरूक रहना पड़ेगा। यह कहना है एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एआईजी) के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी का। वे मंगलवार को एसजीपीजीआई के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर अमृत विचार ने उनसे फैटी लिवर सहित इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर बातचीत की। डी. नागेश्वर एक प्रख्यात भारतीय गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट हैं, जिन्हें पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2016) और पद्म विभूषण (2025) पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस प्रकार, वे तीनों पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय चिकित्सक हैं।



प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी

प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया हम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सख्त खिलाफ हैं और सरकार से आग्रह किया है कि कॉलेजों के आसपास शराब पर लगे प्रतिबंधों की तरह स्कूलों में फास्ट फूड पर भी नियंत्रण किया जाए। सरकारी और निजी स्कूलों में हमारे शोध से पता चला है कि 40 प्रतिशत बच्चों के शरीर में वसा की मात्रा अधिक है, जबकि आईटी पेशेवरों में यह आंकड़ा चिंताजनक रूप से 80 प्रतिशत है। यह पूरी तरह से आहार से संबंधित है। उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि फास्ट फूड में कैलोरी होती है, जिसकी वजह से फैटी लिवर की समस्या पैदा होती है। लेकिन ऐसा नहीं है, बल्कि फास्ट फूड में एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं जो इस समस्या का कारण बन रहे हैं। ये फास्ट फूड बैक्टीरिया का संतुलन बदल देते हैं, जो आंत और लीवर को नुकसान पहुंचाता है। ये काफी चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि भारत में सिर्फ डायबिटीज के मामले ही नहीं बढ़ रहे, हमारे देश में फैटी लिवर समस्या के मामले भी बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह फैटी लिवर डिजीज लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का कारण भी बनती है। पूरी दुनिया में लिवर कैंसर के सबसे ज्यादा मामले भारत में देखे गए हैं और हमें आनुवंशिक तौर पर फैटी लिवर होने का खतरा है, इसलिए हमें और सावधानी बरतने की जरूरत है।

लिवर की नियमित जांच आवश्यक

डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया, लिवर की बीमारी से ग्रस्त मरीज विशेषज्ञों के पास काफी देरी से पहुंचते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि 70 फीसदी लिवर खराब होने तक कोई खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। नियमित जांच कराने और समय से इलाज शुरू करने से लिवर की बीमारी से बचा जा सकता है। पैरों में सूजन, पेट में पानी भरना, पेट के दाहिने तरफ भारीपन प्रमुख लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए मधुमेह, उच्च रक्त चाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों को नियंत्रित रखें, संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें, मीठे पेय पदार्थों और अतिरिक्त शर्करा से बचें, और शराब का सेवन सीमित करें या उससे बचें।

चिकित्सा क्षेत्र में एआई की भूमिका महत्वपूर्ण

डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चिकित्सा क्षेत्र में भूमिका महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में इसका विशेष योगदान होगा। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो न्यूयॉर्क के 25 डॉक्टरों ने स्किन पिगमेंटेशन से जुड़े एक मरीज का गलत इलाज दिया। जबकि एएआई की बदौलत उसे सटीक इलाज मिल सका। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि डर्मेटोलॉजी के क्षेत्र में एआई में बड़ा बदलाव आ रहा है। गलत होने के चांस सिर्फ 10 प्रतिशत तक है।

न्यूज ब्रीफ

सैफई में सरकारी पैसे उड़ाते थे अखिलेश : पाठक

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा शासनकाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और गुंडाराज चरम पर था। सरकारी जमीनों पर कब्जे, खनन और ठेकों की लूट आम बात थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव किसानों की चिंता छोड़ मुंबई से कलाकार बुलाकर सैफई में नाच-गाने का आनंद लेते थे। पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने 20 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति माफियाओं से मुक्त कराई है और आज प्रदेश दंगा-मुक्त होकर कानून के राज की मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने तंज कसा कि अखिलेश राज में नौकरी पाने का मतलब रेट चुकाना था, जबकि भाजपा शासन में युवाओं को उनकी मेधा और कौशल के बल पर अवसर मिल रहे हैं।

सपा कर रही झूठ की राजनीति : चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी और उसके नेता लगातार अफवाह और झूठ की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीति और नीयत केवल सत्ता हासिल करने तक सीमित है, जबकि उनके पास न तो कोई ठोस मुद्दा है और न ही कोई विकास योजना। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश सरकार में गो-तस्करों और अवैध बूचड़खानों को संरक्षण मिलता था। वर्तमान सरकार ने इन पर सख्त कार्रवाई की है और गोरखपुर की हालिया घटना में 24 घंटे के भीतर आरोपी को एनकाउंटर में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सपा मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती है।

सपा शासनकाल में था गुंडाराज : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ : जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में प्रदेश गुंडों और माफियाओं का गढ़ था। भू-माफियाओं का आतंक था और अपराधियों की थाने से सचिवालय तक पैठ थी। हर साल दंगे होते थे और हत्या-आगजनी करने वालों को थाने से ही छोड़ दिया जाता था। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में अब तक 20 हजार करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त हुई है और माफियाओं पर बुलडोजर चला है।

आंगनबाड़ी बहनों का बढ़ेगा मानदेय मिलेगा स्मार्टफोन : मुख्यमंत्री योगी

राज्यस्तरीय पोषण महाअभियान की शुरुआत, 20324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्तरीय स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और राष्ट्रीय पोषण महाअभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे और उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी।

वे बुधवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से मंत्रियों और अफसरों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के धार से शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह-2025 की शुरुआत कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े थे। कार्यक्रम के समाप्त होते ही मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में इस महाभियान की शुरुआत की। बताया कि सभी 75 जिलों में एक साथ 20,324 स्वास्थ्य शिविर शुरू किए गए हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों का टीकाकरण और एनीमिया-टीबी जैसी बीमारियों की जांच इन शिविरों का प्रमुख हिस्सा होगी। साथ ही 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पखवाड़ा यूपी को पोषण, स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएगा। जब नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो परिणाम देर से नहीं आते।

इस अवसर पर दोनों उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व प्रतिभा शुक्ला समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत करने के बाद बच्चे को उपहार देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

गर्भवती महिलाओं और बच्चों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्होंने मातृत्व लाभ योजना के अंतर्गत सहायता राशि वितरित की। इस दौरान संभव अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों और ग्राम प्रधानों का सम्मान किया गया। योगी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले नि :क्षय मित्रों और रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया।

मोदी के नेतृत्व में दुनिया को नई दिशा दे रहा भारत : मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, वही आज आत्मविश्वास और विकास का प्रतीक बनकर दुनिया को नई दिशा दे रहा है। गरीबी से विरासत तक और महामारी प्रबंधन से कूटनीति तक मोदी मॉडल मिसाल है।

प्रधानमंत्री को प्रदेश की ढाई करोड़ जनता की ओर से बधाई देते हुए योगी ने कहा कि मोदी मॉडल ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, कूटनीति, आस्था और विरासत से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश तक नए प्रतिमान गढ़े हैं। इसी का नतीजा है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं और वंचित समाज प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में रहे हैं, जिससे व्यापक सामाजिक बदलाव आया है।

प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी।

मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इसमें उनके बचपन से प्रधानमंत्री बनने तक की संघर्षमय यात्रा को तस्वीरों में दिखाया गया है। योगी ने कहा कि यह प्रदर्शनी हर जिले में लगेगी और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

शुरू हुआ पीएम आवास मेला, दर्ज कराएं नाम

अमृत विचार , लखनऊ : प्रदेश में बुधवार से पीएम आवास मेला-शहरी, अंगीकार 2025 की शुरुआत हो गई। 17 से 27 सितंबर तक चलने वाले पहले चरण में बरेली, हापुड़, रामपुर, गाजीपुर आदि ने आयोजन किया। बाकी जिले सहूलियत के अनुसार आयोजन करेंगे। मेले में शहरी आवास, ऋण वितरण और एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के स्टॉल लगाकर और जरूरतमंदों ने मौके पर पंजीयन कराया। आवासों का पंजीयन मौके पर कर सत्यापन भी किया गया। इससे लाभार्थियों को आगे किसी तरह की प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी। न ही किसी तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे। इसी तरह द्वितीय चरण 15 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इसकी भी जिलों पर तैयारी की गई। इसके अलावा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले लोक कल्याण मेला की धूम रही। इस मेले में जरूरतमंदों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

सपा करेगी बूथ की निगरानी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के पास के नकली आधार बनाने की मशीन है, चुनाव में बूथों के पास लगाकर फर्जी वोट डाले जाते हैं। भाजपा की इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हम हर बूथ पर एजेंट बनाएंगे, वोट बनवाने से लेकर गिनवाने तक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) निगरानी करेंगे।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कहा कि सुना है, महोबा में एक ही पते पर चार हजार से ज्यादा वोट दर्ज हैं। यही हाल नोएडा में भी है। सवाल उठाते ही निर्वाचन आयोग और भाजपा, दोनों कहने लगेंगे कि इसीलिए तो एसआईआर करा रहे हैं। आयोग, सपा की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करता।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लविवि के चार मेधावी टापर श्रद्धा यादव, चित्रा साहू, रवि चंद और हरदोई की प्रियांशी यादव को आईपैड देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की। टापर के साथ उनके परिवारी जन भी साथ थे।

प्लासियो बेचने की होगी जांच

अमृत विचार : सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान बाजार और प्लासियो मॉल बेच दिया। प्लासियो माल के मामले में भ्रष्टाचार को लेकर उप मुख्यमंत्री ने चिट्ठी लिखी थी। वह चिट्ठी टेबल पर सुरक्षित है। सपा सरकार आने पर उसकी जांच होगी। जनेश्वर मिश्र पार्क के कुछ हिस्से को बेचने की भी तैयारी है, पैसा कमाने के लिए भाजपा कुछ भी बेच सकती है।



प्रेस कांफ्रेंस करते अखिलेश।

...तो बुलडोजर भाजपा का स्मारक भी ले जाएगा

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बुलडोजर से बहुतों के घर गिराये हैं। अगर भाजपा सरकार ने सपा का कार्यालय गिराया तो सरकार याद रखे, सपा सरकार में जो बड़े-बड़े स्थान बनाये हैं, वहां अगर भाजपा सरकार ने कुछ बनाया होगा तो जिस बुलडोजर से सपा का कार्यालय गिरेगा, वही बुलडोजर उनका भी बनाया स्मारक ले जाएगा।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में जुड़े 12 नए ट्रेड्स

विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री ने की 1.32 लाख करोड़ के मेगा ऋण वितरण की भी घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ी सौगात देते हुए घोषणा की कि परंपरागत 11 ट्रेड्स के साथ 12 नए ट्रेड्स को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में शामिल किया गया है। अब मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे क्षेत्रों के कारीगर भी योजना से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं को आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।

योगी ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय विश्वकर्मा एक्सपो-2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का संयोग है। उन्होंने इसे दोगुनी खुशी का दिन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य रखा है, उसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 1.32 लाख करोड़ रुपये के मेगा ऋण वितरण की घोषणा की। मंच से सीतापुर की शशि देवी को दो लाख और लखनऊ की अंशु शर्मा को नौ लाख पचास हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि जमा-ऋण अनुपात 2017 में जहां 44 प्रतिशत था, वहीं अब 62 प्रतिशत हो गया है और अगले वित्तीय वर्ष तक इसे 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

नव चयनित महिला कार्मिक को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

12 हजार को टूलकिट, 111 को नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में प्रदेशभर के 12 हजार कारीगरों को टूलकिट वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से सम्मानित भी किया। साथ ही 111 कनिष्ठ सहायकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

23 कंपनियों और संस्थानों के साथ एमओयू

इस अवसर पर रेलटेल इंडिया, जीएमआर, शाही एक्सपोर्ट्स, ऊषा इंटरनेशनल, लक्ष्मे और एचसीएल फाउंडेशन समेत 23 कंपनियों और संस्थानों के साथ तीन एमओयू भी साइन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर खुलेंगे।

तैयारी यूपी ट्रेड शो में पर्यटन विभाग प्रदर्शित करेगा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत

ट्रेड शो में उद्यमियों के लिए खुलेंगे यूपी के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंडिया एक्सपो मार्ट 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025' (यूपीआईटीएस) में पर्यटन विभाग विशेष पवेलियन प्रदर्शित करेगा। इस पवेलियन में राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन निवेश संभावनाएं और आर्थिक प्रगति के संसाधन दर्शाए जाएंगे।

यह बात पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में पर्यटन की अहम भागीदारी है। यूपीआईटीएस-2025 में नीति निर्माता, वैश्विक निवेशक, कारोबारी, शैक्षणिक प्रतिनिधि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी। जिनके द्वारा राज्य में निवेश और पर्यटन के नए अवसरों पर व्यापक विमर्श किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ट्रेड शो के पवेलियन में डिजिटल स्टोरीटेलिंग, एआर-वीआर आधारित डिस्प्ले, ऑटो-नेविगेशन कियोस्क और सेल्फी जोन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आगंतुकों के लिए ब्रज का मयूर नृत्य, सोनभद्र और लखीमपुर के जनजातीय नृत्य, झांसी का बुंदेली नृत्य और लखनऊ घराने की कथक प्रस्तुतियां होंगी। यह पवेलियन राज्य की विविधता और परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेगा।

मोबाइल ऐप और निवेश प्रोत्साहन पर जोर

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग अपने मोबाइल ऐप के प्रचार पर विशेष ध्यान देगा। ऐप में क्यूआर-कोड के माध्यम से डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध होगी। विभाग निवेशकों के लिए पीपीपी-रेडी हेरिटेज प्रोजेक्ट्स की जानकारी उपलब्ध कराएगा, साथ ही पूंजी सब्सिडी, भूमि आवंटन, टैक्स छूट और सिंगल विंडो क्लीयरेंस जैसी नीतिगत प्रोत्साहनों का विवरण भी साझा करेगा।

पर्यटन होगा विकसित भारत 2047 का केंद्र

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि पर्यटन हमारी विकसित भारत 2047 की दृष्टि के केंद्र में है। यूपीआईटीएस उद्यमियों के लिए नए द्वार खोल रहा है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में प्रदेश का पवेलियन पर्यटकों, निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए खुला रहेगा।

अभियान में सवा दो लाख फीडबैक दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : जनता के सुझावों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष "उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक टेक महोत्सव" आयोजित करने, एआई-संचालित होलोग्राफिक गाइड, यूपी टूरिज्म वन कार्ड और स्मार्ट परिवहन प्रणाली जैसे विचार शामिल हैं। वहीं, कृषि क्षेत्र को टिकाऊ बनाने के लिए आधुनिक व जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल प्रबंधन और कृषि आधारित व्यवसायों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी के मिशन समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 को लेकर आमजन बड़ी संख्या में भागीदारी कर सुझाव दे रहे हैं। अब तक अभियान के तहत करीब सवा दो लाख से अधिक फीडबैक दर्ज हुए हैं।

मोदी के जन्मदिन पर बंटे गुलगुले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधानभवन प्रांगण में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उल्लास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने न केवल विधानभवन के अंदर नरेंद्र मोदी के जीवन और कार्यों पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी उद्घाटन किया, बल्कि आत्मीयता के साथ उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों तथा स्कूली बच्चों के बीच भारतीय लोकसंस्कृति के प्रतीक परंपरागत व्यंजन गुलगुले वितरित किए।

विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर लोक परंपरा से जुड़े इस व्यंजन को बांटना संस्कृति और समाज के मूल्यों को संजोने का एक छोटा प्रयास है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री पद तक की संघर्ष यात्रा, उनकी जनसेवा की प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को सजीव चित्रों व आलेखों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर गुलगुले वितरित करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

- मोदी का जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण : सतीश महाना

न्यूज ब्रीफ

जानलेवा हमले में आरोपी को जमानत नहीं

अयोध्या, अमृत विचार : जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी विनीत सिंह को जमानत पर रिहा करने से कोर्ट ने इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से बुधवार को हुआ है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे व रोहित पांडे ने बताया कि घटना 16 सितंबर 2024 की है। आरकेबीके पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में दीपक कुमार सिंह निवासी बधाई का पुरवा पेट्रोल डलवाने गए थे। उनके साथ इंद्रसेन सिंह भी थे। वह वहां से घर लौट रहे थे कि अब्बू सराय पहुंचते ही आरोपी सिंपल सिंह ने हाथ में लिए हुए असलहे से दीपक के ऊपर फायर कर दिया। हालांकि गोली उनको नहीं लगी।

तालाब में उतराता मिला युवक का शव

बड़ागांव, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर धौरहरा के मजरे कटरा के रहने वाले विशाल पासी (22) पुत्र प्रेमचंद मंगलवार सुबह घर से निकला तो वापस नहीं लौटा। शाम को कुछ ग्रामीणों को गांव से पश्चिम एक तालाब में शव होने की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को जाल वह गोताखोरों के माध्यम से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया गहरे पानी में गिरने से मौत का अन्देशा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चलेगा।

जूनियर बालक फुटबॉल ट्रायल 19 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय की देखरेख में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 19 सितम्बर को जिला व मंडलीय जूनियर बालक फुटबॉल चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह नौ बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे से होगा। चयनित मंडलीय टीम आगरा में 21 सितम्बर से आयोजित होने वाली प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

किताब का आज होगा लोकार्पण

अयोध्या, अमृत विचार : प्रगतिशील लेखक संघ एवं जनवादी लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय जनमोर्चा सभागार में 18 सितंबर को शाम चार बजे से विस्मरण के दौर में संस्मरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें हिन्दी साहित्य में संस्मरण विधा के बारे में विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार अशोक मिश्र होंगे। इस अवसर पर उनके संस्मरणों की किताब अनवरत का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रघुवंशमणि ने दी।

263 वाहनों का परमिट होगा निरस्त

अयोध्या, अमृत विचार : सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। आयु सीमा पूर्ण कर चुके 263 वाहनों का परमिट निरस्त करने, ओवरलोड संचालन में तीन के परमिट निरस्त, 186 वाहनों के परमिट निलंबित किए जामे का निर्णय लिया गया। सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आयुक्त राजेश कुमार अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में की गई। बैठक में डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) राधेश्याम,, सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण/ सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह सहित अन्य लोग थे।

रामनगरी में नवरात्र से चलेंगी डबल डेकर बसें

मेडिकल कॉलेज से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का हुआ आगाज

परिवहन मंत्री बोले, कहा-लंदन की कंपनी ने तीन करोड़ की लागत से बनाई बस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लंदन की कंपनी के द्वारा बनाई गई डबल डेकर बसें नवरात्र से अयोध्या में चलना शुरू हो जाएंगी। एक बस की लगात करीब तीन करोड़ रुपये है। इसके चलने से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को अच्छा अनुभव मिलेगा। ये बातें बुधवार को राज्यमंत्री परिवहन दयाशंकर सिंह ने कहीं। वह राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या धाम बस अड्डे को हवाई अड्डे की तर्ज पर तैयार करने की बात दोहराई।

कहा कि दो अक्टूबर तक समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर कार्ययोजना के अनुसार महिलाओं और किशोरियों की स्क्रीनिंग और स्वास्थ सेवाएं प्रदान की जाएं। इससे पूर्व उन्होंने, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार आदि के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर आयुष्मान के तीन, क्षय रोग के पांच व पोषण के पांच लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। तीन लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभा में उपस्थित लोगों को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, प्रदेश महामंत्री अभय सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक व विभिन्न ब्लॉक से आई आंगनबाड़ी वर्कर व आशाएं उपस्थित थीं।



मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिला को आयुष्मान कार्ड देते राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, भाजयुमो महामंत्री हर्षवर्धन सिंह व प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा।

प्रदेश के सात हजार गांव में चलेंगी छोटी बसें

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 14.5 हजार सरकारी बसों का बेड़ा है, जो देश में सबसे बड़ा है। प्रदेश में एक लाख गांव हैं। 12 हजार गांवों में बसें नहीं पहुंचती हैं। इसमें से सात हजार गांव चिह्नित कर लिए गए हैं। जहां छोटी बसें चलाई जाएंगी। ये सुबह सात बजे रात नौ बजे तक बसें चलेंगी। अब इलेक्ट्रिक बसों को शहर से जोड़ा जा रहा है, जिसकी शुरुआत अयोध्या-काशी, अयोध्या-प्रयागराज के लिए हो गई है। यूपी के 23 बस अड्डों को हवाई अड्डे की शक्ल देने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

ब्लड प्रेशर चेक कराने पहुंचे मंत्री

मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने मौके पर लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान वह एक स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। जहां ब्लड प्रेशर चेक कराया। उनका ब्लड प्रेशर नॉर्मल था। विभाग के लोगों की मानें तो इस पर मंत्री ने कहा कि दवा नहीं खाई फिर भी बीपी नॉर्मल है।

मंच पर महानगर अध्यक्ष को नहीं मिली जगह

मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान भाजपा के तमाम नेता मंचासीन थे। इसी बीच महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव भी पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों व विभागीय कर्मचारियों की मानें तो मंच पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के लिए सीट आरक्षित नहीं थी। यह देख वह बाहर की ओर चले आए। सूचना मिलते ही सीएमओ डॉ. सुशील कुमार मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि कमलेश ने सीएमओ को खरी-खोटी सुनाई और लौट गए। हालांकि कमलेश ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा है कि नाराजगी इसलिए थी कि वहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाया था। वह सार्वजनिक स्थल नहीं छात्रों के पढ़ने का स्थान है। उन्होंने सिर्फ दर्शननगर में शिविर लगवाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री के प्रोटोकॉल के तहत मौके पर गया था।

जागरूकता रैली निकाली

जिले के चार, जिला स्तरीय चिकित्सालयों, 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सात अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 222 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक परिसर से राज्यमंत्री दया शंकर सिंह, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सीएमओ व सीएमएस ने हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रैली का उद्घाटन किया।

कृषि विवि ने विकसित की बेर, बेल और हल्दी की नई प्रजातियां

भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

- कृषि विवि के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय ने विकसित की प्रजातियां
- कुलपति ने दी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को बधाई

कृषि विवि के उद्यान एवं वानिकी के बाग के पेड़ में लगा बेल।

कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार: आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने फल व मसाले की तीन प्रजातियां विकसित की है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह सभी प्रजातियां उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित की गईं। भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्रालय से इन प्रजातियों की पहचान और अधिसूचना जारी कर दी गई। उपलब्धि पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है।

कुलपति ने इस सफलता के लिए वानिकी अधिष्ठाता, निदेशक शोध एवं परियोनाओं में कार्यरत सभी वैज्ञानिकों, संबंधित विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को बधाई दी। वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई प्रजातियों में नरेंद्र बेल-17, नरेंद्र बेर-2 और नरेंद्र हल्दी-पांच शामिल है। राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 4000.(अ). एक सितंबर 2025 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से जारी की गई है। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. भगवानदीन ने इसे विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

नई प्रजाति को विकसित करने में ये रहे शामिल

बेल एवं बेर की प्रजातियों को विकसित करने में वरिष्ठ वैज्ञानिक/कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. आरके पाठक, डॉ. एचके सिंह, डॉ. भानुप्रताप, डॉ. रत्नाकर दिवेदी, डॉ. संजय पाठक, नंदलाल शर्मा, एके श्रीवास्तव और हल्दी की प्रजाति विकसित करने में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सीएन राम, डॉ. वीपी पांडेय, डॉ. आरएस मिश्रा, डॉ. प्रवीन कुमार मौर्या, आरके गुप्ता मुख्य रूप से शामिल रहे।

विकसित प्रजातियों की कई विशेषताएं

नरेंद्र बेल-17

इसके फल का आकार थोड़ा लंबोतर गोल, फल की सतह चिकनी, फल का वजन 2 से 2.25 किलोग्राम, फल परिपक्वता के समय हरा पीला एवं गुदे का रंग हल्का पीला होता है। पके हुए फल के गूदे में मीठापन (टीएसएस) 35-38 ब्रिक्स/100 ग्राम गूदे में पाया जाता है। फल में कम श्लेष्मा, कम रेशा, कम बीज, मध्यम मीठा स्वाद के साथ गूदे का रंग पीला होता है। यह मुरब्बा, जूस, कैंडी आदि के लिए अत्यधिक उपयुक्त है, 12 वर्ष के एक पेड़ से उपज 170-200 किलोग्राम फल प्रति पेड़ प्राप्त होता है। यह प्रजाति तीन से चार वर्ष में ही फल देना शुरू कर देती है।

नरेंद्र बेर-दो

यह प्रजाति अधिक उत्पादन क्षमता वाली है। फल का वजन लगभग 40-45 ग्राम तक होता है। फल का आकार गोल और पकने पर हरा पीला होता है। फल के गूदे का रंग सफेद होता है। फल में मीठापन 13 से 14 ब्रिक्स/100 ग्राम गूदे में पाया जाता है। एक पौधे से उपज 100 से 120 किलोग्राम तक पाया गया है।

नरेंद्र हल्दी-पांच

यह प्रजाति अधिक उत्पादन क्षमता वाली है। उपज 350 से 370 क्विंटल/है., कंद बड़े आकार का, कुरकुमिन 4.3 से 5.2 फीसदी, शुष्क कंद प्राप्ति 70 से 75 कुंटल तथा पत्ती धब्बे रोग के प्रति मध्यम अवरोधी प्रजाति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व पटल पर किया स्थापित : डॉ. बिजेन्द्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने भारत को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। ये बात बुधवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कही। वह स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने विश्वविद्यालय की तरफ से 100 टीबी रोगियों को पोषण पोटली सौंपी।

कुलपति ने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालयों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेने का अभियान 2022 से शुरू किया गया था। इसी क्रम में 100 टीबी रोगियों को गोद लिया है। उन्हें स्वस्थ होने तक विश्वविद्यालय से पोषण पोटली प्रदान की जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ल ने बताया टीबी की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में बिल्कुल मुफ्त है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीप शिखा चौधरी ने रोगियों को महत्वपूर्ण सुझाव एवं सावधानियां बरतने की जानकारी दी। संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस मौके पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. एके गौतम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक अधिकारी मौजूद रहे।

अवध विवि में आयोजित कार्यक्रम में क्षय रोगी को पोषण पोटली देते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

पूराबाजार, अमृत विचार: पुलिस चौकी पूराबाजार अंतर्गत ग्राम सभा मड़ना की संजू माझी (40) पत्नी घिराऊ लाल माझी की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मंगलवार देर रात संजू माझी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। परिजन उसे सीएचसी पूरा बाजार लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसे मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर रेफर कर दिया। मंडलीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान संजू माझी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भदरसा गैंगरेप केस

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित किशोरी से गैंगरेप के मामले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सभी की गवाही पूरी हो गई है। अब आरोपियों का बयान दर्ज करने के लिए 22 सितंबर की तिथि नियत की गई है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में बुधवार को हुई।

विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। विवेचक ने मामले में दोनों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। इसके बाद अभियोजन पक्ष में तथ्य के गवाह के रूप में पीड़िता उसकी मां तथा औपचारिक साक्ष्य के रूप में पहले विवेचक रतन कुमार शर्मा, दूसरे देवेंद्र सिंह, पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करने वाले गवाह के रूप में डॉक्टर और उसकी आयु निर्धारण के संबंध में हुए आशिफिकेशन टेस्ट के गवाह के डॉक्टर समेत कुल 14 गवाहों को अभियोजन कथानक साबित करने के लिए पेश किया गया। उनके बयान दर्ज हुए और जिरह हुई अब अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई है। दंड प्रक्रिया की धारा 313 के अभियुक्तों के बयान के लिए अगली पेशी नियत की गई है।

अस्पताल की लिफ्ट में 15 मिनट फंसे रहे विधायक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : महिला अस्पताल में बुधवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता लिफ्ट में फंस गए। वह चौथी मंजिल पर जाने के लिए सवार हुए थे। साथ में उनका स्कॉर्ट, सीएमएस, दो डॉक्टर व कर्मचारी भी मौजूद थे। 15 मिनट तक लिफ्ट अटकी रही। न ऊपर जा रही थी और न ही दरवाजा खुल रहा था। इसके बाद सभी की सांसें फूलने लगी। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी व रिकाबगंज चौकी प्रभारी ने चाबी मंगा दरवाजा खुलावाया। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। विधायक ने महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. विभा कुमारी को लिफ्ट ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि यह घटना मेरे साथ हुई है। कल को किसी मरीज के साथ भी हो सकती है। इसके बाद वह सीढ़ियों से चौथी मंजिल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए।

फोन मिलाया तो ऑपरेटर भी लिफ्ट में ही मिला

तीन मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहने के बाद नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सीएमएस डॉ.विभा कुमारी को लिफ्ट ऑपरेटर कम गार्ड सुमित को फोन करने के लिए कहा। सीएमएस ने फोन मिलाया तो पता चला कि वह भी उसी में था। उससे कहा गया कि किसी को फोन करो और चाबी से लिफ्ट खुलवाओ। पता चला कि उसने लिफ्ट की चाबी भी अपनी जेब में रखी थी। यह सुनते ही लिफ्ट में मौजूद लोगों की हालत खराब हो गई। विधायक की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच सीएमएस डॉ. विभा को ध्यान आया कि एक चाबी उनके पास भी है। उन्होंने एक कर्मी को फोन किया। वह चाबी लेकर आया और सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व रिकाबगंज चौकी प्रभारी के साथ लिफ्ट का दरवाजा खोल सबको सकुशल बाहर निकाला गया। तब जाकर सबने राहत की सांस ली।

- दल-बल, सीएमएस व डॉक्टरों के साथ जा रहे थे चौथी मंजिल, सीओ व रिकाबगंज चौकी इंचार्ज ने खुलवाया लिफ्ट का दरवाजा

महिला अस्पताल में बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को करनी थी। वह दोपहर एक बजे के करीब दल-बल के साथ महिला अस्पताल पहुंच गए। यहां सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने आगवानी की और चौथी मंजिल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लिफ्ट की ओर बढ़े। लिफ्ट में मौजूदा लोगों की संख्या 10 से 15 बताई जा रही है। लिफ्ट में प्रवेश करते ही चौथी मंजिल पर जाने के लिए बटन दबाने पर लिफ्ट का दरवाजा बंद हो गया और लिफ्ट ऊपर जाने के बजाय एक ही जगह पर खड़ी हो गई।

राम मंदिर परिसर स्थित मां भगवती का होगा 9 दिवसीय अनुष्ठान

अयोध्या, अमृत विचार: राम मंदिर के परकोटे में स्थापित माता भगवती के मंदिर में पहली बार नवरात्रि का उत्सव बड़े ही भव्यता के साथ मनाए जाने की तैयारी है। मंदिर परिसर के यज्ञशाला में 11 वैदिक आचार्य के द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ और अनुष्ठान का विशेष आयोजन संपन्न होगा। हालांकि माता भगवती के मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन कराए जाने पर ट्रस्ट भी कोई निर्णय नहीं ले सका है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक नवरात्रि पर विशेष झांकियां का आयोजन होगा।भव्य आरती, पूजन, अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे।

हनुमानगढ़ी मंदिर की यज्ञशाला में अनुष्ठान करते हुए पुजारी राजू दास व अन्य।

प्रधानमंत्री के दीर्घायु को किया अनुष्ठान

अयोध्या, अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को रामनगरी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किये गये। सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर की यज्ञशाला में पुजारी राजू दास के नेतृत्व में हनुमान चालीसा पाठ हुआ। हनुमान बाहुक मित्रों ने आहुति देकर प्रधानमंत्री के लंबी आयु की कामना की। नया घाट क्षेत्र स्थित साकेत भवन मंदिर में महंत सीताराम दास और अन्य संतों ने भी हवन किया।

केएनआई सुल्तानपुर का मामला | **कृषि संकाय में अब तक संविदा पर कर रहे थे नौकरी**

नोटिस दी न बताया कारण, हटा दिए सात शिक्षक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध केएनआई सुल्तानपुर के कृषि संकाय में कार्यरत सात संविदा सहायक प्रधानाध्यापकों को नौकरी से बिना नोटिस और कारण के हटा दिया गया है। पीड़ित शिक्षकों ने इसे लेकर कुलसचिव विनय कुमार सिंह को पत्र भेज जांच की मांग करते हुए बहाली के लिए अनुरोध किया है। इस मामले में अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा मनमानी नियुक्तियों का मामला भी उजागर हुआ है।

पीड़ित शिक्षकों डॉ. आरपी सिंह, डॉ. बाल मुकुंद पांडेय, डॉ. एसए खान, डॉ. एके वर्मा, डॉ. प्रेम चंद यादव, डॉ. अभिषेक कुमार व डॉ. एनके गुप्ता ने कुलसचिव को भेजे पत्र में कहा है कि कई वर्षों से केएनआई सुल्तानपुर के कृषि संकाय में सहायक प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत थे। एक सितम्बर से बायोमैट्रिक थंब लगाने से रोक दिया गया और मौखिक रूप से कहा गया कि संस्थान को आपकी सेवाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। पीड़ित शिक्षकों का आरोप है कि प्राचार्य द्वारा कोई पूर्व नोटिस और कोई लिखित कारण नहीं बताया गया, जबकि संविदा की सभी शर्तों का पालन किया गया। इससे पहले विश्वविद्यालय से संबद्ध आठ कॉलेजों द्वारा अनियमित नियुक्ति और बिना कारण के 22 कर्मियों को हटाए जाने का मामला सामने आया है। जिस पर अवध विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को नोटिस भी जारी की है।

- पीड़ित शिक्षकों ने कुलसचिव को भेजा पत्र

> मामला संज्ञान में आया है। शिक्षकों की शिकायत और आरोप भी मिलें हैं। इस मामले में प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच के लिए समिति का गठन भी प्रस्तावित है। -विनय कुमार सिंह, कुलसचिव, अवध विश्वविद्यालय।

संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

केएनआई सुल्तानपुर द्वारा सात शिक्षकों को हटाए जाने के मामले को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक डॉ. जन्मेजय तिवारी और संयोजक डॉ. अमूल्य कुमार सिंह ने कुलसचिव को पत्र भेज विरोध जताया है। आरोप लगाया है कि केएनआई सुल्तानपुर ने बिना कारण के सात शिक्षकों को हटा दिया। विश्वविद्यालय को गुमराह कर नए शिक्षकों का अनुमोदन भी करा लिया गया। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि अविलंब दोषी प्राचार्य पर कार्रवाई और हटाए गए शिक्षकों की बहाली नहीं हुई तो आंदोलन होगा।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवारा की हुई शुरुआत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा सप्ताह की शुरुआत की। पहले दिन बुधवार को स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सरदार भगत सिंह वार्ड में स्थित बिजली पासी की मूर्ति परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस सेवा कार्यों के रूप में मनाना ही भाजपा की पहचान है। कहा कि देश की जनता की सेवा ही सच्ची राजनीति है। स्वच्छता, स्वास्थ्य व रक्तदान जैसे कार्य समाज को नई दिशा देने का काम करेंगे।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गांधी पार्क में महात्मा गांधी व बस स्टेशन पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और परिसर की सफाई की। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सूर्यकुंड में, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने राजद्वार के सामने, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी ने कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने उद्यान विभाग स्थित शहीदों की प्रतिमाओं, दशरथ समाधि सहित कई स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रवि शर्मा व जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र के संयोजन में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 76 लोगों ने रक्तदान किया और लगभग 250 लोगों ने पंजीकरण कराया।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

प्रसव पीड़िता को नहीं मिला बेड, जमीन पर जना शिशु

मामला सीएचसी रुदौली का, सीएमओ ने कहा मामले की जांच करा होगी कार्रवाई

रुदौली, अयोध्या

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही सामने आई। प्रसव पीड़िता को बेड नहीं मिला। उसने जमीन पर ही शिशु को जन्म दिया।

तहसील क्षेत्र के लखीमपुर भेलसर के अमरीश यादव मामला सीएचसी रुदौली का, सीएमओ ने मामले की जांच करा होगी कार्रवाई अपनी प्रसव पीड़ित पत्नी राधा को लेकर मंगलवार रात करीब 10 बजे सीएचसी पहुंचे। आरोप है कि सीएचसी पर बेड न मिलने से महिला को गैलरी में चटाई पर लेटना पड़ा। परिजनों का कहना है कि प्रसव पीड़ा के दौरान उन्होंने कई बार ड्यूटी पर मौजूद नर्स को बुलाया, लेकिन कोई देखने नहीं आया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि बुधवार भोर करीब तीन बजे महिला ने फर्श पर ही बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल स्टाफ की लापरवाही पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. फातिमा हसन ने कहा कि सीएचसी में कुल 25 बेड हैं। सभी पर मरीज भर्ती थे। बेड न मिलने पर मरीज को फर्श पर लिटाया गया। अस्पताल में फर्श पर प्रसव पर टाल -मटोल करते हुए कहा कि स्टाफ नर्स के बर्ताव की शिकायत की जांच कराई जाएगी। स्वीकार किया कि संसाधनों की कमी के कारण सिजेरियन मरीजों को अक्सर लौटाना पड़ता है। एक मरीज लगभग एक सप्ताह तक बेड आक्युपाइड रखता है, जिससे नए मरीजों को भर्ती करने में दिक्कत होती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील बनियान ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी मरीज के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मरीज को लिख दी 850 रुपये की बाहरी दवा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज पहुंचे सर्जन डॉ. ए अहमद खान के द्वारा मरीज को बाहर से महंगी दवाएं लिखे जाने का मामला सामने आया है। मंगल नाम के मरीज को लिखा गया पर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पर्चे पर डॉ. ए अहमद खान की मुहर भी लगी हुई है। अमृत विचार वायरल पत्र की पुष्टि नहीं करता है। डॉ. ए अहमद खान की गत वर्ष जिला अस्पताल से इसलिए सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं।वहां भी उनके खिलाफ ऐसी ही कई शिकायतें सामने आ रही थीं। जांच के दौरान तत्कालीन सीएमएस ने उन्हें जिला अस्पताल से हटा दिया था। इसके बाद उन्होंने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बतौर संविदा चिकित्सक के रूप में ज्वॉइन किया है, बुधवार को वायरल पर्चे में उन्होंने करीब 850 रुपये की दवा लिखी थी, जो जेनेरिक विकल्पों से कई गुना महंगी हैं। मंगल एक दिहाड़ी मजदूर है। उसने बताया कि वह परेशान था। डॉक्टर साहब ने बस पर्चा लिखा और बोले बाहर से दवा ले लेना। घर में पैसे नहीं थे, लेकिन मजबूरी में उधार लेकर खरीदी।

वायरल पर्चा व साथ में रखी बाहर की दवा।

> मैंने वायरल पत्र का संज्ञान लेते हुए डॉ. ए अहमद खान से जवाब-तलब किया है। इसके साथ ही सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ.एमसी पांडेय से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न होने का निर्देश दिया है। -डॉ.सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य

नैनो उर्वरकों के प्रयोग की दी जानकारी

अयोध्या। कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा सभागार में नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी तरल पर आधारित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र प्रबंधक इफको विवेक त्रिवेदी ने केंद्र प्रभारियों को नैनो उर्वरकों के प्रयोगविधि एवं लाभ के बारे में जानकारी दी। नैनो यूरिया प्लस के प्रयोग और विशेषताओं के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष केवीके डॉ. वीपी शाही रहे। अध्यक्षता प्रभारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जय शंकर सिंह ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विद्या सागर, कृषि वैज्ञानिक नील कमल पांडे, अपर जिला सहकारी अधिकारी, ब्लॉक के सभी सचिव व किसान मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ

पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव शुरू

पूराबाजार, अमृत विचार : रामलीला मैदान में पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक प्रशान्त जी महाराज के मुखारविंद से कथा शुरू हुई। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य अजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभूनाथ सिंह दीपू रहे। उन्होंने कथा स्थल पर पधारे सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पुनर्विचार याचिका के निर्णय का स्वागत

अयोध्या , अमृत विचार : टेट अनिवार्यता प्रकरण पर आए फैसले पर मुख्यमंत्री द्वारा पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने के सरकार के निर्णय का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षक सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बहुत हतप्रभ थे जिस पर मुख्यमंत्री के पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश ने शिक्षकों को बड़ी राहत प्रदान की है।

शेष पौधरोपण का काम सप्ताह भर में पूरा करें

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बुधवार को सीएम-आईएस के फ्लैगशिप प्रोजेक्टों की माह अगस्त की रैंकिंग के आधार पर निर्माण कार्य सम्बंधी योजनाओं के प्रगति की कलेक्ट्रेट में समीक्षा की। कहा कि जिन-जिन संस्थाओं से पोधरोपण कार्य शेष है उसे एक सप्ताह में पूर्ण करें। कहा कि घाटों व दीपोत्सव कार्यक्रम स्थलों पर कार्यदाई संस्थाओं से 30 सितंबर तक सभी कार्य पूर्ण किए जाएं। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने बिंदुवार विवरण रखा। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बीएसए सहित अन्य मौजूद थे।

3145 का लक्ष्य, पहले दिन बने 1234 सदस्य

अयोध्या, अमृत विचार : साकेत महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान का शुभारंभ हुआ। प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने सदस्यता कैम्प का उद्घाटन किया। महाविद्यालय में कुल 3145 विद्यार्थियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य है। पहले दिन 1234 सदस्य बनाए गए। इस मौके पर विभाग प्रमुख डॉ. नागेंद्र सिंह, विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी, सुमधुर शास्त्री, विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, प्रांत संयोजक शिवम मिश्र, यश पाठक आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान चला मनाया पीएम का जन्मदिन

अयोध्या। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बुधवार को सूर्यकुंड पर स्वच्छता अभियान चलाया और सरयू तट के निकट स्थित पुष्प वाटिका में पौधरोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सपनों के अनुरूप नगर को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। उन्होंने आम जनता से स्वच्छता और पौधों के संरक्षण को अपने जीवन का ध्येय बनाने का आह्वान किया। पुष्प वाटिका में 75 पौधे लगाए गए। पार्षद मनीष चौधरी, अरविंद पांडे, दिव्य प्रकाश तिवारी, अपर नगर आयुक्त भारत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा आदि मौजूद थे।

छात्र संघ बहाली के लिए निकाला जुलूस

अयोध्या, अमृत विचार : सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में बुधवार को छात्रसंघ बहाली के लिए जुलूस निकाला। कचहरी गेट पर सिटी मजिस्ट्रेट राकेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता/सांसद प्रतिनिधि विधिक शावेज़ जाफ़री, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, मो. सुहैल आदि मौजूद रहे।

पूर्व पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष का स्वागत

बीकापुर, अमृत विचार : गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाए जाने के बाद पूर्व पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लौटन राम निषाद का मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष सूरज निषाद अपने क्षेत्र की सीमा पर समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर भदरसा पिछड़ा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष तेज बहादुर यादव, कृष्ण कुमार निषाद, मायाराम यादव, जेपी यादव, संजय यादव, राजकुमार निषाद आदि थे।

सर ! हम क्या करें लोग मारने के लिए दौड़ते हैं

अयोध्या कार्यालय

- जिला आपूर्ति कार्यालय में पंप एसो. के पदाधिकारियों ने सुनाया दुखड़ा

अमृत विचार : नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान को सफल बनाने के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय पर बुलाई गई बैठक में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना दुखड़ा सुनाया। उनका कहना था कि साहब हम लोगों ने अभियान के तहत बैनर तक लगा रखे हैं। इसके बावजूद कई ऐसे लोग आते हैं, जो पेट्रोल न मिलने पर कर्मचारियों को मारने के लिए दौड़ते हैं। कई कर्मचारी ऐसी सूरत में काम करने से मना चुके हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने समस्त डीजल, पेट्रोल पम्प के प्रोपराइटर को अभियान का शत प्रतिशत प्रतिशत अनुपालन कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभियान को हर हाल में सफल बनाना है। सभी पंपों पर सीसी कैमरे सक्रिय रखें। साथ ही होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाए, जिसने हेलमेट न पहना हो। अगर ऐसे मामले आते हैं तो तत्काल सूचित करे, ताकि विधिक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उ.प्र. पेट्रोलियम डीलर एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष/ अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह समेत पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

मंदिर निर्माण के बाद दुर्गापूजा व रामलीला की विशेष पहचान

अयोध्या कार्यालय।

- पदाधिकारियों ने रखी शराब, मीट की दुकान बंदी, बिजली सहित कई अन्य मांगे

अमृत विचार: दुर्गापूजा एवं रामलीला महोत्सव को लेकर डीएम निखिल टीकाराम फुण्डे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा में रामलीला समन्वय समिति के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

संरक्षक और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या की दुर्गापूजा और रामलीला के पर्व की विशेष पहचान हो गई है। इस बार अब तक की सबसे भव्य तरीके से पर्व मनाया जाएगा। प्रशासन सभी समस्याओं को समय से निस्तारित कर दे। संरक्षक और

कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के साथ बैठक करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी गौरव ग्रोवर।

रुदौली विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर स्थापित हैं, इसलिए यहां के धार्मिक कार्यक्रम भी इसी गरिमा के अनुरूप संपन्न कराएं। पूजा के संबंध जो भी समस्याएं है उन सभी का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित कराए। समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा है कि जिले की सभी क्षतिग्रस्त मार्गों को सही कर दिया जाए। जल भराव की समस्या का निदान समय से करा दिया जाए। मेला क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरे से कराए जाने व पर्व के दौरान शराब पीने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने की मांग की। प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ता ने कहा कि त्योहार के दौरान जिले में स्लॉटर हाउस और मीट की दुकानों को बंद रखा जाए। 24 घंटे पानी की सप्लाई बेहतर साफ सफाई, चूना छिड़काव की व्यवस्था की जाए। मेडिकल कैंप अवश्य लगाया जाए। ग्रामीण क्षेत्र से आए प्रभारी ध्रुव गुप्ता, रुदौली से अनिल मिश्रा, बीकापुर से अशोक गुप्ता, मिल्कीपुर से कृष्ण कुमार गुप्ता, गोसाईगंज से हेमंत गुप्ता, पूराबाजार से प्रमोद सोनी, भदरसा से प्रेम मौर्य, तारुन से प्रिंस कसौधन, कुचेरा से महेश कौशल ने अपने क्षेत्र की समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रखी। एडीएम सिटी योगानंद पांडे, एडीएम प्रशासन, पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत ने संबोधित किया। बैठक में सभी एसडीएम, सभी क्षेत्राधिकारी, संरक्षक अमल गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, गगन जायसवाल, प्रेमनाथ राय, जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर, पवन निषाद, रोहिताश्व चंद्र आदि थे।

अभिनंदन से यात्री गदगद, रामधुन पर झूम उठे

अयोध्या कार्यालय

एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत सत्कार के बाद खुशी में थिरकते यात्री।

अमृत विचार : महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को तिलक लगा-पुष्प वर्षा कर यात्रियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। स्वागत सत्कार से यात्री गदगद दिखे। इस दौरान राम धुन बजी और सब झूम उठे। स्थानीय विद्यालयों के कक्षा 10 से 12 तक के बच्चों को एयरपोर्ट का भ्रमण कराया गया। जिससे उन्हें नागरिक उड्डयन क्षेत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला।

भविष्य की दिशा तय करने के लिए कॅरिअर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। यात्रियों की सुविधा व सेवा को समर्पित यात्री सेवा दिवस का आयोजन पहली फ्लाइट के आने पर हुआ। यात्रियों व स्थानीय जनमानस के लिए आकर्षक और जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ।

हवाई अड्डा परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान चलाया गया। कर्मचारी, छात्रों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सांस्कृतिक माहौल बनाने के लिए आकर्षक नृत्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से यात्री सेवा, पर्यावरण और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अभिव्यक्ति दी। परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद कुमार ने कहा कि यात्री सेवा दिवस का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करना, सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना और स्थानीय समुदाय को हवाई अड्डे से जोड़ना है।

- अयोध्या एयरपोर्ट पर यात्री सेवा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लगी झड़ी

रुदौली की राम लीला में होगा हाईटेक तकनीक का प्रयोग

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : नगर की प्रसिद्ध श्री रामलीला समिति का 136 वां मंचन नगर के रामलीला मैदान पर 22 सितंबर से शुरू होगा। इस रामलीला में आठ साल के छोटे बच्चों से लेकर 70 साल तक के वरिष्ठ कलाकार मंचन करते हैं। निर्देशक कमलेश मिश्रा व सह निर्देशक मृदुल अग्रवाल की देखरेख में श्री रामलीला का मंचन होता है। अध्यक्ष लक्ष्मीपति अग्रवाल ने बताया कि इस साल रामलीला मंचन को और भी भव्य बनाने के लिए हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। रामलीला धार्मिक मंचन के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का बेहतरीन मेल साबित होगी। तैयारी अब अंतिम चरण में है।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करतीं कार्यकर्ता। अमृत विचार

शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

अयोध्या, अमृत विचार : सेवार्थ विद्यार्थी महानगर द्वारा जिला अस्पताल अयोध्या में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी एवं सेवार्थ विद्यार्थी के प्रांत संयोजक ऋषभ गुप्ता ने किया। कैंप में 50 लोगों ने रक्तदान किया। विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, छात्र संघ उपाध्यक्ष विशाल वैश्य, संयोजक शिवम मिश्र, शशांक विद्यार्थी, महानगर मंत्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

रंजिश में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

सोहावल, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के चिर्रा मोहम्मदपुर गांव में रंजिश में मोहम्मद मुस्लहीन की पिटाई कर दी गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल रहमान ने बताया कि पीड़िता शबाना बानो पत्नी मूरसमीन की तहरीर पर पुलिस वसीम खान समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

खुलासों के बावजूद बीकापुर में अपराधियों का मनोबल बढ़ा

बीकापुर, अयोध्या

अमृत विचार: खुलासों के बावजूद बीकापुर में अपराधियों का मनोबल बढ़ा महसूस किया जा रहा है। शाम होते की घर जाने की जल्दी आम लोगों में महसूस की जाती है। लग्जरी गाड़ी सवार बदमाशों ने 15 सितंबर देर शाम बिलारीमाफी के मुकेश विश्वकर्मा पर बिलारी मोड़ के पास फायरिंग की। वह बाल-बाल बच गए। पुलिस को तहरीर मिली। तीसरी आंख की सक्रियता से पुलिस के हाथ आरोपी तक पहुंच गए। पिछले दिनों परोमा के बाइक सवार संदीप तिवारी से खजुरहट बाजार के पास मोटर साइकिल सवार तीन लुटेरों ने मोबाइल, बाइक और नकदी छीन ली। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक लुटेरे को पकड़ लिया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने इसकी पुष्टि की। ऐसे कई मामले हो चुके हैं। कई ऐसे में भी हैं जो आम लोगों की जानकारी तक नहीं पहुंच पाते। लोग चर्चा करते हैं, अपराधी सक्रिय हैं। राजस्व मामले भी पुलिस को परेशान कर रहे हैं। कई बात तो बिना राजस्व कर्मियों के पुलिस सीधे पहुंच जाती है। अपराधी इन दिनों पुलिस के लिए सिर दर्द बन गए हैं। इन दिनों अपराध के साथ ड्रोन और चोरी की घटनाओं के अफवाह को लेकर आम आदमी परेशान है।

कमिश्नर और डीएम ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार: कमिश्नर राजेश कुमार व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पर्यटन विकास योजना के तहत कई परियोजनाओं व विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। राम की पैड़ी पर विजिटर गैलरी/सेल्फी प्वॉइंट और पर्यटन सुविधाओं के कार्यो की जानकारी ली। दीपोत्सव से पहले परियोजना के तहत चल रहे काम पूर्ण करने के साथ-साथ एकत्रित मलबे को हटाने का सख्त निर्देश दिया। नयाघाट से लक्ष्मणघाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यो का निरीक्षण किया। सरयू रिवरफ्रंट के निर्माण और श्रीराम मंदिर से जोड़ने के कार्यों का निरीक्षण किया। आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी सदर, यूपीपीसीएल के अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता व स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान शुरू

अयोध्या कार्यालय

- ग्रामीण क्षेत्रों में भी पीएम मोदी के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम

अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को पीएम मोदी के जन्म दिन पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेवा पखवारे की शुरूआत की गई।

बीकापुर प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील परिसर में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने स्वच्छता अभियान के संयोजक राजकुमार रज्जू वर्मा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। प्रधानमंत्री दीर्घायु की कामना की। मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, अनिल उपाध्याय शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व धार्मिक स्थल परीमाता मंदिर भूलामऊ, उमापुर, खैरनपुर व हरिचनपुर में सफाई अभियान चलाया गया। विधायक ने झाड़ू लगा स्वच्छता का संदेश दिया। सीएचसी बीकापुर में भी पोषण माह के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ हुआ। मसौधा प्रतिनिधि के मुताबिक नगर पंचायत भरत कुंड भदरसा के भरत हनुमान मिलन मंदिर, दक्षिण मुखी भरत गुफा परिसर सहित भदरसा स्थित काली मंदिर पर भाजपाईयों ने सफाई अभियान चलाया। पूरा बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक दशरथ समाधि स्थल बिल्हर घाट स्थित राजा दशरथ समाधि पर विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता ने स्व. कामता सिंह प्रतिमा की सफाई का अभियान चलाया। हनुमान मंदिर बिल्हर घाट पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह के नेतृत्व में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। सीएचसी पूरा बाजार पर प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को सुना गया। शुजागंज प्रतिनिधि के मुताबिक पीएम मोदी के जन्म दिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिव गोविंद पांडे व मंडल अध्यक्ष रामदीन वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुजागंज में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। मवई प्रतिनिधि के मुताबिक सीएचसी मवई में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति और सीएचसी मवई के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मवई सीएचसी के अंतर्गत आने वाले सभी चारों पीएचसी पटरंगा, पूरेकामगार, उमापुर और सैदपुर तथा सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी इस अभियान की शुरुआत की गई।

गोसाईगंज प्रतिनिधि के मुताबिक सीएचसी पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राना रवि प्रकाश ने बताया कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सरल रूप से मिलेंगी।

आयोजन मंदिर निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों को दी छुट्टी, टॉवर क्रेन, वाहन वअन्य मशीनों का किया पूजन

राम मंदिर में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, हुआ अनुष्ठान

अयोध्या कार्यालय

राम मंदिर की यज्ञशाला में किया गया अनुष्ठान।

अमृत विचार : रामनगरी में देव शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रामजन्मभूमि परिसर में भी वृहद अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें मंदिर निर्माण कार्य में लगे सभी कारीगर, मजदूर, इंजीनियर, ट्रस्टी, सुरक्षाकर्मी व अधिकारी शामिल रहे। करीब दो घंटे तक पूजन-अर्चन चला। मंदिर निर्माण में लगी टॉवर क्रेन, वाहन और अन्य मशीनों का भी पूजन हुआ। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं अन्य मठ-मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर में भव्य पंडाल सजाकर वृहद स्तर पर

- श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में किया दर्शन-पूजन

अनुष्ठान किया गया। कारीगरों व श्रमिकों ने अपने-अपने यंत्रों व मशीनों की पूजा की। करीब दो घंटे तक पूजन-अनुष्ठान के बाद सभी मजदूरों को छुट्टी दे दी गई। पूजन में मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे सहित कार्यदाई संस्था के इंजीनियर मौजूद रहे।

वहीं सुबह से सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। बरसात के बीच कतार लगा कर दर्शन-पूजन सम्पन्न किया। अयोध्या पहुंचे एक प्राइवेट संस्था के इंजीनियर राहुल शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर आज ऑफिस बंद है। इसलिये मैं परिवार के साथ राममंदिर में दर्शन पूजन के लिए आया हूं। अयोध्या धाम के जलकल विभाग में स्थापित देव शिल्पी विश्वकर्मा मंदिर में भी पूजन-अर्चन के बाद अनुष्ठान संपन्न किया गया। वहीं इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने विभिन्न मंदिरों में पूजा-पाठ किया। जिसमें अधिकतर अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने वाले वर्कर से लेकर इंजीनियर व कर्मचारी शामिल रहे।

मेडिकल कॉलेज के नवनिर्माणाधीन ट्रामा सेंटर में हवन करते चिकित्सक व अन्य कर्मी।

नवनिर्माणाधीन ट्रामा सेंटर में हुआ विश्वकर्मा पूजन

अयोध्या, अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के नवनिर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। हवन-पूजन के दौरान हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ.विनोद आर्या, मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा, दिलीप सिंह, शैलैंद्र सिंह, रिंकज सिंह व अन्य मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

अयोध्या, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में पूजन तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छोटे लाल यादव, बाबूराम गौड, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव शावेज़ जाफरी, गोविंद विश्वकर्मा, प्रीतम विश्वकर्माआदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

दिव्यांग बच्चों के लिए मापन शिविर 22 व 23 को

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि समेकित शिक्षा के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 में एलिम्को कानपुर के सहयोग से परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही को-लोकेटेड ऑगनवाडी केंद्र, बाल वाटिका व बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के दिव्यांग विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण यन्त्र उपलब्ध कराने के लिए जनपद में मापन शिविप का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में शारीरिक, बौद्धिक, दृष्टि एवं वाकश्रवण दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण, यन्त्र उपलब्ध कराने के लिए मापन शिविर 22 सितंबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र कटेहरी और 23 सितंबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र भियांव पर एलिम्को कानपुर के सहयोग से मेजरमेंट शिविर का आयोजन किया जाना है। परीक्षण एवं पंजीकरण तिथि को दिव्यांगता का परीक्षण कर उपकरणों का निर्धारण किया जाएगा।

अधिकारी शिकायतों की मॉनिटरिंग करें : डीएम

आजमगढ़, अमृत विचार : जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जिस ग्रामों से सबसे अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, वहां अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता करें एवं उनको संतुष्ट करते हुए शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें। जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों के अधिकारी एवं सबसे कम शिकायकर्ताओं से वार्ता करने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियो को चेतावनी देने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि चेतावनी के बाद भी यदि कार्य में सुधार नहीं होता है तो उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा। उन्होने कहा कि किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नही जाना चाहिए। उन्होने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें।

जनपद में धमूधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर फायर स्टेशन परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा, सभी महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित लोगों ने प्रसाद और भंडारे का आनंद लिया।

ड्रोन कैमरे की अफवाह फैलाने पर केस दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर क्षेत्र में ड्रोन कैमरे की अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भाऊ कुआं गांव निवासी कपिल देव पुत्र श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा ड्रोन कैमरे को लेकर भ्रामक सूचना प्रसारित की गई थी। इस मामले में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध है, जिससे समाज में भ्रम और अनावश्यक भय फैलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

चोरी के सामान के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जलालपुर पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मुकदमों से सम्बंधित वांछित बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान और चार हजार से अधिक नगद रुपए बमराद किया है। बता दें कि बीते सोमवार को जैनापुर थाना जलालपुर निवासी पद्माकर उपाध्याय ने गुवा पाकड़ गांव में स्थित अपनी किराना व कपड़े की दुकान में घुसकर किराने की दुकान के गल्ले में रखे आठ से दस हजार रुपए गायब होने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वहीं जैनापुर गांव के ही प्रदीप कुमार मौर्य ने दुकान के सामने रखे गैस सिलेंडर व जनरेटर का सामान चोरी हो जाने की शिकायत की थी। पुलिस ने चोरी के दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके क्रम में पुलिस ने उक्त मुकदमें से सम्बंधित एक 16 वर्षीय बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को शिव मंदिर मसूदपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बाल अपचारी को न्यायायल में भेज दिया गया है।

अवध विवि की टीम ने जीते पांच मेडल

जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज बाराबंकी में हुई अंतर महाविद्यालय जूडो महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज बाराबंकी में आयोजित अंतर महाविद्यालय जूडो महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला जूडो टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीते।

57 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अमृता सिंह ने गोल्ड, 48 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अनुष्का विश्वकर्मा ने सिल्वर, 70 किलोग्राम वेट कैटेगरी में दीपांजलि साहू ने सिल्वर, 80 किलोग्राम वेट कैटेगरी में स्वीटी चौबे ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं दूसरी तरफ पुरुष जूडो टीम के अभिमन्यु कुमार यादव ने 66 किलोग्राम वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। जूडो टीम के साथ कोच के रूप में डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे। खिलाड़ियों की सफलता पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, मुख्य कुलानुशासक प्रो.एसएस मिश्र, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो.सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ.अनिल मिश्रा, डॉ.कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव एवं खेल-प्रेमियों ने बधाई दी है।

अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाली अवध विश्वविद्यालय की टीम। अमृत विचार

वॉलीबॉल व बैडमिन्टन छात्रावास की खिलाड़ियों का हुआ मूल्यांकन

अयोध्या, अमृत विचार : दो दिवसीय वॉलीबॉल व बैडमिन्टन खेल छात्रावास का तिमाही मूल्यांकन डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बुधवार को हुआ। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि वॉलीबॉल छात्रावास में 15 बालिका खिलाड़ी हैं। बैडमिन्टन छात्रावास में 14 बालिका खिलाड़ी हैं। मूल्यांकन में दोनों छात्रावासों की सभी 29 खिलाड़ी उपस्थित रहीं। खिलाड़ियों के सभी टेस्ट के अंकों के आधार पर ही उनका छात्रावास में मूल्यांकन किया जाता है। वॉलीबॉल मूल्यांकन समिति में अमरोहा के संदीप गुप्ता, मैनपुरी की साधना सिंह, बागपत के अखिल चौधरी और बैडमिन्टन में उरई के शैलेन्द्र कुशवाहा, मेओ छत्रावास प्रयागाज के मनीष गुप्ता शामिल रहे।

अयोध्या प्रीमियर लीग के ट्रायल में उमड़े खिलाड़ी

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अक्टूबर माह में होने वाली अयोध्या प्रीमियर लीग के ट्रायल में डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बुधवार को किस्मत आजमाई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उमेर अहमद ने बताया कि 26 अक्टूबर से प्रस्तावित प्रतियोगिता में आठ टीमों का चयन किया जाएगा। दो दिवसीय ट्रायल के पहले दिन बहराइच, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सुल्तानपुर, गोण्डा व बाराबंकी जिले के 700 खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। यूपीसीए के चयनकर्ता की देखरेख में डीसीए के जिलाध्यक्ष विनय मनूचा, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, उत्तम कुमार, बालकिशन निषाद ने खिलाड़ियों का ट्रायल लिया।

डीएनपीएस, आरएलवी, एसआरडी टीमों ने जीता कबड्डी लीग मैच

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आनंद कबड्डी एकेडमी व बाल कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दो दिवसीय मंडलीय महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का डाभासेमर स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह व अयोध्या विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

- **प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर शुरू हुई मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता**

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कबड्डी भारतीय संस्कृति से जुड़ा खेल है। जो आज अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है। आयोजन समिति के संरक्षक आलोक तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 24 व महिला वर्ग की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग का पहला मुकाबला डीएन पब्लिक स्कूल पूरा बाजार व निर्भय सिंह इंटर कॉलेज अयोध्या के बीच हुआ। जिसमें डीएन पब्लिक स्कूल ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा को आरएल विद्या इंटर कॉलेज ने पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीराम डिफेंडर हरंटीनगंज पर कर्मडंडा ने जीत हासिल की। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुराग त्रिपाठी, लाल शुक्ला, राकेश मौर्या, जिला मंत्री किसान मोर्चा दीपक पांडेय, रोहित शुक्ला, दीपांशु शुक्ला, प्रतीक सिंह सहित खेल प्रेमी व गणमान्य मौजूद रहे।

सीता की खोज और लंका दहन का हुआ मंचन

बीकापुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में मंगलवार रात सीता की खोज में निकले हनुमानजी का लंका में प्रवेश, हनुमान का विभीषण और सीताजी का मिलन, लंका दहन, श्री राम की सेना का लंका के लिए प्रस्थान, विभीषण शरणागति आदि लीलाओं का जीवंत मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ भाकियू के जिलाध्यक्ष रमेशचन्द्र पांडेय एडवोकेट ने श्रीराम के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। कहा कि भगवान राम और रामायण के आदर्श पात्रों के जीवन से सीख लेकर उन्हें सामाजिक जीवन में आत्मसात किए जाने की जरूरत है। जिससे रामलीला मंचल की सार्थकता पूरी हो सके। सुनील गुप्ता, संजय गौड़, अंश प्रताप सिंह, सोनू सोनी, आनन्द तिवारी, संचालक धनपाल पटेल आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया-2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों को भव्य चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिला अधिकारी सूचना विनय कुमार वर्मा व अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के जीवनवृत्त और सरकार की उपलब्धियों को दर्शाते चित्रों का अवलोकन कर गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की उपलब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए इसे सराहनीय पहल बताया।

सामाजिक उत्थान का कार्य करने वाले शिक्षकों का किया सम्मान

अयोध्या कार्यालय

- **स्वामी पेरियार के बताए रास्ते से ही देश के आधुनिकीकरण की संभावना : प्रो. मंसाराम**

अमृत विचार: स्वामी पेरियार ईवी रामास्वामी नायककर के जन्म दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शंकरगढ़ स्थित एक मैरिज लान में किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. मंसाराम वर्मा ने कहा कि पेरियार एक महान समाज सुधारक, तर्कवादी, द्रविड़ आंदोलन के प्रणेता और समानता के अग्रदूत थे। उन्होंने आत्मसम्मान आंदोलन की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक शैक्षिक एवं राजनीतिक समानता दिलाना था। सभी मनुष्यों के लिए समान शिक्षा की वकालत की। उनका मानना था कि शिक्षा को मानव कल्याण और मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

कार्यक्रम में समाज के उत्थान के लिए कार्य करने वाले शिक्षकों डॉ. उदल कुमार, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. विजय कुमार वर्मा, डॉ. अवधेश कुमार वर्मा, डॉ. अजय मौर्या, डॉ. सत्येंद्र यादव, रामदास पाल, एडवोकेट संदीप पाल, रामधारी दिनकर, प्रो. शिवराम यादव, डॉ. अमरनाथ आदि को सम्मानित किया गया। आयोजक डॉ. प्रशांत कुमार प्रजापति आरएल गौतम, प्रो. अनिल यादव, प्रो. सोमनाथ यादवव प्रो. बैजनाथ पाल ने कहा कि स्वामी पेरियार के बताए रास्ते पर चलकर ही देश का आधुनिकीकरण हो सकता है। अध्यक्षता प्रो. सीताराम सिंह और संचालन प्रो. एसएल पाल ने किया। तमाम शिक्षक मौजूद थे।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का मंत्री ने किया शुभारंभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार काफी संवेदनशील है। इसी कड़ी में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की अवधारणा पर जनपद में महिलाओं के स्वास्थ्य से सम्बन्धित चिकित्सा शिविर में स्क्रीनिंग और जागरूकता पखवाड़ा समस्त चिकित्सा इकाई, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संचालित किया जा रहा है।

बुधवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज के प्रेक्षागृह में प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द यादव की उपस्थिति में अभियान का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, भारत को आत्मनिर्भर देश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी का स्वस्थ रहना जरूरी है। इस अवसर पर मंत्री के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित की गई। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज में ही ब्लड डोनेशन कैंप का भी फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जनपद के समस्त सामुदायिक, प्रा. स्वास्थ्य केंद्रों, 267 आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों, उपकेन्द्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां पर मरीजों को एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी गयी है। मौके पर श्याम सुन्दर वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत, त्रयंबक तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष, धर्मराज निषाद विधायक कटेहरी, आनन्द कुमार शुक्ला सीडीओ, डॉ. मुकेश कुमार यादव प्रधानाचार्य महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, डॉ. संजय कुमार शैवाल सीएमओ समेत कई लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द यादव व मौजूद अन्य।

- **महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष पखवाड़ा शुरू**
- **स्वास्थ्य इकाइयों पर नि:शुल्क जांच और परामर्श उपलब्ध**

मातृ-शिशु पोषण ही स्वस्थ समाज की है नींव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जनपद स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर में आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने गर्भवती महिलाओं का गोद भराई संस्कार तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराते हुए पोषण माह के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु पोषण ही स्वस्थ समाज की नींव है। सरकार द्वारा संचालित पोषण अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे और महिला को संतुलित आहार तथा पोषण संबंधी जागरूकता उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर विधायक कटेहरी, सीडीओ, जिला अध्यक्ष भाजपा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराते जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव।

रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक।

आजमगढ़, अमृत विचार: पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर 17 सितंबर को जिला अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद अस्पताल परिसर में लगाए गए स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। 300 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 300 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक के कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान कर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु होने की कामना की गई।

स्वास्थ्य मेला व रक्तदान शिविर का आयोजन

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सहचर सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को एक निशुल्क स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जनपद के विभिन्न अस्पतालों के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. केपीएन सिंह, डॉ. निधि सिंह, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. व्युत्पन्न मिश्र, डॉ. विनय सोनी और डॉ. राजीव कुमार वर्मा ने लगभग 260 मरीजों की निशुल्क परामर्श और स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाएं वितरित किया। संस्थान के संरक्षक डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि यूनियन बैंक के सहयोग से लगभग तीस लोगों का 2 लाख रुपए तक के नि:शुल्क दुर्घटना बीमा का पंजीकरण भी कराया गया। वहीं साईं पैथोलॉजी द्वारा 110 लोगों का ब्लड जांच किया गया। कार्यक्रम के तहत रक्तदान के लिए 35 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें से 21 युवाओं ने रक्तदान किया। आयोजक पंकज वर्मा, दिलीप यादव साधु, शाश्वत मिश्र, अनुज सोनकर, विनय पांडे, आशीष सोनी, आदर्श चतुर्वेदी और शुभम चतुर्वेदी सहित कई युवाओं ने रक्तदान करने का पुण्य कार्य किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डॉ अमित त्रिपाठी, शाश्वत मिश्रा, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरी, सुनील गुप्ता, संजीव मिश्रा, सुरेश गुप्ता, विनय मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय, प्रभात जायसवाल, संजीव सिंह, केशव श्रीवास्तव, शीतल सोनी, अनुज सोनकर, आशीष सोनी, आसाराम मौर्य, गोपाल कसौधन सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिविर में रक्तदान करते संस्थान के संरक्षक डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी। अमृत विचार

नि:शुल्क विकलांग पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ

आयोजन

- **पुनर्वास केंद्र की स्थापना विकलांग बच्चों के जीवन में नई रोशनी लाने का है प्रयास : डॉ. आलोक पांडेय**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद में मायरा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अकबरपुर मोहसिनपुर मंसूरपुर स्थित कनक मैटरनिटी होम एंड ट्रामा सेंटर परिसर में नि:शुल्क विकलांग पुनर्वास केंद्र का बुधवार को भव्य रूप से उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आलोक पाण्डेय और डॉ. नुपुर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों में सुनील देव सिंह, ब्रहाप्रकाश पाण्डेय, सत्यवीर सिंह, प्रभावती सिंह, सतीश चन्द्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक पांडेय ने बताया कि पुनर्वास केन्द्र की स्थापना विकलांग बच्चों के जीवन में नई रोशनी लाने का प्रयास है। यह केंद्र बच्चों को चलना, उठना-बैठना, बोलना, शिक्षा तथा सामाजिक उत्थान की दिशा में सहयोग प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक मयंक सिंह ने समाजसेवियों और गणमान्य लोगों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से फरम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र पाण्डेय, बरकत अली, अंशु बंगा, शशांक सिंह, आलोक वर्मा, मोहम्मद तालिब, रजनीश, रवि दूबे, दुर्गेश, धर्मवीर बग्गा, डॉ. जेवी सिंह, रामपलट सिंह, शशि प्रकाश सिंह, संजीव जायसवाल आदि शामिल रहे।

कनक मैटरनिटी होम एंड ट्रामा सेंटर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक पाण्डेय के साथ मौजूद मायरा फाउंडेशन के संचालक मयंक सिंह व अन्य। अमृत विचार

कार्रवाई | बीएसए की इस कार्रवाई से अवैध रूप से चला रहे स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाध्यापकों में हड़कंप

12 बिना मान्यता विद्यालयों पर एक लाख रुपये का जुर्माना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्यवाही लगातार जारी है। बीएसए की इस कार्यवाही से अवैध रूप से स्कूल चला रहे प्रबंधको और प्रधानाध्यापकों में हड़कंप मचा हुआ है।

बुधवार को प्रभारी बेसिक शिक्षा अशिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र के एक दर्जन विद्यालयों पर एक-एक लाख का जुर्माना लगाया है। यह सभी 12 विद्यालय बिना मान्यता के संचालित किए जा रहे थे। इन्हें पूर्व में नोटिस देकर स्कूल बंद करने को कहा गया था। लेकिन इन विद्यालयों द्वारा इस नोटिस को नजर अंदाज कर स्कूल चलाया जा रहा था। शासन ने 1 जुलाई 2025 को सभी जिलों में पत्र भेज कर बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों को बंद कराने को कहा था। जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा भी निर्देश दिया गया था कि इसकी गहनता से जांच कराकर कार्यवाही की जाए।

इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया कि वह अपने&-अपने क्षेत्रों में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनकी आख्या उपलब्ध कराएं। अकबपुर खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी जांच आख्या में 12 ऐसे विद्यालयों की रिपोर्ट दी जो बिना मान्यता के चल रहे है। इन सभी विद्यालयों को बंद कराते हुए 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं जुर्माने की राशि एक सप्ताह में जमा कराने का निर्देश प्रबंधक और प्रधानाध्यापकों को दिया गया है। ससमय जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर आरसी जारी कर वसूली की जाएगी।

प्रवीण कुमार तिवारी, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी।

इन विद्यालयों पर हुई कार्रवाई

बीएसए ने कन्या पाठशाला जमुनीपुर लालापुर अकबरपुर, वंसराज केश कुमारी स्मारक विद्यालय लालापुर सूबेदार का पूरा अकबरपुर, रामस्वरूप छवि राजी देवी इंटर कालेज शिवराजपुर तारा खुर्द अकबरपुर, बीकेएस स्कूल रगडग़ंज अकबरपुर, विवेकानंद पब्लिक स्कूल जेएसएच कसेरूआ अकबरपुर, रामानुज राजेंद्र प्रसाद हायर सेकेंडरी स्कूल कसेरूआ अकबरपुर, इंद्रावती मंसाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुड़ारी अफजलपुर अकवरपुर, आरएनआर पब्लिक स्कूल इंजीनियरिंग कालेज के सामने अकबरपुर, पीजी चिल्ड्रेन एकेडमी अलावलपुर अकबरपुर, विवेकानंद शिक्षण संस्थान तारा कला तारा खुर्द अकबरपुर, जनता शिक्षा समिति उस्मापुर तारा खुर्द अकबरपुर, जुपिटर चिल्ड्रन एकेडमी कजरी नंदापुर अकबरपुर के प्रबंधक और प्रधानाध्यापकों को पत्र भेजा कर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है।

सेवा पखवाड़ा के तहत रितेश पांडेय ने की साफ-सफाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर ,अमृत विचार: देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को अकबरपुर नगर स्थित शिवालय घाट मंदिर प्रांगण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय के साथ अशोक पांडेय, परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय, नगर उपाध्यक्ष सुनील दुबे, सप्पु तिवारी, रिंकू श्रीवास्तव, उत्तम जायसवाल, जितेंद्र, अभिषेक, प्रशांत, अमन, प्रियांशु, विक्रांत, अलिंद और गुलशन सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और साफ-सफाई अभियान में सक्रिय सहयोग किया।

शिवालय घाट पर साफ-सफाई करते पूर्व सांसद रितेश पांडेय व साथ में मौजूद अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

पूर्व विधायक के केस में बहस 30 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया अब 30 सितंबर को बहस होगी। मामला 24 फरवरी 2022 का है, जब विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभाएं करने पर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। कोर्ट में सभी आरोपियों के बंधपत्र पहले ही दाखिल हो चुके हैं।

दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द गांव में बुधवार सुबह छप्पर ठीक कर रहे एक बुजुर्ग की दीवार गिरने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मगरू (59) पुत्र देवकी पाल सुबह करीब आठ बजे कुछ लोगों के साथ छप्पर खिसकने पर उसे संभाल रहे थे। इस दौरान बारिश से भीगी मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी और उनकी दबकर मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रंजिशन घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के दमोदरपुर गांव में मंगलवार दोपहर रंजिश के चलते विपक्षियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसके बेटे को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता शिला देवी पत्नी रामू निषाद का आरोप है कि गांव के पिंटू व उसकी पत्नी शेषा ने लात-घूंसे, डंडे और लोहे की सरिया से हमला किया। बीच बचाव में आए बेटे को भी चोटें आईं, वहीं शिला देवी का ऊपर का दांत टूट गया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

कार्य से दीवानी गए टैक्स इंस्पेक्टर की बाइक चोरी

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला पंचायत में कार्यरत टैक्स इंस्पेक्टर वेद पांडेय किसी कार्य से बुधवार को दोपहर दीवानी न्यायालय गए थे। अपनी बाइक केशकुमारी बालिका इंटर कालेज के सामने खड़ी कर दी थी। कार्य निपटा जब वह दीवानी न्यायालय में बाहर आए तो देखा बाइक गायब थी। आस पास काफी खोजबीन के बाद भी उन्हें उनकी बाइक नहीं मिली तो स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज ने दोषी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: शौच के लिए घर से बाहर गई किशोरी को अग़वा कर लखनऊ ले जाने व कमरे में बन्द कर दुष्कर्म करने के मामले में बुधवार को पॉक्सो एक्ट के विशेष जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दोषी सद्दाम को 10 साल की कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर कुल 35 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश ही दिया है।

अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक रवीन्द्र सिंह के मुताबिक पीड़िता की माँ ने 3 अगस्त 2022 को करौंदीकला थाने में केस दर्ज कराया था । आरोप था कि उनकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को 30 जुलाई 2022 की शाम सात बजे गांव के बाहर शौच के लिए गई थी जो गायब हो गई। 3 अगस्त 22 को किशोरी अचानक वापस आ गई उसनें बताया कि आरोपी सद्दाम उसे शादी का झांसा देकर लें गया था। जिसे लखनऊ में एक कमरे में रखा फिर साथ दुष्कर्म किया । फिर 30 अगस्त 22 को आरोपी ने पीड़िता को करौदी कला बाजार में लाकर छोड़ दिया. पुलिस व मजिस्ट्रेट को दिए बयान में पीड़िता ने सारी आप बीती बताई। विवेचना के बाद आरोपी को जेल व आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया। कोर्ट ने दौरान विचारण अभियोजन से पेश गवाहों के साक्ष्यो के आधार पर दोषी सद्दाम को 10 साल की कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

चेक बाउंस मामले में एक साल की सजा व जुर्माना

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुक्ता त्यागी की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी खुर्शीद अहमद निवासी ग्राम सेमरा, थाना कूरेभार को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास और 7.50 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2022 का है। कूरेभार थानाक्षेत्र के सेमरा मुसहरनचना निवासी परिवादी शहनूर खान ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी के जरिए दाखिल अर्जी में आरोप लगाया था कि आरोपी ने लकड़ी के व्यवसाय के लिए उससे पाँच लाख रुपये उधार लिए और अदायगी हेतु चेक दिया। बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक अनादृत हो गया। इसके बाद कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी ने स्वयं को निर्दोष बताया, किन्तु परिवादी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और दस्तावेजों से अपराध सिद्ध हो गया। अदालत ने आरोपी को चेक बाउंस के तहत दोषी पाते हुए दंडित किया। कोर्ट ने 50 हजार रुपए राज्य सरकार के खाते में जमा करने का आदेश दिया है।

दहेज हत्या के मामले में पति को 10 वर्ष की कैद

- कोर्ट ने 15 हजार रुपए अर्थदण्ड लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर : अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय की अदालत ने बुधवार को दहेज हत्या के मामले में आरोपी बब्लू निषाद पुत्र बुधराम निवासी केवटहिया, मजरे बिरैतापाल्हीपुर, थाना जयसिंहपुर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने उसे दहेज हत्या में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। एडीजीसी संजय सिंह के अनुसार मोतीलाल निवासी हैदरगंज, फैजाबाद ने 16 अगस्त 2014 को एफआईआर दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री प्रीती की शादी 6 मई 2013 को बब्लू से हुई थी। विवाह के बाद से ही सोने की चेन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। मांग पूरी न होने पर 15 अगस्त 2014 को उसकी हत्या कर दी गई। विवेचना उपरांत आरोप पत्र केवल बब्लू निषाद के विरुद्ध दाखिल किया गया। अदालत ने अभियोजन के तर्कों को स्वीकार करते हुए कहा कि मृतका की शादी सात वर्ष के भीतर हुई थी और दहेज मांग के कारण उसकी मृत्यु हुई। इस प्रकार अभियुक्त का अपराध संदेह से परे साबित हुआ। अदालत ने दोषसिद्ध आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेजने का आदेश दिया।

चर्चित इंस्पेक्टर दुष्कर्म केस डिस्चार्ज अर्जी खारिज

- 25 को तय होंगे आरोप

महिला आरक्षी से दुष्कर्म के आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर बुधवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से पीड़िता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए आरोपी तोमर की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है तथा आरोप तय करने के लिए 25 सितंबर की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2022 को महिला आरक्षी ने इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

सोनू सिंह के केस में फैसला 30 को

सुलतानपुर, अमृत विचार: पुलिस पर हमले के मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अन्य के खिलाफ चल रहे केस में बुधवार को विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने अपनी बहस पूरी की। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में फैसले के लिए 30 सितंबर की तारीख नियत की है। कूरेभार थाने में तत्कालीन थाना प्रभारी जेएल सरोज ने पूर्व विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस टीम पर हमले व अन्य आरोपों में 24 अगस्त 2006 को मुकदमा दर्ज कराया था।

40 हजार रुपये के लिए सो रहे चाचा को जला दिया था जिंदा

अमृत विचार EXPOSE

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार: शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में रिश्तेदारी की दरार खून में बदल गई। रविवार रात बरामदे में सो रहे 70 वर्षीय मुन्दर लाल सरोज की संदिग्ध हालात में आग से मौत हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि उनके ही भतीजे ने 40 हजार रुपये की लेन-देन की रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

घटना उस समय हुई जब मुन्दर लाल रात में खाना खाकर बरामदे में सो रहे थे। अचानक बिस्तर में आग लग गई। परिवारजन ने आग बुझाकर उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन ले जाने की तैयारी के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मृतक की बहू केवला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके जेठ शिवबरन का पुत्र विजय कुमार ही जिम्मेदार है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि मुन्दर लाल ने पांच माह पहले विजय को 40 हजार रुपये उधार दिए थे। बार-बार मांगने पर वह रुपये लौटाने से बच रहा था। इसी तनाव में उसने अपने चाचा को जिंदा जला दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी विजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि मृतक के पुत्र जमुना पर भी संदेह बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संसद में टीईटी मुद्दा उठाने का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

आप सांसद संजय सिंह को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

- सांसद संजय सिंह को सीनियर बेसिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: सीनियर बेसिक शिक्षक संघ सुलतानपुर ने सोमवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मुलाकात कर टीईटी की अनिवार्यता का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अवनीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सांसद ने संगठन को आश्वस्त किया है कि इस मुद्दे को वह संसद में मजबूती से उठाएंगे।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि यदि टीईटी की अनिवार्यता लागू रही तो लाखों शिक्षक सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि इस प्रावधान में बदलाव आवश्यक है और जल्द ही इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बातचीत करेंगे। इस मौके पर संगठन की ओर से सांसद संजय सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। ज्ञापन देने के दौरान अखिलेश सिंह, रिपुदमन सिंह, जियाउर्रहमान, सौरभ सिंह, अनिल, पंकज यादव और आशीष सिंह मौजूद रहे।

सामाजिक समरसता में गोरक्षपीठ का योगदान विषय पर संगोष्ठी 20 को

- महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं व महंत अवैद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि को समर्पित होगा आयोजन

सुलतानपुर, अमृत विचार: गोरक्षपीठ की गौरवशाली परंपरा और समाज को जोड़ने में उसकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन 20 सितंबर को संगोष्ठी का आयोजन करेगा। यह आयोजन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं व महंत अवैद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि को समर्पित होगा।

फाउंडेशन के निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि अमहट चौराहा, वाराणसी हाइवे स्थित वृंदावन होटल में दोपहर 3 बजे से "सामाजिक समरसता में गोरक्षपीठ का योगदान" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामायणम फाउंडेशन के संस्थापक व प्रख्यात रामकथा वाचक आचार्य शांतनु होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही बल्लभ शरण और विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर शामिल होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख वीरेंद्र करेंगे।

इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, मानवाधिकार और सामाजिक उत्थान जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को "सामाजिक समरसता सम्मान" से अलंकृत किया जाएगा। फाउंडेशन के कार्यकर्ता प्रशांत कुमार सिंह, सौरभ सिंह मालापुल सहित अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

सुभासपा की रैली में उमड़ा जनसैलाब

बल्दीराय/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

रैली को संबोधित करते सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर। ● अमृत विचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 75 किलोग्राम का केक काटकर जनता में बांटा

अमृत विचार: लगातार झमाझम बारिश के बावजूद वलीपुर बाजार बुधवार को सुभासपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के जोश से गूंज उठा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की विशाल रैली को जिले के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने संबोधित किया।

ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि बारिश रुक सकती है, लेकिन जनता का जोश नहीं। उन्होंने सरकार की योजनाओं सोलर पैनल, निशुल्क स्वास्थ्य सेवा और गरीबों के लिए शिक्षा योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंत्री और ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने 75 किलोग्राम का केक काटकर जनता में बांटा।

रैली का आकर्षण अवधी लोकगीत गायक दिवाकर द्विवेदी रहे। उनकी प्रस्तुतियों ने भीगी भीड़ को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोकगीतों में संघर्ष और अधिकारों का संदेश गूंजा, जिस पर जनता तालियां बजाती रही।

मंच पर अरविंद राजभर, अरुण राजभर, अखिलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष विनीत सिंह, प्रदेश सचिव नितेश यादव, बाबा योगराज, मोनू तिवारी, शिवपाल अग्रहरि, डॉ. जे.के. श्रीवास्तव समेत कई नेता मौजूद रहे।

किशोरी का धर्मपरिवर्तन करा रहे युवक पर केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

- किशोरी के पिता को दी धमकी, इससे करूंगा मैं अब निकाह, तहरीर पर केस दर्ज

अमृत विचार: जिले में किशोरी को डरा धमका धर्मपरिवर्तन कराए जाने का मामला सामने आया है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि यासीन खा नामक युवक उसकी बेटी को डरा धमका कर धर्मपरिवर्तन करा रहा था। मंगलवार को जब बेटी घर नहीं लौटी तो उसे ढूंढने पर्यावरण पार्क गया तो उसकी बेटी वही खड़ी थी। जब मैं बेटी को घर चलने को कहा तो बगल खड़े यासीन खा ने कहा कि वह घर नहीं जाएगी, उसने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम धर्म अपना लिया है। इससे अब मैं निकाह करूंगा। विरोध करने पर यासीन व उसके साथियों ने उस पर हमला बोल दिया। साथियों के जाने के बाद किसी तरह यासीन को थाने पर लाया हूं। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रधानमंत्री का जीवन जनकल्याण को समर्पित: राजबाबू

संवाददाता, सुलतानपुर

कार्यक्रम में लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देते विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

- सीएचसी कूरेभार में आयुष्मान कार्ड व मरीजों को फल बांटे

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू कूरेभार विकासखंड मुख्यालय पहुंच कर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही केक काट कर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन पार्टी पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ मनाया। इसके बाद सदर विधायक कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल चाल जाना।

सीएचसी कूरेभार में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करने के मरीजों को फल वितरित किया। संबोधन के दौरान सदर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा व जनकल्याण के लिए समर्पित है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, महामंत्री रत्नेश तिवारी, सीटू पांडेय,खंड विकास अधिकारी कूरेभार श्रीकांत तिवारी, एडीओ पंचायत प्रकाश मिश्रा, कूरेभार प्रधान सुरेश कसौधन सहित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सदर विधायक ने किया पौधरोपण

सुलतानपुर : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय कटरा चुग्घूपुर में सदर विधायक ने पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही लोगों को प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सहायक आचार्य अरुण कुमार चौबे, रेंजर, पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं, जिले भर में विविध आयोजन किया गया।

अयोध्या मंडल का दारोमदार जिले के 40 वॉलीबॉल खिलाड़ियों के जिम्मे

सुलतानपुर, अमृत विचार: आजमगढ़ में आयोजित होने वाली 69वीं उत्तर प्रदेश विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले से 16 बालक और 19 बालिकाएं चयनित हुई हैं, जबकि 5 बालिकाएं प्रतीक्षा सूची में हैं।

बालिका वर्ग 18-20 सितंबर में आद्या तिवारी, वैभवी दुबे, अंकिता यादव, अंशिका, काजल निषाद, कामाक्षी समेत कई खिलाड़ी दम दिखाएंगी। बालक वर्ग 20-22 सितंबर में रुद्र प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी करण सिंह व सौरभ कश्यप शामिल हैं। खिलाड़ियों ने पंत स्टेडियम में कोच प्रदीप यादव की देखरेख में तैयारी की है। जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई, वहीं क्रीड़ा प्रभारी सुमन यादव, टीम मैनेजर मुनेन्द्र मिश्र और निर्णायक मंडल ने शुभकामनाएं दीं।

विश्वकर्मा पूजा पर हुआ आल्हा गायन

- वीर रस की प्रस्तुति से गूंज उठा माहौल, सैकड़ों श्रोताओं की भीड़ ने उठाया आनंद

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

कार्यक्रम के दौरान आल्हा गायन प्रस्तुत करते राजकुमार वर्मा।

अमृत विचार: बल्दीराय तहसील क्षेत्र के खारा गांव में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बुधवार देर शाम आल्हा गायन का भव्य आयोजन हुआ। यह परंपरा वर्षों से यहां निरंतर चली आ रही है। कार्यक्रम में आल्हा सम्राट राजकुमार वर्मा ने अपनी ओजस्वी वाणी से वीर रस की शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनके गायन पर तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल देर रात तक गूंजता रहा।

सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। आयोजक ग्राम प्रधान दिव्यराज सिंह लक्की ने कहा कि पुरानी परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं, जिन्हें जीवित रखना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। मौके पर सुरेंद्र प्रताप सिंह, रामयश यादव, मनीष उपाध्याय, लाल सिंह, शिवदुलारे यादव, फागुलाल पाल, गणेश द्विवेदी, दिनेश सिंह, हरिराम यादव और शिवपूजन शर्मा शामिल थे। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन गांव की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करते हैं और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

आयोजन

पेड़ों की कटान का किया विरोध, बारिश में भी नंगे पांव निकली पदयात्रा

पर्यावरण संरक्षण को लेकर युवाओं ने निकाली मौन यात्रा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

शहर में नंगे पांव पदयात्रा निकालते युवा। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए वंदे भारत पदयात्री आशुतोष पांडेय (16,000 किमी) और राघवेन्द्र प्रताप सिंह अधिवक्ता के नेतृत्व में बुधवार को गोलाघाट से केएनआई तक पेड़ों की कटाई के विरोध में मौन यात्रा निकाली गई। भारी बारिश के बावजूद 150 से अधिक युवाओं ने इसमें भाग लिया और वृक्ष बचाने का संकल्प लिया।

यात्रा सीताकुंड घाट से शुरू होकर बसड्डा, आज़ाद पार्क होते हुए आरएसएस कार्यालय पर समाप्त हुई। रास्ते में कटे वृक्षों को श्रद्धांजलि दी गई और महिंद्रा कोचिंग संस्थान के शिक्षकों-विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। समापन पर जिला प्रचारक ने आशुतोष का मौनव्रत तुड़वाया और संघ कार्यालय के पास 20 पौधे रोपे गए। हाल ही में केएनआई के पास 100 साल पुराने नीम को काटे जाने का विरोध करते हुए आशुतोष ने पेड़ पर चढ़कर घंटों धरना दिया था, जिसके चलते उन पर और उनके साथियों पर धारा 151 में चालान भी हुआ। इसके बाद पेड़ों का तेरहवीं संस्कार तक किया गया, जिसमें युवाओं ने सामूहिक मुंडन कर विरोध जताया। अब 19 सितंबर को पहली बार पेड़ों की तेरहवीं सीताकुंड घाट पर आयोजित की जाएगी। आशुतोष पांडेय ने कहा "हमारे पास पर्यावरण बचाने के लिए अब सिर्फ 3 साल 313 दिन हैं। पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का आधार हैं।"

इस यात्रा में विभूम श्रीवास्तव 'अधिवक्ता', सत्यम, दीपक, नितेश निषाद, रणवीर सिंह राणा, रजनीश पांडेय, इस्तियाक खान, सुमित शुक्ला समेत सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

नहर की पुलिया पर मिला युवक का शव

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार: बुधवार की दोपहर धम्मौर थाना क्षेत्र के जैतपुर नहर की पुलिया के पास एक युवक का भीगा हुआ शव ग्रामीणों को दिखा तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को नहर से बाहर निकलवा शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के शरीर पर कई चोट के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की कही और हत्या कर शव को यहां लाकर फेक दिया गया हो। धम्मौर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया है।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र सुधीर व पुत्रवधू शान्ती को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी– **सुन्दर लाल लोधी नि– हरिओमनगर, निकट रामलीला मैदान, मडियांव, लखनऊ**

बेदखली सूचना

मैंने, अपने पुत्र मोहम्मद वसीम को उसके गलत आचरण के कारण अपने समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी भी कृत्य व लेन – देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। – **श्रीमती आशमा पत्नी मो. अली नि0– ताड़ीखाना, चुन्नी शाह मजार, मोहिबुल्लापुर, मडियाव, सीतापुर रोड, लखनऊ**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

बेदखली सूचना

सूचित हो कि मैं **जमीर अली सुत अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम जूडूपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर थाना बन्धुआकला जिला सुलतानपुर,** मेरा पुत्र मासूक अली आये दिन शराब के नशे में समाज में उल्टे सीधे हरकते करता रहता है उसका चाल चलन काफी खराब है, जिसके कारण आये दिन समाज के लोगो द्वारा शिकायत मिलती रहती है। मैं पुत्र मासूक अली से परेशान हो चुका हैं। अपने क्रमशः छः बच्चों में से एक बच्चा जिसका नाम मासूक अली है, को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है, पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कार्य व्यवहार आचरण और किसी भी आपराधिक कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

न्यूज ब्रीफ

सड़क हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल

नवाबगंज। बुधवार की सुबह गश्त पर निकले दो मुख्य आरक्षी सड़क हादसे का शिकार हो गए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुख्य आरक्षी अभिषेक सिंह और योगेन्द्र नाथ यादव सरयू घाट चौकी क्षेत्र के कटरा भोगचंद गांव में बाइक पर गश्त के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। घायल आरक्षियों को तुरंत अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने योगेन्द्र नाथ की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। अभिषेक सिंह का इलाज अयोध्या मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत दिया टूल किट

गोंडा : जिला पंचायत सभागार में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। लाभार्थियों चेक, टूल किट एवं प्रमाण दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत घनश्याम मिश्र, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, सदस्य विधान परिषद गोंडा/बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह, सीडीओ अंकित जैन उपस्थित रहीं।

एनसीसी कैडेट्स ने सीखा अग्निशमन कौशल

नवाबगंज। नंदिनी नगर महाविद्यालय में 16 से 25 सितंबर तक चल रहे 48 वाहिनी एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन बुधवार को प्रात: कैडेट्स ने ड्रिल अभ्यास किया और इसके बाद एएनओ, सीटीओ व पीआई स्टाफ द्वारा सैद्धांतिक कक्षाओं का संचालन किया गया। मध्यान्ह के सत्र में मनकापुर के अग्निशमन दल के प्रभारी राजेश कुमार पांडेय और उनकी टीम ने मॉक ड्रिल कराते हुए आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के तरीके दिखाए।

रेलवे ने हटाया अतिक्रमण

इटियाथोक। रेलवे भूमि पर हुए अस्थाई अतिक्रमण को विभाग ने जेसीबी लगा कर हटवा दिया। ग्राम बगाही के ग्रामीणों ने स्टेशन अधीक्षक को पत्र देकर शिकायत कर कहा था बाबागंज इटियाथोक मार्ग पर हर्रया झूमन गांव के पास रेलवे की भूमि पर सड़क के दोनों पटरियों पर अस्थाई तरीके से कब्जा कर लिया गया है। अवैध कब्जेदारों ने इन जगहों मांस, मछली की दुकान खोल दी है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर मनाया गया सेवा पखवाड़ा

भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान, नवाबगंज में किया गया पौधरोपण, जिले से लेकर विधानसभा क्षेत्रों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

संवाददाता, गोंडा

मेडिकल कॉलेज में आयोजित शिविर में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

मरीज का हाल जानते केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री।

मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। 15 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा की ओर से मेडिकल कालेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मरीजों को फल वितरित किया गया। जिले से लेकर विधानसभा क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नवाबगंज में पौधरोपण किया गया।

बुधवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। मेडिकल कालेज के कोविड वार्ड में भाजपा नेता आशीष त्रिपाठी, सूर्य नरायन तिवारी, राघवेंद्र ओझा, नीरज मौर्य, राजेश राय चंदानी सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि हाल ही में लागू नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म को भी मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है। उन्होंने पीएम मोदी की तुलना देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा से की। हम सभी लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेनी चाहिए सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह, विधायक अजय सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, बावन सिंह, रमापति शास्त्री, विनय कुमार द्विवेदी, प्रतीक भूषण सिंह, प्रभात कुमार वर्मा, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र सहित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की। अभियान के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने बताया कि जिले में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम जिला मंत्री पुनीत सिंह के संयोजन में एवं रक्तदान शिविर का कार्यक्रम युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता के संयोजन में आयोजित किए गए। इस अवसर पर जसवंत लाल सोनकर, राजेश तिवारी, जिला मंत्री सोनी सिंह, संदीप सिंह, विनय शर्मा, राम तीरथ वर्मा, संदीप पांडे, शशांक मिश्रा, युवा मोर्चा महामंत्री विनीत सिंह, अमर पाठक किसान मोर्चा अध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। रक्तदान शिविर में सावन कृपाल रुहानी मिशन के मनोहर बलेचा सहित अन्य संगठन के लोग शामिल हुए।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

गोंडा, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों मे कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षक संगठन लगाकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग को रिव्यू दाखिल करने का निर्देश दिया है लेकिन शिक्षक इस अध्यादेश लाकर इस आदेश में संशोधन की मांग कर रहे हैं।

शिक्षकों के ज्ञापन को पढ़ते केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से मुलाकात की और उन्हे मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अव्यावहारिक व अमानवीय पूर्ण है और यह न्याय हित में नहीं है है। विदेश राज्यमंत्री शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या से अवगत कराएंगे। इस अवसर पर देवेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष द्विवेदी,अम्बरीष कुमार, संजय कुमार, लखेश्वरी प्रसाद वर्मा, शिवचन्द वर्मा, रवि मिश्रा, जुग्गी लाल मौजूद रहे।

● अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की मांग

रिव्यू के आदेश पर सीएम का जताया आभार

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में पुनर्विचार याचिका दाखिल होने से शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। 19 सितंबर को ज्ञापन दिया जायेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा मांग पत्र

गोंडा : उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की बैठक विवेकानंद इंटर कॉलेज में संपन्न हुई । बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए एक मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग उठाई गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि मध्यान्ह भोजन का कन्वर्जन कास्ट मार्च 2025 तक ही मिला है , इसके बाद का भुगतान तत्काल दिलाया जाए। गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में तैनात एक प्रवक्ता को प्रोन्नति वेतनमान का लाभ एक बाबू के चलते नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाए। जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जिला मंत्री, प्रदेश प्रवक्ता सहदेव सिंह, संयुक्त मंत्री केशरी प्रसाद शुक्ला, कोषाध्यक्ष राकेश मोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

शिक्षक संघर्ष समिति ने निकाली न्याय यात्रा

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में न्याय यात्रा निकालते शिक्षक। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष समिति ने बुधवार को न्याय यात्रा निकाल कर अपना विरोध जताया। शिक्षकों ने गोंडा के गांधी पार्क से लखनऊ के जीपीओ तक पैदल मार्च किया।

शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक सतीश पांडेय ने कहा कि जो आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है वह एकतरफा है। शिक्षक की भर्ती योग्यता पूरी करने के बाद ही हुई थी। अब अलग से नियम बनाकर टीईटी थोपना उचित नहीं है। सह संयोजक गौरव पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2011 से पहले नियुक्त हुए शिक्षकों ने उस समय की जो भी अहर्ता थी उसे पूरा किया था।

नवरात्र को लेकर बैठक आज

गोंडा : आगामी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न करने के लिए व अन्य मूलभूत व्यवस्था के लिए केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने समस्त दुर्गा पूजा समितियां की एक बैठक आयोजित की है। महासमिति के अध्यक्ष अरुण शुक्ला ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि गुरुवार सायंकाल 4:00 बजे मालवीय नगर स्थित श्री झूलेलाल धर्मशाला में समस्त दुर्गा पूजा समितियों की बैठक का आयोजन होगा। महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू ने बताया कि सभी समितियां की मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं पूजन के दौरान होने वाली व्यवस्था के दृष्टिगत सभी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी समितियां से आह्वान किया कि वह समय से बैठक में आएं।

एसडीएम की फटकार के बाद जागा विभाग, भरवाया गया गड्ढा

करनैलगंज, अमृत विचार : दिनों की लगातार बरसात से सरयू नदी की ढलान पर सड़क धंसने से मंगलवार को करीब दो मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। एसडीएम नेहा मिश्रा मौके पर पहुंचीं और विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके बाद रात करीब नौ बजे विभाग ने गड्ढों को मिट्टी डालकर भरा। उधर धौरहरा चौराहा, जहांगीरवा और भुलियापुर पुल के पास भी बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। एसडीएम ने संबंधित विभाग को पत्र भेजकर गोंडा-लखनऊ मार्ग के किनारे बने गड्ढों को तत्काल भरवाने और मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

पंचायत चुनाव का हो चुका आगाज, बैठकों का दौर शुरू :

परसपुर, अमृत विचार : आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र का राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। प्रत्याशी मैदान में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं। ब्लॉक सभागार परसपुर में पंचायत चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि कर्नलगंज विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने की। अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंचाकर उन्हें गुमराह होने से बचाएं।

शिक्षकों ने की चर्चा

रुपईडीह, अमृत विचार। न्याय पंचायत के संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय भुड़कुड़ा में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य संकुल शिक्षक उमाशंकर पांडेय ने मनोरंजन पर आधारित गतिविधियों पर चर्चा करते हुए शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षक संदर्शिका तथा सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग किए जाने तथा कंपोजिट धनराशि के उपभोग के बारे में जानकारी हासिल की। रेखा वर्मा, सर्वेश शुक्ल, योगेंद्र प्रकाश मिश्र, दिलीप कुमार, चंदन शर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, राम अनुज वर्मा, राम सजीवन तिवारी, बाबूलाल मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

बिछूड़ी गांव का किया निरीक्षण

रुपईडीह। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक अजय प्रताप सिंह ने एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल के साथ ग्राम पंचायत बिछूड़ी का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने अन्नपूर्णा भवन, सामुदायिक शौचालय के संचालन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा विद्यालय परिसर की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल किया। पंचायत सचिव राजेश कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

चोरों ने जेवरात पर हाथ किया साफ

बभनान। छपिया के तेजपुर गांव के गडरिया पुरवा में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। मंगलवार की रात चोर छत के रास्ते घर में घुसे। उन्होंने घर में रखे एक हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। पीड़ित समयदीन ने बताया कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर सो रहे थे। चोरों ने इस दौरान ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सभासद का निधन

करनैलगंज : नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 25 भैरवनाथ पुरवा के सभासद मोहम्मद साबिर का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पांच बार लगातार वार्ड से निर्वाचित हुए थे। उनके निधन पर पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, चेयरमैन रामलली मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन रामजी लाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन, वसीम अहमद, फहीम अहमद, गणेश पाण्डेय ने गहरा शोक व्यक्त किया।

मोहम्मद साबिर (फाइल फोटो)।

महिला को दबोच कर छीन लिए जेवर

संवाददाता, उमरी बेगमगंज, गोंडा

अमृत विचार : ड्रोन की अफवाहों के बीच चोरी का सिलसिला जारी है। बीते 48 घंटे में चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम दिया। सोनौली मोहम्मदपुर निवासी कौशल सिंह ने उमरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। 16 सितंबर की शाम करीब 7 बजे कौशल सिंह की पत्नी शिल्पी घर के पीछे खिड़की में खाना बना रही थी। इसी बीच दो अज्ञात लोगों ने उन्हें दबोच लिया और मुंह दबाकर सोने का मंगलसूत्र, कान का बाला और चांदी का पायल लेकर फरार हो गए। शोरगुल होने पर लोग दौड़े लेकिन चोर भागने में सफल रहे। पीड़ित कौशल सिंह पुत्र हरकेश ने उमरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच चल रही है प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

युवती पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

तरबगंज के बौरिहा गांव के मजरा कुड़ियां में अज्ञात व्यक्ति ने एक लड़की पर चाकू से हमला कर दिया। यह घटना मंगलवार की रात को हुई जब वह शौच के लिए निकली थी। लड़की के पिता सतनाम ने बताया कि मंगलवार को रात 9 बजे के करीब उनकी बेटी रीना देवी घर के सहन दरवाजे के बगल बाथरूम में गई थी। अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया जिससे लड़की चिल्लाने लगी। घर वाले दौड़े तो हमलावर भाग गए व लडकी बेहोश होकर गिर पड़ी जिसे गोण्डा के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से पुलिस कार्यवाही के लिए सीएचसी तरबगंज में भेज दिया गया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिसकी शिकायत थाने पर की गई है। कैसरगंज सांसद करन भूषण सिंह ने अस्पताल में भर्ती लडक़ी का हाल जाना व परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के हमले में लड़की घायल हुई है जिसकी शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

युवती से छेड़छाड़ आरोपी पर केस

परसपुर, गोंडा। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़खानी और जातिसूचक गाली-गलौज का मामला सामने आया है। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके गांव का ही एक युवक फावड़ा मांगने के बहाने घर के छप्पर में घुस आया और अशोभनीय हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी कप्तान उर्फ हर्षवर्धन मिश्रा सहजौरा शिवनाथ पुरवा के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत आईपीसी की अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज को प्रेषित की गयी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

करनैलगंज : संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सरयू कटरा घाट से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चार साल पहले विवाह हुआ था एक तीन साल की बेटी भी है।

● पुलिस ने चिता से उठवाया शव

गोनवा अहिरनपुरवा निवासी रामबरन यादव की बहु व अमृत लाल की पत्नी रेनू की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना विवाहिता के मायके बहराइच माधव रेती निवासी मां शांति को दी गई। वह स्वजनों संग अपने बेटी के घर पहुंची। जहां से लोगों ने शव को अंतिम संस्कार के लिए सरयू कटरा घाट ले गए। शव को लकड़ी में रखकर सारे कर्मकांड पूरे कर लिए मगर जैसे ही अग्नि लगाने की प्रकिया शुरू की गई किसी ने पुलिस को सूचना दे दी कि हत्या करके शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उपनिरीक्षक सरफराज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अंतिम संस्कार को रोक दिया गया। कोतवाल तेजप्रताप सिंह ने बताया की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

सिटी डायरी

पुत्रेष्टि यज्ञ में प्रकट हुए अग्निदेव।

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी...

करनैलगंज : नगर के गुड़ाही बाजार में चल रही श्री रामलीला महोत्सव में मंगलवार की रात रावण अत्याचार व श्री राम जन्म के प्रसंग की लीला मंचित की गई। पहले दृश्य में कलाकारों द्वारा रावण का अत्याचार दिखाया गया जिससे व्याकुल होकर पृथ्वी गौ माता का रूप धारण कर देवताओं के साथ भगवान विष्णु से रावण के अत्याचार की व्यथा सुनाती हैं। दूसरे दृश्य में राजा दशरथ श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करवाते हैं। लीला का संचालन शिव नंदन वैश्य व कैलाश सोनी ने किया। जिसमें रावण का अभिनय कन्हैयालाल वर्मा, ऋषि तनु पंडित, दशरथ आशीष गिरी, सुमंत वेद प्रकाश मुन्ना, मंत्री मनीष, नाई पवन मोदनवाल, ब्रह्मा महंत गिरजा शंकर, गिरी, विष्णु रिंकू पुरवार, बाजा वाले मोनू गुप्ता, मानस सोनी, पृथ्वी अनुज जायसवाल आदि लोगों ने अभिनय किया।

कृषि प्रक्षेत्र का भ्रमण कर ज्ञान अर्जित करते विद्यार्थी।

कृषि स्नातक छात्रों का प्रशिक्षण आयोजित

मनकापुर : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में बुधवार को तेजभान उपाध्याय प्रवक्ता शस्य विज्ञान के नेतृत्व में मां गायत्री रामसुख पांडेय महाविद्यालय मसकनवा के बीएससी कृषि के अंतिम वर्ष के रावे छात्रों का एक दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डा. रामलखन सिंह प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र मनकापुर गोंडा ने कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों तथा उद्देश्य से अवगत कराया। डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने मशरूम उत्पादन तकनीक, रबी फसलों में बीज शोधन एवं बीज उपचार, धान में कीट एवं रोग प्रबंधन, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन आदि की जानकारी दी।

मानदेय की मांग पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उठाई आवाज

नवाबगंज : आईसीडीएस योजना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नवाबगंज की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को ज्ञापन सौंपा। कार्यकत्रियों ने कहा कि वर्तमान मानदेय पर परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में कार्यकत्रियों ने स्पष्ट रूप से मांग की कि सभी कार्यकत्रियों का मानदेय 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। साथ ही उन्होंने एफआरएस की अनिवार्यता खत्म करने, प्रत्येक केंद्र पर वाई-फाई, स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराने की भी बात रखी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि पूरक पोषाहार को बिना सत्यापन और एफआरएस की शर्त के सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने पदोन्नति में 50 प्रतिशत कोटे, बंद पड़े इंक्रीमेंट चालू करने, हॉट कुक्ड योजना की धनराशि समय पर उपलब्ध कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। इस अवसर पर नीलम श्रीवास्तव, मंशा मिश्रा, माधुरी, गीता देवी, शोभारानी, कौशल्या देवी, उषा देवी, हेमलता मौर्य, अर्चना देवी, अर्चना मौजूद रहीं।

हर्षोल्लास | कारखाने, फैक्ट्री व संस्थानों में हुई पूजा-अर्चना

धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

संवाददाता, गोंडा

पुलिस लाइन में असलहों की पूजा करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

अमृत विचार : सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती के शुभ अवसर पर जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों, कारखाना पर पूजा अर्चन की गयी। रेलवे विभाग के डीजल सेड, आईटीआई, निजी कारखाना पर व्यापक स्तर पर पूजा किया गया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन में विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया। उन्होंने विभागीय शस्त्रों, उपकरणों एवं औजारों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर दक्षता, अनुशासन एवं शांति व्यवस्था की कामना की।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से प्रेरणा लेकर हमें अपने कार्यों में समर्पण, अनुशासन और दक्षता लानी चाहिए। उन्होंने सभी को उपकरणों के नियमित रखरखाव, सावधानीपूर्वक प्रयोग तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये सतर्क रहने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी करनैलगंज अभिषेक दवाच्या, प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। कारखानों, आईटीआई, दतौली चीनी मिल, विद्युत उपकेंद्रों, आईटी इकाइयों तथा प्रतिष्ठानों पर श्रद्धालुओं द्वारा विधिपूर्वक हवन-पूजन कर भगवान विश्वकर्मा की आराधना की गई।

मनकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस भी सेवाभाव से मनाया। इसी तरीके से कर्नलगंज, इटियाथोक, परसपुर, तरबगंज, नवाबगंज क्षेत्र में भी विश्वकर्मा पूजा की गई।

स्वतंत्रता सेनानी को सपा मुखिया ने किया सम्मानित

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम अचल आचार्य को सम्मानित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम। अमृत विचार

करनैलगंज : देवीपाटन मंडल के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामअचल आचार्य को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ के लोहिया सभागार में सम्मानित किया। उन्हें आजादी की जंग में शामिल होने की दक्षिणा स्वरूप 51000 रुपये प्रदान किए। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामअचल आचार्य ने उन्हें आशीर्वाद दिया। भारत की आजादी में अपना अहम योगदान देने वाले पंडित रामअचल आचार्य को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ आमंत्रित किया था।

अमृत विचार अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : झाला तरहर रोड पर मलूक सिंह पुरवा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। युवक वाहन में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटता चला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

सर्राफा की दुकान से दिनदहाड़े चोरी

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार : सर्राफा व्यापारी अंकित रस्तोगी के प्रतिष्ठान से एक चोर दिनदहाड़े कैश काउंटर से 22 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गयी।

पार्टी नेताओं की फोटो होर्डिंग्स में न लगायें

बहराइच, अमृत विचार : पंचायत चुनावों के मद्देनजर संभावित प्रत्याशियों द्वारा पार्टी नेताओं की फोटो अपनी होर्डिंग्स में लगाये जाने से नाराज सपा जिलाध्यक्ष ने लोगों को ऐसा न करने का निर्देश दिया है। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने पंचायत चुनाव के संभावित प्रत्याशियों को निर्देश दिया कि होर्डिंग में राष्ट्रीय, प्रांतीय या जनपदीय नेताओं का फोटो किसी भी दशा में न लगाएं।

शांति समिति की बैठक

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : मटेरा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गई। प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने अपील की कि त्योहारों को लोग शांति के साथ मनाएं। डीजे को तेज ध्वनि के साथ बजाने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। इस दौरान दुर्गा पूजा आयोजक व डीजे आयोजक तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां छू रहा भारत : सांसद

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े की हुई शुरुआत, उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हवन-पूजन कर दीर्घायु होने की कामना की

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में गुल्लाबीर मंदिर परिसर में हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की तथा एक दूसरे को बधाई देकर पीएम के जन्मदिन की खुशियां बाटीं।

कार्यक्रम में सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी 'दाऊजी' तथा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा अन्य गणमान्य व्यापारियों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, जिला कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना, जिला युवा महामंत्री पीयूष मातनहेलिया, नगर युवा अध्यक्ष अमन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास मातनहेलिया, व्यापारी सुशील भल्ला, संजय टंडन, गौतम मल्होत्रा, कमल शेखर गुप्ता, रणविजय सिंह, कल्याण सिंह, सुभाष सिंह, योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, विनोद अग्रवाल राजगढ़िया, सुनील बंसल, हरिश्चन्द्र गुप्त, सुरेश गुप्ता, विनय गुप्ता, सत्या रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, संजय जायसवाल, अंकित सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

गुल्लावीर मंदिर परिसर में हवन करते सांसद आनंद गोंड व प्रमुख व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

सीएचसी मुस्तफाबाद में दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी वर्मा।

15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी की शुरुआत

बहराइच, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित धरना स्थल पर सूचना विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया/2047 की परिकल्पना तथा प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों को चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

स्वच्छता का संकल्प दिलाते अतिथि। ● अमृत विचार

भाजपा ने आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम

बहराइच, अमृत विचार : भाजपा जिला इकाई ने प्रधानमंत्री का 75 वां जन्मदिन सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाया। जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी अजय राय रहे। नगर पालिका हाल में मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वच्छता का संकल्प दिलाया। जिला अस्पताल के महिला वार्ड में मुख्य अतिथि व कार्यकर्ताओं द्वारा फल वितरण किया गया। युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेन्द्र सिंह अंकित ने बताया कि सौ कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, रणविजय सिंह, राहुल राय, सुषमा चौधरी, सुवेद वर्मा, सुरेश गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष आर्य, नन्हे लाल लोधी, डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, डॉ. दिंपल जैन, हेमलता, संजय राव, देवेंद्र कुमार मिश्रा, अमित शर्मा, सतीश सिंह, अखिलेश यादव, शिवांकर शुक्ला, प्रमोद पांडे, राम कृपाल मिश्रा, रंजीता श्रीवास्तव सोनी, प्रभात शुक्ला, पंकज केवट सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केक खिलाकर पीएम का जन्मदिन मनाते नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा।

केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

नानपारा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सीएचसी पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपना दल (एस) के विधान मंडल दल के नेता रामनिवास वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और अधीक्षक चंद्रभान राम ने विधायक को केक खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आदित्वी यादव से केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। भाजपा और अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं ने सीएचसी परिसर में श्रमदान किया।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सीएचसी शिवपुर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मरीजों को समुचित इलाज एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की गईं। इस दौरान अधीक्षक नलिन राजा, बीपीएम दुर्गेश सिंह व कर्मचारी मौजूद रहे।

महिलाएं स्वस्थ होंगी तो पीढ़ियां होंगी सशक्त : मुकुट बिहारी

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सीएचसी मुस्तफाबाद में स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ होंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी सशक्त होंगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख जरवल वीपेंद्र सिंह, मुकेश कुमार जायसवाल, अधीक्षक कुंवर रीतेश, पवन वर्मा, ओम प्रकाश अवस्थी, ओम चन्द वर्मा, उत्तम वर्मा आदि मौजूद रहे।

रेडक्रॉस व अन्य संस्थाओं ने 75 टीबी मरीजों को लिया गोद

बहराइच, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ मेडिकल कॉलेजमें सांसद आनंद गोंड ने किया। इस मौके पर नगर विधायक अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे। रेडक्रॉस और स्वयंसेवी संस्थाओं ने 75 टीबी मरीजों को गोद लिया।

लाभार्थियों को वितरित किये गये आयुष्मान कार्ड

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : सीएचसी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समर प्रसाद मिश्रा और भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय उपस्थित रहे। लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

बाबा मंगली नाथ मंदिर पर चला सफाई अभियान

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को बाबा मंगली नाथ धाम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल नवाबगंज के मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, अतुल सिंह, ओम प्रकाश, पिंटू गुप्ता आदि थे। उधर, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत पीएचसी चौगड़वा नवाबगंज में हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य जवाहर लाल यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सद्दाम हुसैन ने किया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट महेश कुमार, सोनू, धर्मराज, अमन आदि मौजूद रहे।

10 निरीक्षक व 6 उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में हुआ फेरबदल

बहराइच, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मंगलवार 10 निरीक्षक और 6 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।

निरीक्षक स्तर पर हुए बदलाव में बृजेश कुमार मिश्रा को हुजूरपुर से कैसरगंज थाना भेजा गया है। जबकि संतोष कुमार अवस्थी को रानीपुर थाना का प्रभारी बनाया गया है। करुणाकर पांडे को पयागपुर से रिसिया और निरीक्षक मिथलेश कुमार राय को फखरपुर से पयागपुर थाना का प्रभारी बनाया गया है। थानाधीश रानीपुर ब्रह्म गोंड फखरपुर थाने के प्रभारी नियुक्त किए गए है। निरीक्षक ज्ञान सिंह को एएचटीयू थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। चंद्रेश कुमार को अभिसूचना इकाई का प्रभार दिया गया है। प्रदीप कुमार सिंह को हुजूरपुर, राजनाथ सिंह को नानपारा कोतवाली और रामाज्ञा सिंह को दरगाह थाने का प्रभार सौंपा गया है। उप निरीक्षको में रामगांव थाना प्रभारी राजकुमार पांडे को विशेश्वरगंज थाना भेजा गया है। मदन लाल को थाना रामगांव, गोपाल तिवारी को चौकी खुटेहना का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह फेरबदल कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनहित में किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार : एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नेवादा पूरे कस्वाती निवासी राहुल गुप्ता (26) पुत्र भागीरथ का शव खेत में खंभे के किनारे पड़ा मिला। चचेरे भाई मंशाराम ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 4 बजे राहुल अपने दूसरे घर जा रहा था। खेत में बिजली के खंभे के पास उसका शव पड़ा था। राहुल को सीएचसी नानपारा लाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि परिजनों द्वारा करंट लगने की बात बताई गई। प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

सौहार्द के साथ मनायें त्योहार : आईजी

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : आईजी अमित पाठक ने डीएम अक्षय त्रिपाठी व एसपी रामनयन सिंह के साथ थाना हरदी में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से अपील की कि सौहार्द के साथ त्योहारों को मनायें। पाठक ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही भी की जायेगी।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में पर्वों को शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के निमित्त सुरक्षा बलों के साथ-साथ ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों की तैनाती की गई है। ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये गये हैं कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय स्तर पर यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान भी करायें। डीएम व एसपी ने लोगों से धार्मिक आयोजनों में नशे का सेवन न करने की अपील की।

धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती

बहराइच, अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर शस्त्रों का पूजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने शस्त्रागार में रखे शस्त्रों का पूजन अर्चन और आरती की। इसके बाद पुलिस लाइन में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हवन करते पुलिस अधीक्षक।

रुपईडीहा : कस्बे में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनायी गयी। विभिन्न प्रतिष्ठानों, कार्यशालाओं पर पूजा-अर्चना की गई। परिवहन निगम में एआरएम राम प्रकाश के नेतृत्व में पूजा का आयोजन किया गया। वहीं कस्बे में सीताराम शर्मा ने विधि विधान से पूजा-पाठ कर प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार संतोष विश्वकर्मा, पुनीत गुप्ता, कन्हैया, लक्की बिल्डिंग वर्क्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर भी पूजा की गयी।

नवाबगंज : क्षेत्र में विश्वकर्मा जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान हवन-पूजन के साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कई प्रतिष्ठानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। नवाबगंज के अवधूत गांव चौराहे पर मंडहवा गांव में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

विद्युत उप केन्द्र नवाबगंज नंदा गांव में अवर अभियंता बृजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व मे विश्वकर्मा पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित नीरज कुमार पाठक, दिलीप कुमार शर्मा, इमरान खान, पैगंबर खान, प्रमोद कुमार यादव, अमृत लाल, शाहिद खान आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

बलरामपुर अमृत विचार : विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने महासचिव दिलीप चौहान की अगुवाई में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय में टीईटी अनिवार्यता से उत्पन्न भ्रम को दूर करने हेतु प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा को सौंपा। सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने शिक्षकों की मांग को जायज ठहराया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला, महामंत्री तुलाराम गिरी, संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामानुज वर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प. बंगाल में बलरामपुर के श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

संवाददाता, बलरामपुर

● दर्जनों श्रद्धालु घायल, वर्धमान मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए कराये गये भर्ती

अमृत विचार : जगन्नाथपुरी जा रहे बलरामपुर जनपद के तीर्थयात्रियों से भरी बस बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के गुरप थाना क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में कटरा पिपराघाट निवासी 45 वर्षीय रामदेव मिश्र पुत्र दीनानाथ मिश्र की मौत हो गई, जबकि कई श्रद्धालु घायल हो गए। जिला प्रशासन द्वारा पुष्टि किए गए घायलों में बरायल निवासी धनीराम, उतरौला के अब्दुल अजीम, मगईपुर की लीलावती व सहरल, गोकुरमनगर की शांति, अमारेभरिया के दयानंद, देवरिया मैनहा के केसरीनंदन मिश्र, रेहरा बाजार की कमला व गोकुलनगर के रामफल शामिल हैं। सभी को वर्धमान मेडिकल कॉलेजमें भर्ती कराया गया है। यह जत्था पेड़रिया निवासी मुश्ताक प्रधान की बस से 9 सितम्बर को रवाना हुआ था, जिसमें उतरौला क्षेत्र के करीब 100 यात्री सवार थे। जिला प्रशासन ने नौ श्रद्धालुओं के घायल होने की आधिकारिक पुष्टि की है, जबकि परिजनों के अनुसार इटवा की कमला, केराडीह के शिवनरेश शुक्ल, देवरिया मैनहा की ऊषा मिश्र, मगईपुर की बच्ची देवी, धौरहरा निवासी जगदीश व उनकी पत्नी बच्ची देवी, अमारेभरिया की बड़की सहित अन्य कई श्रद्धालु भी घायल बताए जा रहे हैं। डीएम पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय लगातार हुगली प्रशासन और परिजनों से संपर्क में हैं।

प्रशासन जारी किया हेल्पलाइन नंबर

प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 05263-236250 व 9161599000 जारी किए हैं, जिन पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बिना पंजीकरण चल रहा क्लीनिक सील

बलरामपुर, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई में नगर कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हेल्थ केयर हॉस्पिटल एंड डेंटल क्लीनिक पकड़ा गया। इस मामले में संचालक डॉ. अजय कुमार पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया गया है। क्लीनिक को सील कर दिया गया है और कुछ दवाएं व उपकरण जब्त कर लिए गए हैं। एसीएमओ डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 11 अगस्त को की गई छापेमारी में क्लीनिक बिना वैध रजिस्ट्रेशन के पाया गया। अजय पांडेय स्वयं को डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रहे थे, लेकिन कोई प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। निरीक्षण में डेंटल कुर्सी, बेड, दवाएं और अन्य उपकरण मिले।

बसन्त लाल इंटर कॉलेज प्रबंधन पर शिकंजा

बलरामपुर, अमृत विचार : तुलसीपुर स्थित बसन्त लाल इंटर कॉलेज का प्रबंधन अब कानूनी दायरे में आ गया है। शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए देवीपाटन के संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कॉलेज के प्रबंधक सलिल सिंह 'टीटू' और अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल को अंतिम नोटिस जारी कर कई अहम दस्तावेज मांगे हैं।

कॉलेज के मुख्य ट्रस्टी विवेक गोयल ने अवैध प्रबंधन की शिकायत दर्ज कराई थी। सात दौर की सुनवाई के बाद 8 जुलाई को अंतिम सुनवाई हुई। नोटिस में उल्लेख है कि प्रबंधक द्वारा वर्ष 2011 में अनुमोदित बताई गई प्रशासन योजना का कोई रिकॉर्ड

बसंत लाल इंटर कालेज तुलसीपुर।

शिक्षा विभाग के पास मौजूद नहीं है। इसे जाली तरीके से अनुमोदित दर्शाया गया था। इसके अलावा, ट्रस्ट को सोसाइटी में बदलने की कोशिश पर भी संयुक्त शिक्षा निदेशक ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने ट्रस्ट और सोसाइटी के मूल अभिलेखों समेत सभी आवश्यक साक्ष्य तत्काल प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

शताब्दी वर्ष की तैयारी में जुटा संघ

बलरामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं आगामी विजयदशमी उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलेभर के नगरों और ब्लॉकों में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन का पूर्वाभ्यास किया। आयोजन में 900 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

संघ की ओर से बताया गया कि 2 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर जिले के हर नगर और ब्लॉक स्तर पर पथ संचलन निकाला जाएगा। विभाग प्रचारक प्रमुख मनीष ने कहा कि सभी शाखाओं पर प्रतिदिन अभ्यास कराया जा रहा है ताकि मुख्य दिवस पर अनुशासन और एकरूपता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं भाजपा की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत व अन्य।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

बलरामपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक पलटू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', डीएम पवन कुमार अग्रवाल, सीडीओ हिमांशु गुप्ता, सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश चतुर्वेदी एवं सीएमएस डॉ. राज कुमार आदि मौजूद रहे। प्रियंका रावत ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में विशेष स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत

जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर समर्पित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बुधवार को पौधरोपण और रक्तदान शिविर सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन सेवा, समर्पण और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का सशक्त संदेश लेकर सामने आया।

दिन की शुरुआत तुलसी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई। इसमें उपस्थित अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संदेश दिया गया कि हरित भारत की परिकल्पना को साकार कर भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सौंपना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इसे जरूरतमंदों के जीवन रक्षण हेतु एक सराहनीय कदम माना गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत मौजूद रहीं। सदर विधायक पलटू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू', जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, डीपी सिंह बैस, आद्या सिंह पिंकी, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, शेरावाली शुक्ल, जयंत सिंह धर्मू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, युवा नेता भानु तिवारी, मयूर सूर्यवंशी, संदीप उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा, शिवम मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्तदान करता व्यक्ति और मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

भगवान विश्वकर्मा शोभायात्रा में शामिल पूर्व विधायक और विश्वकर्मा समाज के लोग।

विश्वकर्मा पूजा पर निकली शोभायात्रा

पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार : विश्वकर्मा जयंती पर मंगलवार को विश्वकर्मा जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष विजयपाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में पचपेड़वा में शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू', विशिष्ट अतिथि में डॉ. पवन कुमार शर्मा (प्राचार्य, दीप नारायण सिंह डिग्री कॉलेज तुलसीपुर), ब्लॉक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, कवि अरुणेश कुमार विश्वकर्मा 'अनंत' और पारसनाथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्ष विजयपाल विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा की महिमा बतायी। संरक्षक धर्मराज विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. रामविलास विश्वकर्मा, संगठन मंत्री अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा, महामंत्री विजय बहादुर विश्वकर्मा, मंत्री सोनू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व समाज के लोग शामिल हुए।

न्यूज ब्रीफ

सिद्धार्थ विवि में नियमविहीन नियुक्ति पर उठे सवाल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : सिद्धार्थ विवि में 70 से अधिक अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति मौखिक साक्षात्कार के माध्यम से की गई है, लेकिन इस प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कई नियुक्त प्रवक्ता न तो नीट उत्तीर्ण हैं और न ही उनके पास पीएचडी की डिग्री है, जो कि आवश्यक योग्यता मानी जाती है। इतना ही नहीं, मंचकला व पेंटिंग जैसे शून्य छात्र संख्या वाले विषयों में भी नियुक्तियां हुई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रिक्त पदों से अधिक नियुक्तियां बिना आवश्यक अनुमति के की हैं, जिससे यह प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है। इस पर विश्वविद्यालय की मंशा और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नवरात्र को लेकर बढ़नी में हुई पीस कमेटी की बैठक

शोहरतगढ़ ,सिद्धार्थनगर अमृत विचार : बढ़नी कस्बे में नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सात्विक मैरिज हॉल में हुई इस बैठक में उपजिलाधिकारी विवेकानन्द मिश्र ने लोगों से पारम्परिक रूप से त्योहार मनाने व सतर्क रहने की अपील की। क्षेत्राधिकारी प्रवीण प्रकाश ने अफवाहों से बचने और डीजे बजाने में नियमों के पालन की बात कही। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बैठक में पण्डाल समितियों व प्रशासन के बीच समन्वय पर चर्चा हुई। चौकी प्रभारी, बिजली विभाग के कर्मी व सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे। सभी से सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अनुरोध किया गया। बैठक में चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, बिजली विभाग के लाईनमैन विजय शर्मा, सभासद सतीश शर्मा, पंकज चतुर्वेदी, नितेश रौनियार, यश कसौधन, श्रीराम, त्रिजुगी अग्रहरि, आशीष अग्रहरि, रिंकू अग्रहरि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

केक काटकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर कुशीनगर में कही झाड़ू लगा, कटा केक, एक दुसरे को मिठाई खिलाई गई तो वही लोगों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण की पोटली वितरण किया। पीएम मोदी के जन्मदिन पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका के वार्ड नंबर एक खागी बाबा कुटी परिसर में सेवा पखवाड़े के स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के परिसर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डां अमित कुमार व विधायक मोहन वर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह ने पीएम के जन्मदिन पर एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही लोगों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण की। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि चिकित्सा सम्बन्धी समस्त सुविधाओं का लाभ सभी को मिले तभी सरकार की मंशा हम पूर्ण कर सकते है।

सेवा दिवस के रूप में मना पीएम मोदी का जन्म दिवस

सांसद जगदम्बिका पाल ने किया स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान व पोषण माह का शुभारंभ, गोदभराई व टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

पीएम मोदी @ 75

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

दीप प्रज्जवल कर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का उद्घाटन करते डुमरियागंज जगदम्बिका पाल। अमृत विचार

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का शुभारंभ भव्य तरीके से किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के धार जनपद से इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत का सीधा प्रसारण मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर में दिखाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव और जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई और अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर किया गया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की दिशा में यह अभियान शुरू किया है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें महिलाओं का रक्तचाप, मधुमेह, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, एनीमिया एवं टीबी की निःशुल्क जांच की जा रही है। विधायक जय प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है।

उन्होंने स्वदेशी अपनाओ के प्रधानमंत्री के आह्वान को दोहराते हुए सभी से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील की। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं यदि स्वस्थ होंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर नियमित जांच कराने का आग्रह किया।भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज परिसर में हेल्थ प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया गया। इस दौरान गोदभराई और टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी स्टॉल भी लगाए गए। अंत में जनप्रतिनिधियों द्वारा एक-एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन, डीपीआरओ नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

सिद्धार्थ नगर,अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा की इकाई द्वारा जिला ब्लड बैंक स में आयोजित रक्तदान शिविर में युवा भाजपा नेताओं ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक विपिन सिंह रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाजयुमो के जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा तथा सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय रहे। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा किया जा रहा रक्तदान कार्यक्रम अत्यंत ही सराहनीय व दैवीय कार्य है। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि रक्तदान महादान है और विपरीत परिस्थितियों में यही रक्त बीमार और पीड़ित परिवारों के लिए काम आता है, इस पुनीत कार्य के लिए में युवा मोर्चा के साथियों को बधाई देता हूं। जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक विपिन सिंह ने सभी रतदाताओं और उपस्थित अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आभार प्रकट किया।

पीएम मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर रक्तदान करते भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

विधायक ने किया योजना का शुभारंभ

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार में बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही व नगर पंचायत उसका बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने किया। विधायक श्यामधनी राही ने शिविर में पहुंचे लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उसका बाजार बीपीएम मनीष पांडे बीसीपीएम कृष्ण मोहन पांडे बैम रमेश भास्कर सहित कई आंगनबाड़ीकार्यकत्री कस के चिकित्सक व एएनएम फार्मासिस्ट समेत सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

फीता काटकर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन करते विधायक श्यामधनी राही।

सत्यसाईं पर विशेष ठहराव व मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा 23 नवम्बर को श्री सत्यसाईं बाबा के शताब्दी वर्ष समारोह पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए 15024/15023 यशवन्तपुर–गोरखपुर–यशवन्तपुर एक्सप्रेस का दो मिनट का अस्थाई ठहराव श्री सत्यसाईं प्रशांति निलयम स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। फलस्वरूप ये गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से निम्नवत चलाई जायेगी। यशवन्तपुर से 13 से 27 नवम्बर तक चलने वाली 15024 यशवन्तपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस श्री सत्यसाईं प्रशांति निलयम स्टेशन पर 01.28 बजे पहुंचकर 01.30 बजे छूटेगी।

अदालती सूचना

हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

एच0 सी0जे0 फार्म नं0 33 पार्ट नं0 – 7
न्यायालय तहसीलदार महोदय लम्भुआ, जिला सुलतानपुर
ता0 पेशी 29/09/25
वादी संख्या T20250468030804191
ई0
ज्ञानचन्द आदि –वादी
बनाम
रामअजोर – प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित.....ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है ... अतः एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 2025 के 09/29 के दिवस को पूर्वाह्न या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025/09/ 25 के दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से
न्यायालय तहसीलदार

विश्वकर्मा जयंती पर युवा कारीगरों को दिया गया टूलकिट

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार: विश्वकर्मा दिवस 2025 के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत टूलकिट वितरण, ऋण वितरण, कारपोरेट प्रशिक्षण वितरण, एवं मेगा ऋण वितरण, नियुक्ति पत्र वितरण, मुख्यमंत्री युवा प्रशस्ति वितरण कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गया।

उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद स्तर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सदस्य विधान परिषद, उप्र बहराइच डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल विश्वकर्मा जयन्ती की हस्त शिल्पी को बधाई दिया। सांसद ने कहा कि आज उप्र बीमारू प्रदेश से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। पहले भी भारत विकसित था। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद सिद्धार्थ नगर में काला नमक चावल को चयनित किया गया है। आप लोग अपने हुनर से रोजगार प्राप्त कर स्वरोगार करे। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने विश्वकर्मा जयन्ती की बधाई दिया। विधायक कपिलवस्तु ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत श्रमिको के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ दिया जा रहा है। सदस्य विधान परिषद, बहराइच डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि यूपी प्रगति के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान द्वारा विश्वकर्मा जयन्ती की बधाई दिया।

गोरखपुर एयरपोर्ट पर मना यात्री सेवा दिवस

संवाददाता, गोरखपुर

गोरखपुर एयरपोर्ट पर राज्यसभा सांसद का स्वागत किया गया। अमृत विचार

अमृत विचार: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के दिशानिर्देश पर बुधवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पर यात्री सेवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर यात्रियों का स्नेहिल अभिनंदन करने के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यात्री सेवा दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय वायुसेना के एयर ऑफिसर कमांडिंग प्रशांत कुमार, ग्रुप कैप्टन अर्शी सिद्दिकी, गोरखपुर एयरपोर्ट के निदेशक आरके पराशर, सहायक महाप्रबंधक संचार विजय कौशल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एयरपोर्ट को खूबसूरती से सजाया गया था और आने वाले यात्रियों का पुष्पवर्षा व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विशिष्ट यात्रियों में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल भी शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, गणमान्य जन और यात्रियों का स्वागत करते हुए एयरपोर्ट निदेशक श्री पराशर ने कहा कि आज का आयोजन यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने, विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने तथा सुगम यात्रा माहौल सुनिश्चित करने के प्रति भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के संकल्प की सिद्धि है। यात्री सेवा दिवस के अवसर पर एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही बच्चों के लिए चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। साथ ही लाइफ केयर हॉस्पिटल की डॉ. मुदिता जायसवाल की देखरेख में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में यात्रियों की विविध स्वास्थ्य जांच कर जरूरी परामर्श दिया गया। इस दौरान जिला अस्पताल की टीम ने रक्तदान शिविर भी लगाया जिसमें लोगों से उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान, जीवनदान के मंत्र को साकार रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान एक ओर जहां लोकनृत्य स्टाल लगाकर यात्रियों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ा गया तो वहीं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण किया गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने लिटिल फ्लॉवर स्कूल धर्मपुर के विद्यार्थियों को एयरपोर्ट का भ्रमण कराया और विमानन क्षेत्र में करियर की संभावना पर आधारित एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया।

रानी गणेश कुंवरि पी. जी. कालेज जामों – अमेठी (उ. प्र.)

आवश्यकता

शिक्षक–प्रशिक्षण संकाय (बी.एएड.) पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष – 1 पद, प्रवक्ता –16 पद एवं स्नातक स्तर पर बी. एससी. (कृषि) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता –09 पद, एवं परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम. ए.) पाठ्यक्रम हेतु भूगोल – 02 पद एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.) पाठ्यक्रम क्रम में हिन्दी – 01 पद प्रवक्ताओं की।
योग्यता स्वं वेतनमान – यू. जी. सी., एन. सी. टी. ई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 07 दिवसों के अन्दर अपने अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करें।
मोबाइल नं: 9450707521

कार्यालय ग्राम पंचायत आलापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–17.09.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आलापुर, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त /केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भट्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–18.09.2025 से 24.09.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत आलापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–24.09.2025 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	इदरीस के घर से सुनील सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य।	4,36,990 रुपये।	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईंट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, गिट्टी आदि सामग्री।	100
2	नाजिम के घर से हरीराम के घर तक इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य।	4,36,443 रुपये	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईंट गिट्टी, इंटरलश्वकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, गिट्टी आदि सामग्री	100

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत आलापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पूर्वोत्तर रेलवे में 23 सितम्बर तक चलेगा राजभाषा सप्ताह समारोह

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे पर राजभाषा सप्ताह समारोह–2025 का आयोजन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल के निर्देशन में तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी की देखरेख में 18 से 23 सितम्बर,2025 तक किया जायेगा। समारोह के दौरान राजभाषा के प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राजभाषा सप्ताह के दौरान 18 सितम्बर को 15.30 बजे रेलवे अधिकारी क्लब में साहित्यिक संगोष्ठी, 19 सितम्बर को 15.30 बजे रेलवे अधिकारी क्लब में स्वास्थ्य संगोष्ठी, 20 सितम्बर को रेलवे स्कूल में रेलवे स्कूल के बच्चों के लिये वाक/स्लोगन/पेंटिंग प्रतियोगितायें, 22 सितम्बर को 12.00 बजे बहुविषयक पद्धति प्रशिक्षण केन्द्र में कर्मचारियों के लिये हिन्दी क्विज् प्रतियोगिता एवं 16.00 बजे रेलवे अधिकारी क्लब में अधिकारियों के लिये हिन्दी क्विज् प्रतियोगिता तथा 23 सितम्बर,2025 को 16.00 बजे रेलवे आडिटोरियम,गोरखपुर में महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 की पूर्वोत्तर रेलवे पर हुई शुरुआत

संवाददाता,गोरखपुर

- **महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने दिलाई शपथ और किया श्रमदान**

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे पर स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान की शुरुआत महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 से की। इस अवसर पर उन्होंने प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा संयुक्त रूप से स्वच्छता श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया। महाप्रबंधक बोरवणकर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि महात्मा गांधी का सपना था एक स्वच्छ और विकसित भारत का, जिसे साकार करने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, "मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और हर वर्ष कम से कम 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा और न किसी और को करने दूंगा। महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि वह इस शपथ को कम से कम 100 अन्य लोगों से भी दिलवाने का प्रयास करेंगे, जिससे जन जागरूकता और भागीदारी को बल मिले। उन्होंने बताया कि दुनिया के वे देश जो स्वच्छ हैं, वहाँ के नागरिक स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होते हैं। इसी सोच को लेकर हमें गांव-गांव और गली-गली में स्वच्छता अभियान को पहुंचाना है। शपथ ग्रहण के पश्चात महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर स्वच्छता मशीन चलाकर सफाई कार्य किया और लगभग 200 मीटर की क्लीनलीनेस टारगेट यूनिट की सफाई हेतु श्रमदान किया। उन्होंने महिला सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही प्लेटफॉर्म ट्रैक से पानी और कचरे की निकासी, ड्रेन कवर की मरम्मत हेतु निर्देश भी दिए।

गोरखपुर स्टेशन के प्लेटफार्म–1 पर स्वच्छता शपथ दिलाते हुये महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर।

कार्यालय–नगर पंचायत जहाँगीरगंज– अम्बेडकरनगर

पत्रांक : 796 / न0पं0जहाँ0/ 2025–26 दिनांक : 17/09/025

नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जहांगीरगंज– अम्बेडकरनगर सीमान्तर्गत दिनांक –25.09.2025 को समय 11.00 बजे नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत नेवारी दुराजपुर में स्थित बारात घर (पूर्व में मदरसा इस्लामिया बरकतुल उलूम निस्वा) में स्थित 08 अद्द दुकान की नीलामी/बोली सम्पादित कराया जाना है। जिस में आवश्यक कागजात दिनांक 24.09.2025 को समय 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत जहांगीरगंज में जमा किया जाना आवश्यक होगा। बिना कारण बताये बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। उक्त के सम्बन्ध में शेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत जहांगीरगंज से की जा सकती है। मदों का विवरण निम्नलिखित हैं।

क्रम सं0	मदों का नाम	वांछित अभिलेख	धरोहर धनराशि	वार्षिक किराया प्रति दुकान	अवधि
1	08 अद्द दुकान की नीलामी	आधार कार्ड या वोटर आईडी	15000.00	10,000.00	10 वर्ष के लिए किराया

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जहांगीरगंज
अम्बेडकरनगर।

अध्यक्ष
नगर पंचायत जहांगीरगंज
अम्बेडकरनगर।

अमृत विचार

गुरुवार, 18 सितंबर 2025



कभी-कभी अच्छी चीजें बिखर जाती हैं, ताकि बेहतर चीजें एक साथ आ सकें।

-मर्लिन मुनरो, हॉलीवुड अभिनेत्री

संबंधों में सकारात्मक संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देना केवल एक औपचारिक संवाद नहीं है। यह उन संकेतों में से एक है, जो दर्शाते हैं कि दोनों देशों के बीच हाल के तनावपूर्ण संबंध अब पुनः सहजता और सहयोग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका के रिश्तों में व्यापारिक मतभेदों और शुल्क विवादों ने कटुता बढ़ाई थी। विशेष रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क वृद्धि ने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच अविश्वास की खाई गहरी कर दी थी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक साझेदारी हमेशा से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्त्वपूर्ण रही है, किंतु शुल्क वृद्धि ने इस रिश्ते को तनावपूर्ण बना दिया था। यह स्थिति केवल वस्तुओं और सेवाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि इससे निवेश और तकनीकी सहयोग पर भी असर पड़ने लगा। ऐसे में ट्रंप का यह संदेश कि भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता बनी हुई है, एक सकारात्मक पहल कही जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत में जन्मदिन की बधाई के साथ-साथ वैश्विक संकटों पर भी विमर्श हुआ। विशेष रूप से यूक्रेन मुद्दे पर भारत की संतुलित और शांति-समर्थक भूमिका की अमेरिकी प्रशंसा यह स्पष्ट करती है कि भारत अब विश्व राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण और स्वतंत्र स्वरूप के तौर पर उभरा है। यह न केवल भारत की विदेश नीति की सफलता है, बल्कि उसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का भी प्रतीक है। इसके साथ ही यह संदेश भी निहित है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक विमर्श का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। व्यापारिक संबंधों से आगे बढ़कर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग की आवश्यकता आज और अधिक प्रबल हो गई है। रक्षा, तकनीक, शिक्षा, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का साथ विश्व व्यवस्था के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। चीन की आक्रामक नीतियां और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की अस्थिरता इस सहयोग को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं। भारत की विशाल युवा आबादी, विज्ञान-तकनीक में तेजी से हो रही प्रगति और लोकतांत्रिक ढांचा इसे अमेरिका के लिए एक स्वाभाविक साझेदार बनाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह आश्वासन कि भारत इन साझेदारियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, निस्संदेह भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

हालांकि एक शिष्टाचारपूर्ण फोन कॉल से व्यापारिक और रणनीतिक मतभेद समाप्त नहीं हो सकते, परंतु यह संवाद नए विश्वास की नींव अवश्य रख सकता है। अमेरिका और भारत यदि आपसी मतभेदों को पीछे छोड़कर साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करें, तो यह सहयोग वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों देशों को चाहिए कि वे संवाद और समझदारी से विवादों का समाधान निकालते हुए नई संभावनाओं को साकार करें। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मिलकर काम करने से वैश्विक स्तर पर दोनों की साख और प्रभाव और अधिक मजबूत होगा।

प्रसंगवश

बदल रहा है किशोरों का मानसिक 'डीएनए'

वर्ष 2024 के आखिर तक दुनिया में स्मार्ट फोन प्रयोग करने वालों की संख्या सात अरब 20 करोड़ तक पहुंच गई थी। इनमें से 49 प्रतिशत किशोर और युवजन हैं, जिनमें से 20 प्रतिशत अर्थात तरकीबन एक अरब ऐसे हैं, जो सेल फोन का इस्तेमाल गैर-अकादमीय उद्देश्य से करते हैं। दुनिया में करीब सात अरब लोगों के पास निजी इस्तेमाल के लिए स्मार्ट फोन हैं। टेलिकॉम सेक्टर में हालांकि 15 वर्ष से कम किशोरवय प्रयोगकर्ताओं के बारे में कॉम्प्रेहेंसिव मॉडयूलर सर्वे 2025 में डाटा उपलब्ध नहीं है, फिर भी 15 से 29 वर्ष के आयु के बीच के व्यक्तियों के डाटा में से 15 से 19 वर्ष की उम्र के किशोरों की संख्या आधी भी लगाएं तब भी अनुमान है कि इनमें से 95 प्रतिशत अर्थात 30 करोड़ से अधिक बच्चे सेल फोन इस्तेमाल करते हैं। 14-16 वर्ष की आयु के बीच के



रनबीर सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

76 प्रतिशत किशोर स्मार्ट फोन का इस्तेमाल भारत में करते हैं। दो सितंबर 2025 को जारी की गई ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट से भी उक्त डाटा की पुष्टि होती है।

भारत के किशोर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं। इंडियन साइकियाट्री जर्नल के फरवरी 2025 के अंक में एक अध्ययन 'इज इट टाइम फॉर इंडिया' तो 'सेट सोशल मीडिया एज लिमिट्स फॉर एडोलैसैंट्स' छापा गया है, जो हमारी चिंता को बढ़ाता है। किशोरों को उनके माता-पिता इसलिए सेल फोन दिलाते हैं कि उन्हें बच्चे की सुरक्षा की दरकार होती है और वे हर समय लड़के या लड़की से कांटेक्ट में रहना चाहते हैं, ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रख कर खुद चिंता मुक्त रह सकें और इमरजेंसी होने पर उन तक पहुंच सकें, लेकिन सेल फोन से वे यू-ट्यूब उतेजक और मार-धाड़ या रोमांचक विषयों वाली विडियो क्लिप्स एवं फिल्में आदि भी देखते हैं। भारत में सॉफ्ट साइबर अपराधों पर पुलिस नजर नहीं रखती, क्योंकि यह क्राइम के दायरे में नहीं है, लेकिन साइकोलॉजिकल तरीके से देखें तो यह एक सीमा का उल्लंघन जरूर होता है।

सेल फोन आने के बाद माता-पिता और दादा-दादी की पीढ़ी के लोग किशोरवय के अपने बच्चों के मानसिक स्वस्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे हमारे बच्चे नियमित सामान्य जीवन यापन के ढर्रे से बिलकुल अलग तरह से विकसित हो रहे हैं। हमारे देश के लिए सेल फोन इस्तेमाल के लिए डाटा जुटाना और रेगुलेशन एक चुनौती बन चुका है, जिसके बारे में देश के फॉरेंसिक साइकियाट्रिस्ट्स कुछ समय से आगाह कर रहे हैं। हमारे किशोर बच्चों का मानसिक 'डीएनए' बदल रहा है।

इंडियन साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन का सार यह है कि भारतीय किशोरों के जीवन में सोशल मीडिया पर समय बिताना एक नशे की तरह तेजी से फैल गया है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में जाहिरा लाभों और चुनौतियों का एक जटिल मिश्रण विशेष रूप से प्रस्तुत करता है। सेल फोन देने के बाद इस्तेमाल पर हालांकि किशोर बच्चों पर प्रतिबंध या पूर्ण प्रतिबंध लगाना उन्हें साइबर धमकी या हानिकारक सामग्री के संपर्क में से आने से बचाना है और स्क्रीन समय में वृद्धि जैसे जोखिमों से सुरक्षा प्रदान कर सकता है, परंतु प्रतिबंध के जो संभावित खतरे नजर आते हैं, उनमें डिजिटल बहिष्कार, सहकर्मी सहायता नेटवर्क में व्यवधान, शैक्षिक और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक सीमित पहुंच शामिल है। स्क्रीन समय में वृद्धि का एक दुष्परिणाम है स्क्रीन से निकलने वाले ब्लू रेज की वजह से आंखों की झिल्ली से खून का रिसना और दृष्टि का नुकसान।

आसान नहीं है देशभर में एसआईआर

रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम पूरा होते ही चुनाव आयोग अब बिहार की तर्ज पर देश भर में एसआईआर कराएगा। इसकी शुरुआत अक्टूबर के पहले हफ्ते से हो सकती है। चुनाव आयोग ने बीते दिनों सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ चर्चा में एसआईआर से जुड़ी तैयारियों को जांचा। साथ ही बिहार में कराए गए एसआईआर के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करने के निर्देश दिए।

एसआईआर पर विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है। संसद के मानसून सत्र में सड़क से लेकर संसद तक एसआईआर का विपक्ष ने जमकर विरोध किया। विपक्ष के विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने एसआईआर नहीं रोका। बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इस दिन बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी। एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यान से सुना और चुनाव आयोग को दिशा निर्देश भी दिए।

आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए, भले ही इसमें कुछ विलंब हो। बिहार के अनुभव ने इस आवश्यकता पर और अधिक बल दिया है कि पूरे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन होना चाहिए। सच तो यह है कि यह कार्य एक निश्चित अंतराल बाद होते रहना चाहिए। यह ठीक नहीं कि बिहार में 2003 के बाद अब जाकर मतदाता सूची के सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी।

चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे।

इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी मुल्कों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निःसंदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने के लिए तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग को एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सत्तारूढ़ दल के असहयोग के साथ अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। एक बड़ी चुनौती उन दस्तावेजों के सत्यापन की हो सकती है, जिनके आधार पर कोई अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए दस्तावेजों में आधार को भी शामिल कर लिया है। बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए लोगों ने मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार और अन्य अनेक वे दस्तावेज हासिल कर लिए हैं, जिनसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है और साथ ही खुद को भारतीय नागरिक बताया जा सकता है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि गैरभारतीय नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा गलत जानकारी के आधार पर भारतीय नागरिक होने के पहचान पत्र हासिल कर लें और अंततः मतदाता भी बन जाएं। ऐसे लोग केवल भारतीय लोकतंत्र के साथ छल करने वाले ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकते हैं।

कोई भी चुनाव हो, उसमें मतदान करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिलना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है, लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है, जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है।

बीते अगस्त में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता बिहार के सासाराम में चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इसके कुछ ही मिनटों के बाद सासाराम से करीब 900 किलोमीटर दूर देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग की तरफ से इन आरोपों पर जवाब देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर 'वोट चोरी' कर रहे हैं और 'बिहार में एसआईआर वोट चोरी करने की कोशिश' है। जिस तरीके से विपक्ष वोट चोरी के आरोप लगा रही है और चुनाव आयोग को लगातार निशाने पर लिए हुए है, ऐसे में देशभर में जहां एनडीए की सरकार नहीं है, वहां एसआईआर की राह में मुश्किलें खड़ी होना लाजिमी है। अब यह देखना अहम होगा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के विरोध से निपटकर एक साफ सुथरी वोटर लिस्ट कैसे तैयार करता है!

बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इसके बाद पूरे देश में इस अभियान को शुरू करने की तैयारी है। चुनाव आयोग के लिए आगे की राह कठिन रहने वाली है।

आमने

हाफिज सईद के बाद अब शाहिद आफरीदी राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं, हैरानी नहीं है। भारत से नफरत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक साथी मिल जाता है।

-शहजाद पूनावाला

प्रवक्ता

भारतीय जनता पार्टी

सामने

सत्ता रूढ़ पार्टी को कांग्रेस से सवाल पूछने में शर्म आनी चाहिए, जबकि वह खुद उनसे (शाहिद आफरीदी) संबंध रखे हुए है। आप मीठी-मीठी बातें करते हैं, आप दोस्ती निभाते हैं और आप हमसे सवाल करते हैं।

-सुप्रिया श्रीनेत

प्रवक्ता, कांग्रेस पार्टी

थोरियम देगा देश को महाशक्ति बनने की ऊर्जा

धर्मेंद्र दास बैरागी

शोधार्थी, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय

रॉकेट ब्वायज वेब सीरीज का वह सीन हम सभी को याद है, जब डॉ. होमी जहांगीर भाभा, जिन्हें कि हम आधुनिक भारतीय परमाणु शक्ति का पितामह कहते हैं, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक छोटी सी डिबिया में एक पत्थर का टुकड़ा देते हैं और कहते हैं कि मैं आपके जन्मदिन के माध्यम से देश को इस छोटे से पत्थर से रोशनी एवं ऊर्जा का उपहार देना चाहता हूं। उस छोटे से पत्थर का नाम था, यूरेनियम। यूरेनियम परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली का निर्माण भी करता है तथा विध्वंसक परमाणु हथियारों का मूल भी यही है।

यूरेनियम जितना ऊर्जादाता है उतना ही विध्वंसक भी। भारत के पास इस यूरेनियम तत्व की कमी भी है। हमें यूरेनियम के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह बात डॉ. भाभा बहुत ही अच्छी तरह से जानते थे, इसलिए उन्होंने परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली के निर्माण के लिए त्रिस्तरीय योजना का खाका तैयार कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस योजना के तीसरे स्तर में भारत जिस तत्व का उपयोग कर अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बन सकता है, उस तत्व का नाम है थोरियम। दुनिया भर में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत में है। दुनिया भर के 60 लाख टन थोरियम भंडार में से तकरीबन 10 लाख टन थोरियम का भंडार भारत के उडीशा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्यों के समुद्री तटों पर है।

आज जब भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के कारण व्यापार घाटे के बोझ तले, अपनी संवृद्धि दर को तेज नहीं कर पा रहा, तब हमें इस थोरियम के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए इसके उपयोग की आवश्यकता है। हम यह जानते हैं कि जिन भी देशों ने विकास करना चाहा है, उनके लिए सबसे पहली जरूरत ऊर्जा की रही है। भारत आज ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जो कि हम केवल कोयला या कच्चे तेल के माध्यम से पूरी नहीं कर सकते।

डॉ. भाभा ने जिस त्रिस्तरीय परमाणु ऊर्जा अभियान की योजना बनाई थी, उसके प्रथम चरण की शुरुआत भारत ने लगभग पांच दशक पूर्व ही कर दी थी। इसमें प्राथमिक परमाणु रिएक्टरों की नींव स्वयं डॉ. भाभा ने रख दी थी, जिन्हें PHWR (Pressurised Heavy Water Reactors) कहा जाता है। इन रिएक्टरों से प्राकृतिक यूरेनियम U238 को अत्यंत तीव्र दाब से पानी के साथ डालकर बिजली बनाई जाती है एवं अपशिष्ट रूप में प्लुटोनियम P239 प्राप्त किया जाता है जो अगले चरण के लिए आवश्यक है। यूरेनियम को 5 से 20 प्रतिशत शुद्ध करके ही बिजली का निर्माण हो सकता है, जबकि यूरेनियम को 90% शुद्ध करके परमाणु हथियारों का निर्माण किया जाता है। भारत में वर्तमान में 22 PHWR रियेक्टर हैं, जिनकी क्षमता 8180MWe बिजली बनाने की है। इनके अतिरिक्त भारत 700MW क्षमता वाले 10 और रिएक्टरों को बना रहा है। भारत ने पहले चरण में सफलता पा ली है।

दूसरे चरण में Fast Breeder Reactors (FBRs) के माध्यम से जो कि प्लुटोनियम से चलते हैं और थोरियम Th232 से U233 का निर्माण करते हैं। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) एक परमाणु रिएक्टर है, जो उपजाऊ सामग्री, जैसे U238 या Th232, के विकिरण द्वारा खपत से अधिक विखंडनीय सामग्री उत्पन्न करता है, जिसे विखंडनीय ईंधन के साथ रिएक्टर में लोड किया जाता है। इन्हें विद्युत उत्पादन के लिए परमाणु ईंधन आपूर्ति बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान में भारत ने इन एफबीआर के प्रोटोटाइप यानी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) बनाने का प्रयास किया है, जिसका निर्माण वर्तमान में कलपक्कम (तमिलनाडु) में मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन में किया जा रहा है। यह एक 500 मेगावाट विद्युत (एमडब्ल्यूई) फास्ट-ब्रीडर परमाणु रिएक्टर है, यह मिश्रित ऑक्साइड (Mox) ईंधन द्वारा संचालित होता है।

तीसरा चरण थोरियम Th232 और U233 के Mox या Th232 और Pu239 के Mox मिश्रण चक्र पर आधारित होगा। थोरियम स्वयं एक विखंडनीय तत्व नहीं है। यह एक उर्वरक की तरह काम करके और भी ज्यादा यूरेनियम U233 बनाकर उससे बिजली बनाने में सक्षम होगा। दूसरे चरण में उत्पादित U233 तथा Pu239 का उपयोग ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण में किया जा सकता है, जिसमें दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए उन्नत तापीय और तीव्र प्रजनक रिएक्टर शामिल हैं। इसके लिए उन्नत भारी जल रिएक्टर Advanced Heavy Water Reactors (AHWR) प्रस्तावित हैं। भारत के सामने इन रिएक्टरों को बनाने की एक चुनौती यह भी है कि इन रिएक्टर को बनाने का खर्च बहुत ज्यादा है, जिसके लिए बहुत ज्यादा निवेश की आवश्यकता है। हम इसमें तीव्र विकास नहीं कर पाए हैं। किंतु भारत के प्रचुर थोरियम भंडार का लाभ उठाते हुए, यह चरण परमाणु ईंधन आवश्यकताओं के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है, तथा सतत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

भारत ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

सोशल फोरम

कभी यमन का पवित्र पेय हुआ करती थी कॉफी

डच व्यापारियों ने 1600 के दशक में यमन से कॉफी के पौधे चुरा लिए और उन्हें इंडोनेशिया के जावा द्वीप में एक कठोर पर्यावरण में उगाने में सफलता हासिल कर ली। ये कठोर पर्यावरण के बागान यूरोप को असीमित कॉफी बीन्स उपलब्ध कराते थे, जिससे पूरे महाद्वीप में कॉफी का जुनून छा गया।

यह फसल इतनी सफल रही कि 'जावा' यूरोप और अमेरिका में कॉफी का दूसरा नाम बन गया। औपनिवेशिक शोषण की एक विरासत भी, जो आज भी हमारी किताबों में मौजूद है।

यमन में पवित्र पेय से लेकर जावा में वैश्विक वस्तु तक, कॉफी ने विश्व व्यापार और संस्कृति को नया रूप दिया। 9वीं–10वीं सदी, इथियोपिया (काफा क्षेत्र) में कॉफी के पौधे की खोज सबसे पहले खालिद नाम के एक चरवाहे ने की थी। शायद इसीलिए इसका नाम कॉफी पड़ा। 11वीं सदी में ये कॉफी अरब जगत (यमन) पहुंची और सूफी-संत इसे रातभर इबादत और ध्यान के लिए पीने लगे, ताकि नींद न आए।

15वीं सदी– यमन में मोचा (Mocha) बंदरगाह से कॉफी का व्यापार शुरू हुआ।

16वीं सदी– मक्का, काहिरा, दमिश्क और इस्तांबुल तक कॉफी हाउस (कहवा खाना) खुल गए। कॉफी उस दौर में एक 'पवित्र पेय' और सामाजिक मेलजोल का साधन थी।

1600 के दशक में डच व्यापारियों ने यमन से चोरी करके कॉफी के पौधे बाहर निकाले और इस तरह 1616 में पहली बार यूरोप में कॉफी लाई गई।

1650–1700– इंग्लैंड, फ्रांस और इटली में कॉफी हाउस खुलने लगे, वहां कॉफी हाउस को 'पैनी यूनिवर्सिटी' कहा जाता था, क्योंकि यहां लोग एक पैनी देकर कॉफी और ज्ञान दोनों लेते थे।

1600 से 1700 के दौर में डचों ने इंडोनेशिया (जावा) में कॉफी की खेती करवाई और फिर 'Java' शब्द कॉफी का पर्याय बना गया। 1720 में फ्रांसीसी उपनिवेशों (कैरेबियन, मार्टिनीक) में कॉफी पहुंची।

1700 के अंत तक– ब्राजील कॉफी उत्पादन का केंद्र बन गया और आगे चलकर दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बना।

शुएब गाजी

ब्लॉगर

-फेसबुक वाल से

सामयिकी

लड़कियों से किताबों के साथ सपने भी छूट जाते हैं

शिक्षा हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन लड़कियों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। उनके लिए सबसे बड़ा सवाल सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सहज शिक्षा तक पहुंच का होता है। यह सफर उनके लिए बहुत आसान नहीं, क्योंकि गांवों में शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं हैं, जिनसे हर रोज उन्हें गुजरना पड़ता है। मुख्य रूप से स्कूल तक पहुंचने का लंबा रास्ता, परिवहन की कमी, कभी बारिश तो कभी तेज धूप जैसी प्राकृतिक मुश्किलें, लड़कियों के लिए बड़ी रुकावट बन जाती हैं। ऐसी चुनौतियां देश के किसी एक राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की नहीं, बल्कि सभी जगह ऐसी ही स्थितियां देखने को मिल जाती हैं। जब किशोरियां अपने गांव से स्कूल तक जाती हैं, तो वह सिर्फ किताबों का बोझ ही नहीं उठातीं, बल्कि सुरक्षा, सुविधा और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ भी उठाती हैं।

जशोदा

एक्टिविस्ट

राजस्थान के शिक्षा विभाग की 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य के 35% सरकारी स्कूलों में अभी भी शौचालय की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति खासकर लड़कियों की उपस्थिति पर गहरा असर डालती है। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में लड़कियां केवल शौचालय न होने के कारण पीरियड्स के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। यह आंकड़ा केवल बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा से लड़कियों को दूर धकेलने वाला एक मौन कारण भी है। इस मुद्दे को यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो यह समस्या सिर्फ अधूरी इमारतों या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के आत्मसम्मान, उनकी गरिमा और उनके सपनों से जुड़ी है।

जब एक किशोरी को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, तो वह केवल किताबें ही नहीं छोड़ती, बल्कि अपने भविष्य की संभावनाओं का भी एक हिस्सा पीछे छोड़ देती है। उसका सपना डॉक्टर, टीचर या अधिकारी बनने का अधूरा रह जाता है और उसकी दुनिया फिर से घरेलू जिम्मेदारियों में सीमित हो जाती है।

हकीकत यह है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समानता की दिशा में पहला कदम है। जब लड़कियां स्कूल तक नहीं पहुंच पातीं, तो यह लैंगिक असमानता को और गहरा करता है। आंकड़े भी यही बताते हैं। राजस्थान की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार 66.1% थी, जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 80.5% और महिलाओं की मात्र 52.1% थी। बीकानेर जिले में भी यही असमानता दिखती है, जहां पुरुष साक्षरता दर 75.9% और महिला साक्षरता दर सिर्फ 49.4% है। यह अंतर इस बात का प्रमाण है कि लड़कियों की शिक्षा को लेकर आज भी समाज और व्यवस्था दोनों स्तरों पर पर्याप्त जागरूकता नहीं आई है।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि केवल स्कूलों का निर्माण कर देने से समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता है। जब तक बुनियादी ढांचा, सुरक्षित परिवहन और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आएगा, तब तक ग्रामीण किशोरियां शिक्षा के सपनों तक नहीं पहुंच पाएंगी। जरूरी है कि सरकार शिक्षा पर निवेश और बढ़ाए। राजस्थान में 2023-24 के बजट में शिक्षा पर कुल खर्च राज्य की जीडीपी का लगभग 2.8% रहा है, जो कि पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में खासकर लड़कियों के लिए सुरक्षित परिवहन, साइकिल योजना और स्कूलों में शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देनी होगी। दूसरे, समाज को यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ लड़कों के लिए नहीं, बल्कि लड़कियों के लिए भी उतनी ही जरूरी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

इंजीनियरिंग
अब कम होंगी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले दशक में इंजीनियरिंग की कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी उन्मुख शाखाएं छात्रों और कॉलेजों, दोनों की पहली पसंद बन गई थीं। कारण स्पष्ट हैं कि उच्च सैलरी, नौकरी के ग्लोबल अवसर, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी उद्योग की होड़ और डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षाएं। इस सफलता की चमक ने यह सोच दी कि जितना हो सके सीएसई में सीटें बढ़ाओ। तेलंगाना हाईकोर्ट के ताजा फैसले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि कितनी बढ़ी हुई सीएसई सीटें अभी मांग के अनुरूप हैं? क्या यह वृद्धि स्थिर है या सिर्फ इरादा मात्र है? अगर यह मांग कम हो गई तो क्या भविष्य में बेरोजगारी की लौ में झुलसेंगे छात्र?

हाल ही में तेलंगाना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया कि कंप्यूटर साइंस (सीएसई) की सीटें अब और नहीं बढ़ाई जा सकतीं। जिन कॉलेजों ने मनमानी करते हुए हजारों सीटें जोड़ ली थीं, उनकी संख्या घटाई जाएगी। कोर्ट का तर्क साफ था मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ना खतरनाक है। तेलंगाना के इस आदेश ने न सिर्फ वहां के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को झटका दिया, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी चेतावनी की घंटी बजा दी। खासकर कर्नाटक ने तो तुरंत संकेत दे दिए हैं कि वे भी इसी दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

क्यों बढ़ी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले कुछ वर्षों में आईटी सेक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग की तेजी से बढ़ती मांग ने छात्रों व कॉलेजों दोनों को आकर्षित किया। यहां प्लेसमेंट पैकेज और नौकरी के मौके ज्यादा दिख रहे थे। इसलिए सीएसई छात्रों की पहली पसंद बन गई। कॉलेजों ने इसे सुनहरा मौका समझा और एआईसीटी (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) से अप्रूवल लेकर बड़ी संख्या में सीटें बढ़ानी शुरू कर दीं। कुछ कॉलेजों ने तो हद ही कर दी। जहां पहले 200-300 सीटें थीं, वहां अचानक 1500-2000 सीएसई सीटें कर दी गईं।

एआईसीटी का रोल और विवाद

एआईसीटी का नियम है कि कोई भी कॉलेज बिना उसकी मंजूरी के सीट नहीं बढ़ा सकता, लेकिन हाल के वर्षों में संस्था ने काफी लचीला रवैया अपनाया। यदि किसी कॉलेज के पास बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर है, तो उसे सीटें बढ़ाने की इजाजत मिल जाती थी। कॉलेज इस नियम का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में सीटें सीएसई में ट्रांसफर करने लगे। समस्या यह है कि एआईसीटी की मंजूरी तकनीकी आधार पर थी, जबकि मार्केट की वास्तविक मांग और भविष्य की संभावनाओं का आकलन नहीं हुआ। यही वजह है कि अब राज्य सरकारें और अदालतें हस्तक्षेप कर रही हैं।

भविष्य की चुनौती: मांग बनाम आपूर्ति

सीएसई और एआई की डिमांड अभी ऊंचाई पर है, लेकिन कोई भी मार्केट अनंत नहीं होता। यदि सीटें लगातार बढ़ती रहीं तो कुछ वर्षों बाद बेरोजगारी का खतरा बढ़ेगा। टेक सेक्टर में छंटनी पहले से देखने को मिल रही है। दूसरी ओर मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल जैसी पारंपरिक शाखाओं में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या घट रही है। सरकारों को डर है कि यदि यही ट्रेंड जारी रहा तो भारत के पास पुल बनाने वाले इंजीनियर, स्टील इंडस्ट्री के विशेषज्ञ या इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियर नहीं बचेंगे।

तेलंगाना से कर्नाटक तक

तेलंगाना के फैसले के बाद अब कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा है कि वे भी सीएसई सीट फ्रीज करने का नियम लाने पर विचार कर रहे हैं। इससे बड़े यानी टीयर-1 शहरों में प्राइवेट कॉलेजों का अनियंत्रित विस्तार रुकेगा और भविष्य की बेरोजगारी कम होगी। यदि कर्नाटक ऐसा करता है, तो महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर भी दबाव बनेगा। एक बार यह सिलसिला शुरू हुआ तो यह पूरे भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा।

अब क्या होगा

सीएसई सीटें घटेंगी तो एडमिशन की दौड़ और भी कठिन हो जाएगी। छात्रों को मजबूरी में अन्य शाखाओं जैसे- मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल की ओर रुख करना होगा। कॉलेज भी चालाकी दिखाएंगे और कहेंगे कि सीएसई नहीं तो एआई/डेटा साइंस ले लो, लेकिन सरकारें उन पर भी सीमा तय कर सकती हैं। इसलिए अब वह दौर आने वाला है जब छात्रों को अपनी सोच बदलनी होगी और सिर्फ सीएसई पर निर्भर नहीं रहना होगा।

इंजीनियरिंग कॉलेजों की शिक्षा का बड़ा सवाल

भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सबसे ज्यादा संख्या महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में है। यदि इन राज्यों ने सीएसई सीटों पर रोक लगा दी तो राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा असर दिखेगा। इंजीनियरिंग शिक्षा का संतुलन फिर से पारंपरिक शाखाओं की ओर झुक सकता है। इससे इंडस्ट्री की जरूरतें भी पूरी होंगी और सभी सेक्टर्स के लिए स्किल्ड इंजीनियर तैयार होंगे।

संतुलन ही समाधान

कंप्यूटर साइंस आज की तारीख में चमकदार ब्रांच है, लेकिन हर चमकदार चीज हमेशा टिकाऊ नहीं होती। सरकार और कोर्ट की दलील यही है कि सिर्फ अल्पकालिक डिमांड देखकर सीटें बढ़ाना दूरदर्शिता नहीं है। छात्रों को भी चाहिए कि वे बाकी शाखाओं की संभावनाओं को समझें। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी जैसे सेक्टर भी भारत की रीढ़ हैं। आने वाले दो-तीन साल में यह नियम पूरे देश में लागू हो सकता है। ऐसे में छात्रों, अभिभावकों और कॉलेजों को अपनी रणनीति अभी से बदलनी होगी। कुल मिलकर तेलंगाना का कोर्ट यह फैसला भारत के इंजीनियरिंग शिक्षा इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। यह न सिर्फ सीएसई की अंधी दौड़ को थामेगा, बल्कि बाकी इंजीनियरिंग शाखाओं को भी नया जीवन देगा।

जॉब अलर्ट

रेलवे सेक्शन कंट्रोलर की वैकेंसी

- पद का नाम - कंट्रोलर
- कुल पद - 368
- योग्यता - ग्रेजुएट
- अंतिम तिथि - 14/10/2025
- आधिकारिक साइट- indianrailways.gov.in

मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती

- पद का नाम - कांस्टेबल
- कुल पद - 7500
- योग्यता - 10 वीं
- अंतिम तिथि -29/09/2025
- आधिकारिक साइट- esb.mp.gov.in

बीपीएससी हेड ऑफ डिपार्टमेंट वैकेंसी

- पद का नाम - एचओडी
- कुल पद - 218
- योग्यता - इंजीनियरिंग
- अंतिम तिथि - 30/09/2025
- आधिकारिक साइट- bpsc.bihar.gov.in

एचएलएल लाइफकेयर (एचएलएल)

- पद का नाम - एचएलएल उप प्रबंधक
- कुल पद - 24
- योग्यता - बी.फार्मा, एमबीए/पीजीडीएम की डिग्री
- आयु सीमा - 37 वर्ष
- अंतिम तिथि - 01-10-2025
- आधिकारिक साइट-lifecarehll.com

एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव भर्ती

- पद का नाम - एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव
- कुल पद - 976
- योग्यता - बी.आर्क, बी.टेक/बीई, एमसीए
- आयु सीमा - 27 वर्ष
- अंतिम तिथि - 27-09-2025
- आधिकारिक साइट-aai.aero

टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रैटजी से करें बैंक जॉब के सपने को साकार

बैंकिंग सेक्टर के प्रति युवाओं का क्रेज हमेशा से रहा है। जिन युवाओं का सपना बैंक में करियर बनाने का है उनके लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है। हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने क्लर्क और अधिकारी के पदों पर 13217 भर्तियां निकली हैं। इसकी तैयारी करके युवा अपने बैंक जॉब के सपने को पूरा कर सकते हैं। आज हम आपको आरआरबी परीक्षा की तैयारी के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बता रहे हैं, जो आपको परीक्षा क्रैक करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझें

आईबीपीएस आरआरबी परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी होनी अति आवश्यक है। पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी के दौरान यह जरूरी होता है कि प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के लिए सभी विषय कवर हो जाएं।

- स्टडी प्लान बनाएं : किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए आपको स्टडी प्लान बनान बेहद जरूरी है, जिसमें सभी विषय शामिल होने चाहिए।
- शक्तियों और कमजोरियों पर फोकस करें : कमजोर विषय और टॉपिक की पहचान कर और उन पर पहले काम करें।
- स्पीड और सटीकता पर ध्यान दें : प्रश्नों को करने में शीघ्रता और सटीकता से हल करने का रोज अभ्यास करें।
- विषय का बेस मजबूत करें : सभी विषय का बेस मजबूत करें। विशेषतः रीजनिंग और क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड में अपना बेस मजबूत करें। साथ ही क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग में उच्च-स्तरीय प्रश्नों का अभ्यास करें।
- नियमित रिवीजन : किसी परीक्षा को पास करने के लिए नियमित रिवीजन करना बेहद की आवश्यक है। यह दिन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। नियमित रूप से रिजीवन करने से आपकी तैयारी सही दिशा में बनी रहती है।

- भाषा कौशल में सुधार : व्याकरण, शब्दावली और समझ को बढ़ाएं।
- करेंट अफेयर्स की तैयारी : समसामयिक मामलों और बैंकिंग समाचारों से अपडेट रहें। प्री की परीक्षा की तैयारी के साथ ही मेन्स के लिए रोज करेंट अफेयर्स भी तैयार करते हुए चलें। साथ ही बैंकिंग, वित्त और समसामयिक मामलों के बारे में जानकारी रखें।
- नेतृत्व कौशल विकसित करें : चर्चा में भाग लें और नेतृत्व के बारे में पढ़ें।
- संचार कौशल में सुधार करें : अंग्रेजी में लिखने और बोलने का अभ्यास करें।
- समय प्रबंधन : परीक्षा की तैयारी और मॉक टेस्ट के दौरान कुशल समय प्रबंधन का अभ्यास करें, ताकि परीक्षा देते समय निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रश्नों के हल कर लें।
- नियमित मॉक टेस्ट और विश्लेषण : सिर्फ मॉक टेस्ट देना ही काफी नहीं होगा, बल्कि गलतियों का विश्लेषण कर और सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करें।
- अपने दिमाग को स्वस्थ रखें: परीक्षा की तैयारी के दौरान अपना खान-पान सही रखें। आहार में पौष्टिक चीजों को शामिल करें। पर्याप्त नींद लें, साथ ही पढ़ाई के दौरान कुछ मिनट का ब्रेक लें। सबसे महत्वपूर्ण बात ऐसी किसी भी तरह की गतिविधियों से बचें, जिसमें आपका दिमाग डायवर्ट होता हो।

कैसे बनाएं रणनीति

हर साल बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ, सही रणनीति का पालन, प्रश्नों की सटीकता पर ध्यान केंद्रित, समय का कुशल प्रबंधन करना और अपने स्कोर को अधिकतम करने के लिए मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करना बेहद महत्वपूर्ण है। चाहे आप ऑफिस असिस्टेंट या ऑफिसर स्केल पदों के लिए तैयारी कर रहे हों, विषयवार अभ्यास, समय प्रबंधन और मॉक टेस्ट का एक स्मार्ट मिश्रण आपको अपने लक्ष्य में सफलता दिला सकता है।

नई किताबें

एलटी ग्रेड टीजीटी के लिए श्रृंखला

- यूपी एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक (टीजीटी) प्री परीक्षा 2025-26 - विजय चक्र श्रृंखला पेपर 1: सामान्य अध्ययन (सामान्य अध्ययन), पेपर 2: कंप्यूटर, और पेपर 2: इतिहास (इतिहास) के लिए पूरी तैयारी प्रदान करती है, जो पूरी तरह से नवीनतम यूपीपीएससी पाठ्यक्रम पर आधारित है। पेपर 1 में 30+ अभ्यास सेट और हल किए गए पेपर 2018 शामिल हैं, जबकि पेपर 2 (कंप्यूटर और इतिहास) में हल किए गए पेपर 2018 के साथ प्रत्येक में 13 अभ्यास सेट हैं, जो पिछले परीक्षा रुझानों में व्यापक अभ्यास और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। कैप्सूल बेस्ट एजुकेटर नोट्स त्वरित याद के लिए संक्षिप्त, विषय-वार संशोधन प्रदान करते हैं। अद्यतन और परीक्षा-केंद्रित, सामग्री स्पष्ट स्पष्टीकरण और प्रगतिशील कठिनाई के साथ शुरुआती और उन्नत दोनों उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त है।

रीजनिंग के लिए उपयुक्त सामग्री

- आईबीपीएस बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख निकायों में से एक है, जो कई ऑनलाइन आधारित परीक्षणों के माध्यम से भाग लेने वाले बैंकों में उम्मीदवारों के निष्पक्ष और पारदर्शी चयन के लिए जिम्मेदार है। इसने हाल ही में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और मैनेजमेंट ट्रेनी (एमटी) के पद के लिए अपनी रोजगार अधिसूचना जारी की है, जो तीन चरणों में होगी- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा और उसके बाद एक सामान्य साक्षात्कार। '20 साल' (2009-2000) अध्यायवार हल किए गए पेपर बैंक पीओ रीजनिंग 'के वर्तमान संस्करण को उन अभ्यर्थियों के लिए सावधानीपूर्वक संशोधित किया गया है, जो आईबीपीएस पीओ, एसबीआई पीओ, राष्ट्रीयकृत बैंक पीओ और अधिक जैसे बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह अभ्यास पुस्तक वैचारिक स्पष्टता के लिए 5000 से अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ 20 अध्यायों में व्यवस्थित पर्याप्त मात्रा में हल किए गए प्रश्नपत्र प्रदान करती है। इसमें प्रैक्टिस सेट और 3 सॉल्व्ड पेपर भी शामिल हैं, जो अभ्यास को मजबूत करने और स्तर की प्रगति को ट्रैक करने और अभ्यर्थियों के कठिन और कमजोर क्षेत्रों को जानने में उनकी मदद करते हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंक पीओ परीक्षाओं के लिए संपूर्ण अध्ययन संसाधन एक साथ लाते हुए। यह पुस्तक आरबीआई RBI ग्रेड I, आरआरबी स्केल I, बीमा क्षेत्र और अन्य परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी है।



बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	82,693.71	25,330.25
बढ़त	313.02	91.15
प्रतिशत में	0.38	0.36

सोना- 1,13,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,31,200 प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

पहली छमाही में चाय निर्यात में मामूली वृद्धि

कोलकाता। भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ, जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह सात करोड़ 17.7 लाख किलोग्राम था। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से इस पेय पदार्थ का निर्यात जनवरी से जून के दौरान घटकर चार करोड़ 55.9 लाख किलोग्राम रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह पांच करोड़ 28 लाख किलोग्राम था।

ब्रिटेन में खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर

लंदन। ब्रिटेन में अगस्त के दौरान खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आंकड़ों के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर 4% किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के मुताबिक, अगस्त में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतें पांचवें महीने बढ़ीं, जबकि हवाई किराये में जुलाई के मुकाबले तेज गिरावट आई। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत लक्ष्य से लगभग दोगुनी है लेकिन अर्थशास्त्रियों के अनुमानों के उलट बढ़ी नहीं है।

आयकर विभाग ने मैरिको के खिलाफ किया सर्वेक्षण

मुंबई। आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आयकर कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। मैरिको वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करने वाली भारत की अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों में से एक है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इसने भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे गए अपने उत्पादों के माध्यम से 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार दर्ज किया।

जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये

वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा, अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती

विशाखापत्तनम, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं। कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

उन्होंने कहा कि इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी। उन्होंने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

● अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर परिचर्चा कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके। आप राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी। लेकिन आज नहीं।

22 राज्यों को 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त सहायता के तहत दिए गए 3.6 लाख करोड़ रुपये

विशाखापत्तनम। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अब तक 22 राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता के तहत लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सीतारमण ने 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट' में कहा कि देश में पूंजीगत निवेश (राज्यों समेत) बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.1 प्रतिशत हो गया जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 1.7 प्रतिशत था। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता भी प्रदान की है ताकि वे अपनी पूंजीगत संपत्तियों को बढ़ा सकें और उन पर खर्च के लिए धन जुटा सकें। केंद्र ने सभी राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त राशि दी है और अब तक कुल मिलाकर लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। यह पिछले चार वर्षों की बात है। उन्होंने कहा कि अब तक 22 राज्यों ने इसका इस्तेमाल किया है, जिससे उनके अपने संसाधनों से पूंजीगत व्यय में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 88 हवाई अड्डे चालू हुए, करीब 31,000 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क चार गुना बढ़ा, बंदरगाह क्षमता दोगुनी हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 60 प्रतिशत का विस्तार हुआ है।

पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग

नई दिल्ली। कई प्रमुख स्टार्टअप कंपनियों के संस्थापकों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डिजिटल बाजारों के लिए प्रस्तावित पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि इसकी जरूरत अब भी पहले जैसी ही है। मांग कर्ताओं में पीपल्स ग्रुप के संस्थापक अनुपम मित्तल, मेट्रिमोनी डॉट कॉम के मुरुगवेल जानकीरमन, टूलीमैडली के स्नेहिल खनोर एवं अमित गुप्ता, स्टेज के विनय सिंगल, क्वैक क्वैक के संस्थापक रवि मित्तल और एडीआईएफ से जुड़े प्रतीक जैन हैं।

जीएसटी युक्तिसंगत से हरित ऊर्जा को मिलेगी गति 1.5 लाख करोड़ की बचत

नई दिल्ली, एजेंसी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से देश में स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति मिलेगी। लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ तक की बचत होगी। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

31 अगस्त, 2025 तक बड़े जलविद्युत संयंत्रों को छोड़कर 193 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता थी। इसमें 123 गीगावाट सौर ऊर्जा और 53 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बयान में कहा कि भारत की 2030 तक लगभग 300 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की योजना है, ऐसे में लागत में दो से तीन प्रतिशत की मामूली कमी से भी 1.0 से 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

● भारत के 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण

स्वच्छ ऊर्जा की लागत होगी कम

नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य शृंखला में जीएसटी दरों को 12 से घटाकर पांच प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम होगी। इससे बिजली अधिक किफायती होगी और घरों, किसानों, उद्योगों तथा परियोजनाएं विकसित करने वाली कंपनियों को सीधा लाभ होगा। उदाहरण के लिए, ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना की पूंजीगत लागत आमतौर पर लगभग 3.5-4 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट होती है।

सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपये फिसला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली से बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। वहीं चांदी में भी 1,670 रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को इस कीमती धातु की कीमत 1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।

चांदी ने भी मुनाफावसूली से बढ़त गंवा दी। बुधवार को चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किग्रा रह गई। पिछले सत्र में, इसने 570 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 1,32,870 रुपये प्रति किग्रा का नया रिकॉर्ड बनाया था। वैश्विक स्तर पर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से, सोने और चांदी में भी नए शिखर छूने के बाद गिरावट देखी गई।

● 1.13 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी टूटी

डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार की अनुमति पर विचार कर रहा सेबी

बैंकों, बीमा कंपनियों व पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस में निवेश पर सरकार से करेगा बात

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव बाजारों में निवेश की अनुमति देने के लिए सरकार के साथ 'बातचीत' करेगा।

उन्होंने बुधवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को गैर-नकद निपटान वाले, गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार करने की अनुमति देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है। पांडेय ने एमसीएक्स के कार्यक्रम में कहा कि हम बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को इन (गैर-नकद, गैर-कृषि) बाजारों में व्यापार करने की अनुमति देने के लिए सरकार से भी बातचीत करेंगे। दिसंबर, 2025 के अंत तक, सेबी अनुपालन रिपोर्ट के लिए एक सामान्य रिपोर्टिंग तंत्र में जिंस-विशिष्ट ब्रोकर को शामिल करेगा।

क्वांटलेस लैब के पूर्व सीईओ ने सेबी के साथ भेदिया कारोबार मामले का निपटान किया

नई दिल्ली। इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी की अनुषंगी क्वांटलेस लैब एलएलसी के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ अजय भाटिया ने 1.05 करोड़ की निपटान राशि का भुगतान करके बाजार नियामक सेबी के साथ भेदिया कारोबार के मामले का निपटान किया। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि इसके अतिरिक्त, भाटिया ने 9.58 लाख रुपये के ब्याज सहित 55.34 लाख रुपये के गलत तरीके से अर्जित लाभ को वापस कर दिया। उन्होंने प्रतिभूति बाजार से छह महीने का स्वेच्छिक प्रतिबंध भी स्वीकार कर लिया है। यह मामला अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा आठ अप्रैल, 2022 को आईएचसी को तरजीही आधार पर दो करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर जारी करने से संबंधित है। इस जानकारी को कीमत से जुड़ी अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) माना गया था।

घुसपैठियों को बचाने में लगी हुई है कांग्रेस

गृह मंत्री ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर साधा निशाना, कहा- घुसपैठियों की मदद से बनाना चाहती है सरकार

● प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार की 17 योजनाओं का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' को लेकर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'घुसपैठियों को बचाने' के लिए यह अभियान चलाया है क्योंकि यह उनकी मदद से चुनाव जीतना चाहती है। शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर यहां त्यागराज स्टेडियम में एक कार्यक्रम में दिल्ली सरकार की 17 कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और कांग्रेस पार्टी 'घुसपैठिया बचाओ' रैली निकाल रहे हैं। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए हमारी मतदाता सूची में बने रहें क्योंकि उन्हें भारत की जनता पर भरोसा नहीं है। वे घुसपैठियों की मदद से चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा मतदाता सूची में मौजूद विसंगतियों को दूर करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद का समर्थन करती है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में बिहार में 14 दिन की 1,300 किलोमीटर लंबी 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि इस कवायद का उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करना है।

कार्यक्रम में शाह ने 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' के जरिये सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोदी की सराहना की। गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया में 11वें स्थान पर छोड़कर गए थे। मोदी के नेतृत्व में हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लोगों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की सलाह देते हुए शाह ने कहा कि 22 सितंबर से दैनिक उपयोग की वस्तु पर जीएसटी की दर नहीं होगी या न्यूनतम होगी। मैं सभी महिलाओं को अधिक खरीदारी करने की सलाह दूंगा। 395 सामान्य वस्तुएं हैं जिन पर शून्य या 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। लोगों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि जितना चाहें उतना खरीदें, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री परवेश साहिब सिंह।

मोदी ने गरीबों की सूची को किया छोटा

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कि प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं, शाह ने उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने के लिए उनकी प्रशंसा की। शाह ने कहा कि देश को सुरक्षित बनाना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, हर गरीब के घर तक सुविधाएं पहुंचाना और हर बच्चे के दिल में एक महान भारत का संकल्प जगाना- मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में ये सब हासिल किया है। देश मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धियों को हमेशा याद रखेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया और 60 करोड़ को बुनियादी सुविधाएं दीं। पहली बार मोदी ने गरीबों की सूची को छोटा किया है।

आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप करने से नहीं रुका : राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप वाले दावों को किया खारिज

हैदराबाद, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इन दावों को खारिज कर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा कि आतंकियों पर कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की वजह से निलंबित नहीं हुई।

रक्षा मंत्री ने हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में कहा कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा। कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप से हुआ? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका था।

राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी साफ किया था कि भारत ने इस मामले में तीसरे पक्ष की भूमिका खारिज कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया है कि यह द्विपक्षीय मामला है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता।



हैदराबाद में 78वें मुक्ति दिवस को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में भारतीय मिसाइल हमलों में इस आतंकवादी संगठन के प्रमुख मसूद अजहर के परिजनों की मौत की बात स्वीकार की है। इसकी पुष्टि करने वाला वीडियो भी जारी हुआ है। भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता। सिंह ने कहा कि 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और इस साल ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों के माध्यम से बार-बार अपने संकल्प का प्रदर्शन किया है।

3 दिन डिजिटल अरेस्ट रहीं बुजुर्ग चिकित्सक, दिल के दौरे से मौत

हैदराबाद, एजेंसी

तेलंगाना के हैदराबाद में साइबर जालसाजों ने कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर तीन दिनों तक 76 वर्षीय एक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को परेशान किया और धमकियां दी, जिससे उनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पांच से आठ सितंबर के बीच महिला से 6.60 लाख ठगने वाले आरोपियों ने आठ सितंबर को उनकी मौत के बाद भी उन्हें संदेश भेजना जारी रखा। पुलिस के मुताबिक, मृतका के कॉल रिकॉर्ड देखने के बाद उनके बेटे ने पुलिस से शिकायत की और आरोप लगाया कि परिवार को 'डिजिटल अरेस्ट' और साइबर ठगी के मामले का पता चला,

● महिला से ठगी के आरोपियों ने मौत के बाद भी उन्हें भेजा संदेश

जिससे उनकी मां की मृत्यु हुई। मुख्य वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त महिला से जालसाजों ने पांच सितंबर को 'मैसेजिंग एप' के जरिए संपर्क किया। आईडी की 'डिस्प्ले पिक्चर' में बेंगलुरु पुलिस का लोगो लगा था। फोन करने वाले ने फर्जी 'जांच रिपोर्ट' साझा की, जिसमें महिला के आधार विवरण का उल्लेख था और उसे तथाकथित मानव तस्करी में झूठा फंसाया गया था। तीन दिनों तक महिला को वीडियो कॉल की गईं और उच्चतम न्यायालय, कर्नाटक पुलिस विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के फर्जी दस्तावेज़ दिखाकर परेशान किया गया।

'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका में न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप

याचिका खारिज कर अदालत ने कहा- हमारी चिंता मत कीजिए

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है। उसने कहा कि हमारी चिंता न करें।

वकील चंद्रकांत गायकवाड़ के जरिए 'एसोसिएशन फॉर एडिंग जस्टिस' की ओर से दायर याचिका में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने और 'भाई वकील है' गाने को हटाने का अनुरोध किया गया था, जिसके बारे में दावा किया गया कि यह कानूनी पेशे के लिए अपमानजनक है।

● कहा- अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है

याचिकाकर्ता के वकील दीपेश सिरोया ने कहा कि फिल्म और गीत में न केवल वकीलों का बल्कि न्यायाधीशों का भी मजाक उड़ाया गया है, क्योंकि एक दृश्य में न्यायाधीशों को 'मामू' कहा गया है, जो न्यायपालिका के लिए अपमानजनक शब्द है। इस पर मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि पहले दिन से ही हमारा मजाक उड़ाया जा रहा है। हमारी चिंता मत कीजिए। फिल्म निर्माताओं ने पीठ को बताया कि फिल्म के खिलाफ इसी तरह की एक याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

मालेगांव विस्फोट : उच्च न्यायालय ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई स्थगित की

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के अपीलकर्ता परिजनों के बारे में अधूरी जानकारी दिए जाने से सात आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई बुधवार को स्थगित कर दी। इस मामले में बरी किए गए सात आरोपियों में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित शामिल हैं। इससे पहले, मंगलवार को उच्च न्यायालय ने कहा था कि विस्फोट मामले में बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने का रास्ता सभी के लिए नहीं खुला है। उसने पूछा कि क्या पीड़ितों के परिजनों से मुकदमे में गवाह के तौर पर पूछताछ की गई थी। बुधवार को, अपीलकर्ताओं के वकील ने विवरण का चार्ट पेश किया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि यह अधूरा है। वकील ने पीठ को बताया कि प्रथम अपीलकर्ता, निसार अहमद, जिनके बेटे की विस्फोट में मौत हो गई थी, मुकदमे में गवाह नहीं थे।

ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

संगम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

नेल्लोर जिले में बुधवार को बालू से भरे ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा संगम मंडल के पास उस समय हुआ जब सामने से आ रहा ट्रक कार से टकरा गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक नेल्लोर शहर के निवासी थे और आत्मकुर सरकारी अस्पताल अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास बालू से भरे ट्रक के कार को टक्कर मारने से 15 वर्षीय लड़की समेत एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। ट्रक चालक हादसे के तुरंत बाद वहां से भाग गया। उसकी तलाश जारी रही है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

जगन मोहन रेड्डी ने प्रकट की संवेदना

वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया। रेड्डी ने कहा, यह हादसा मुझे विचलित कर गया और मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की अपील की।

प्रस्तुति

बेंगलुरु : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार प्रस्तुति देते हुए। एजेंसी

गेमिंग एप कर रहे जासूसी खतरे में गोपनीयता

गेमिंग एप्स से जासूसी एक गंभीर चिंता का विषय है, जो डेटा सुरक्षा और उपयोगकर्ता गोपनीयता को खतरे में डालता है। कई गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डेटा को इकट्ठा करते हैं, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी, स्थान डेटा, और डिवाइस की जानकारी शामिल हो सकती है। जासूसी करने में चीन कई देशों से आगे है, लेकिन जासूसी के लिए जिस तरह से वह इंटरनेट का प्रयोग करता है उससे बड़े देश भी सतर्क रहते हैं। चीन आनलाइन सब पर निगाह रखता है। एक ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन में दावा किया गया है कि वैश्विक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन आदतों पर चीन नजर रख रहा है। टिक टॉक इसीलिए विवादास्पद हो गया था।



भविष्य के लिए अभी से सचेत हो दुनिया

- अध्ययन में कहा गया है कि चीन की कारगुजारी से बचने और भविष्य में सूचनाओं को अपने ऊपर थोपे जाने से बचने के लिए दुनिया के अन्य देशों को अभी से तैयारी करनी चाहिए।
- सभी देशों के नीति निर्माताओं को भविष्य की इन सूचनाओं के खिलाफ अभी से मजबूत डिफेंस सिस्टम और सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा, ताकि कल को जब बीजिंग अपनी मंशा दूसरों पर थोपे तो उसका जवाब दिया जा सके।

जासूसी के तरीके

- **डेटा संग्रह :** गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के बारे में डेटा इकट्ठा कर सकते हैं, जैसे कि उनकी गेमिंग आदतें, स्थान, डिवाइस की जानकारी।
- **अनधिकृत एक्सेस :** कुछ गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डिवाइस में अनधिकृत एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी निजी जानकारी खतरे में पड़ सकती है।
- **मैलवेयर :** गेमिंग एप्स में मैलवेयर हो सकता है, जो डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है और उनकी जानकारी चोरी कर सकता है।

सुरक्षा के उपाय

- **एप की समीक्षा :** डाउनलोड करने से पहले उसकी समीक्षा और रेटिंग देखें।
- **अनुमतियां :** एप द्वारा मांगी गई अनुमतियों को ध्यान से पढ़ें और समझें।
- **डेटा सुरक्षा :** अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें।
- **नियमित अपडेट :** अपने डिवाइस और एप्स को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- **विश्वसनीय स्रोत :** केवल विश्वसनीय स्रोतों से एप्स डाउनलोड करें, जैसे कि गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर।

इसलिए होती है डाटा की चोरी

एक स्टडी के मुताबिक, दुनियाभर से यूजर्स के पर्सनल डाटा को जुटाकर चीन ग्लोबल इनफॉर्मेशन इकोसिस्टम को अपने मुताबिक चेंज करना चाहता है। इसका मकसद सूचना की ताकत पर कंट्रोल करना और लोगों की पसंद को अपने मुताबिक ढालने के अलावा चीन के कल्चर, तकनीक, इकॉनमी और मिलिट्री इनफ्लूएंस को पूरी दुनिया पर थोपने की तैयारी है। जैसे टेमू एप का प्रयोग कर चीन यह समझ रहा है कि लोगों की पसंद क्या है और वे अपनी दुनिया में रियलिटी किसे मानते हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकवादियों को मार गिराया

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आतंकवादी मारे गए और चार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को बन्नू और करक जिलों में आतंकवादियों ने दो पुलिस थानों पर हमला किया। दोनों हमलों को पुलिस ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। बन्नू में आतंकियों ने सबसे पहले मिरयान पुलिस थाने को निशाना बनाया और फिर उसी थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाली मजांग चौकी की ओर बढ़े। बन्नू के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सज्जाद खान के अनुसार, मिरयान थाने पर हुआ हमला बीस मिनट के भीतर ही विफल कर दिया गया।

नकली पाकिस्तानी फुटबॉल टीम को जापान ने वापस भेजा

लाहौर। धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद एक नकली पाकिस्तानी फुटबॉल टीम को जापान से वापस भेज दिया गया। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एफआईए ने बयान में कहा कि एक मानव तस्करी गिरोह फुटबॉल टीम की आड़ में 22 लोगों को जापान भेजने में शामिल था। नकली खिलाड़ी फुटबॉल किट पहने हुए थे और दावा कर रहे थे कि वे पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक जापानी क्लब के साथ मैच निर्धारित होने का भी दावा किया। बयान में कहा गया, 22 सदस्यीय नकली फुटबॉल टीम, जो 15 दिन का वीजा पाने में कामयाब रही, जून 2025 में जापान पहुंची। हालांकि, जापानी आव्रजन अधिकारियों ने इसे हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया।

असंतुष्ट चीनी नागरिक ने बीजिंग के लिए जासूसी की बात कबूली

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क में चीनी असंतुष्ट समुदाय के एक सदस्य ने चीन की सरकार की ओर से अपने साथी कार्यकर्ताओं की जासूसी करने का अपराध मंगलवार को स्वीकार कर लिया। युआनजुन (68) तांग लंबे समय से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं। वह यहां मैनहट्टन दूतावास के बाहर मासिक विरोध प्रदर्शनों में शामिल होते रहे हैं और उन्होंने फ्लशिंग, क्वींस में एक लोकतंत्र समर्थक गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की है, जहां वह 2002 से रह रहे हैं। दर्ज बयान के अनुसार, वह जहां सार्वजनिक रूप से अपने देश की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं बीजिंग की खुफिया सेवा के आदेश पर चुपचाप अपने साथी चीनी अमेरिकी कार्यकर्ताओं की जानकारी इकट्ठा कर रहे थे।

ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई

रूसी राष्ट्रपति ने मॉस्को-नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके व्यक्तिगत योगदान को सराहा

मॉस्को/लंदन, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जर्जिया मेलोनी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई विश्व नेताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोदी को जन्मदिन पर बधाई दी और मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मज़बूत करने में उनके अत्यंत व्यक्तिगत योगदान की सराहना की।

क्रेमलिन वेबसाइट पर प्रकाशित एक संदेश में रूसी नेता ने कहा, आपने सरकार के प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के माध्यम से अपने देशवासियों का उच्च सम्मान और विश्व मंच पर अत्यधिक अधिकार अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। पुतिन ने कहा, आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने में बड़ा व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं। इससे एक दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया तथा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इसे शुल्क (टैरिफ) के मुद्दे पर दोनों देशों के मध्य तनाव के बीच भारत के साथ संबंध सुधारने के अमेरिकी प्रयासों के हिस्से के रूप में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन ने भी मोदी को जन्मदिन की बधई दी।

नेतन्याहू ने कहा- मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा, आपने अपने जीवन में भारत के लिए बहुत कुछ किया है, और हमने मिलकर भारत और इजराइल की दोस्ती में बहुत कुछ हासिल किया है। एक वीडियो में इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं, क्योंकि हम अपनी साझेदारी और दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। जन्मदिन मुबारक हो मेरे दोस्त। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर शक्ति की कामना की और कहा कि वह भारत की शानदार प्रगति का नेतृत्व कर रहे हैं और वैश्विक विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत सरकार के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देता है। कहा, हम सब मिलकर विकसित भारत की दिशा में प्रगति का समर्थन कर रहे हैं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सीख और नवाचार साझा कर रहे हैं।

सुनक ने कहा- इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत

भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत है और मोदी जी हमेशा मेरे और ब्रिटेन के अच्छे दोस्त रहे हैं। मुझे ब्रिटेन-भारत संबंधों को लगातार मजबूत होते देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, इस रिश्ते का मेरे दिल में हमेशा एक खास स्थान रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जी20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री के रूप में 2023 की अपनी भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद रखेंगे। सुनक ने कहा, यह विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप एक शानदार आयोजन था। मोदी जी, मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और जल्द ही आपसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। मोदी को शुभकामनाएं देते हुए आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उनके देश को भारत के साथ इतनी मजबूत मित्रता साझा करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, हम आस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के योगदान के लिए आभारी हैं। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और दीर्घायु की कामना की।

नेपाल ने जेन जी प्रदर्शनों में मारे गए लोगों की याद में मनाया राष्ट्रीय शोक दिवस

प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों की याद में शोक प्रकट करते पुलिसकर्मी।

काठमांडू, एजेंसी

- सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे

नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया, जिसके कारण बुधवार को सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, आठ और नौ सितंबर को जेन जेड पीढ़ी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में नेपाल सरकार ने बुधवार 17 सितंबर को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाने का फैसला किया है।

जेन जेड पीढ़ी से तात्पर्य 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए युवाओं से है। विदेशों में सभी नेपाली दूतावास और मिशन बंद कर दिए गए और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने घोषणा की थी कि आठ और नौ सितंबर को जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। आठ और नौ सितंबर को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान तीन पुलिसकर्मियों सहित 72 लोग मारे गए थे, जिसके कारण केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। प्रदर्शनों के दौरान नेताओं के घरों, महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में भी आग लगा दी गई। आठ सितंबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच, काठमांडू में सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ जनजीवन सामान्य हो गया है।

ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी को फांसी पर लटकाया

दुबई। ईरान ने बुधवार को कहा कि उसने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी व्यक्ति को फांसी दे दी है। बहरहाल, कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी व्यक्ति को यातना देकर झूठे अपराध स्वीकार करवाए गए।

न्यायपालिका की मीजान समाचार एजेंसी ने मृतक की पहचान बाबक शाहबाजी के रूप में की और दावा किया कि उसने ईरानी डेटा केंद्रों व सुरक्षा ठिकानों की संवेदनशील जानकारी इकट्ठा की तथा उन्हें इजराइली एजेंटों को बेचा था। वहीं, कार्यकर्ताओं का कहना है कि शाहबाजी को इसलिए गिरफ्तार किया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को पत्र लिखकर मदद की पेशकश की थी।

गुरु नानक की पुण्यतिथि पर तीर्थ यात्रियों को अनुमति देने का आग्रह

लाहौर, एजेंसी

- पाकिस्तानी सिख नेताओं और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने किया आग्रह

पाकिस्तानी सिख नेताओं और 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने बुधवार को भारत सरकार से 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सिख तीर्थयात्रियों को शामिल होने की अनुमति देने का आग्रह किया। भारत ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार संस्था 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत से सिख श्रद्धालु यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने भारत सरकार से सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान में उनके पवित्र स्थलों की यात्रा की अनुमति देने का आग्रह करते हुए बताया, सिख तीर्थयात्रियों के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के अवसर पर 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

यौन अपराध में भारतीय मूल के चिकित्सक को 6 साल की जेल

लंदन। उत्तरी इंग्लैंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के एक अस्पताल में महिला कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने के दोषी भारतीय मूल के एक हृदय शल्य (सर्जन) चिकित्सक को छह साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

डॉ. अमल कृष्ण बोस (55) को 2017 से 2022 के बीच लंकाशायर के ब्लैकपूल विक्टोरिया अस्पताल में पांच महिला कर्मचारियों को अनुचित तरीके से छूने और यौन टिप्पणियां करने सहित यौन उत्पीड़न के 12 मामलों में दोषी ठहराया गया था। लंकाशायर के 'कॉन्स्टेबुलरी' ने बताया कि जून में दर्ज एक मुकदमे में जूरी द्वारा दोषी पाए जाने के बाद सोमवार को प्रेस्टन क्राउन कोर्ट में बोस को सजा सुनाई गई।

गाजा शहर पर इजराइली सेना का कहर फलस्तीन को छोड़कर भाग रहे लोग

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की ओर से गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए जमीनी हमले शुरू किए जाने के एक दिन बाद इजराइली सैनिक और टैंक बुधवार को क्षेत्र में और भीतर तक घुस गए। वहीं, इजराइल का सैन्य अभियान तेज होने के बीच बड़े पैमाने पर फलस्तीनियों के क्षेत्र छोड़कर भागने की खबरें हैं।

सेना ने कहा कि वायुसेना और लड़ाकू इकाइयों ने जमीन पर सैनिकों के आगे बढ़ने से पहले पिछले कुछ दिनों में गाजा शहर पर 150 से अधिक बार हमला किया, जिससे वहां स्थित कई आवासीय टावर क्षतिग्रस्त हो गए। दावा है कि हमास इन टावर का इस्तेमाल सैनिकों पर नजर रखने के लिए कर रहा है। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।

इजराइल का यमन के होदैदा बंदरगाह पर हवाई हमला

अदन। इजराइल ने यमन के होदैदा शहर में हवाई हमले किए, जबकि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अपने वायु रक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया। होदैदा बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकवादी शासन द्वारा ईरानी शासन से प्राप्त हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता है, जिनका उपयोग इजराइल और उसके सहयोगियों पर हमलों के लिए किया जाता है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 23 .24 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 06 .32 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष आज अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

वृष आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्णफल आपको प्राप्त होगा। रुचि अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

मिथुन आज कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं।

कर्क आज व्यवसाय पर आप विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

सिंह आज अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाए रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है।

कन्या आज व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलने की संभावना है। घर की व्यवस्था में सुधार आएगा।

तुला आज घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। प्रेम-संबंधों में नजदीकी रहेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

वृश्चिक आज किसी को उधार न दें। आपके पास काफी काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी परेशानी होने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

धनु आज किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक मात्रा में करनी पड़ेगी। अपने मन को शांत रखें। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए।

मकर आज विचारों को सकारात्मक बनाकर रखें। ऋणों को उतारने में सफलता मिलेगी। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कारोबार शुरू करने में आसानी होगी।

कुंभ आज पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है।

मीन आज अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में परिवर्तन की कुछ योजना बना सकते हैं। शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	3			5		2		
4				9			1	
	2				6	8		7
		4			2			1
	8					9	7	
6			9			3		
7		1	8				3	
	4			7				9
		5		4			2	

सुडोकू - 102 का हल

1	4	9	2	5	8	7	6	3
6	2	8	7	3	1	9	5	4
5	7	3	6	4	9	2	8	1
7	3	6	1	9	4	5	2	8
8	9	4	5	2	3	1	7	6
2	5	1	8	7	6	3	4	9
4	6	5	3	1	2	8	9	7
9	1	7	4	8	5	6	3	2
3	8	2	9	6	7	4	1	5



यूएस ओपन के बाद लगी एक छोटी सी चोट के बाद, मुझे इस साल चाइना ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। मैं पूरी तरह स्वस्थ रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगी और मैं अपने चीनी प्रशंसकों से जल्द ही मिलूंगी।
-आर्यना सबालेंका

स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

चोटिल सबालेंका चाइना ओपन से हटीं

बीजिंग : चाइना ओपन आयोजकों ने बताया है कि विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। बेलारुस की सबालेंका ने मंगलवार को जारी एक बयान में हटने की घोषणा की। सबालेंका इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के महिला एकल फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन में अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि चाइना ओपन 2025 का मुख्य ड्रॉ 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलेगा।

मेसी के गोल से इंटर मियामी जीता

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) : स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेसी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने इसके बाद 41वें मिनट में अल्बा के पास पर स्कोर 2-0 किया। इयान फ्रे ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटोंमें रोड्रिगो डि पॉल के कॉर्नर पर गोल दागकर मियामी को 3-0 से आगे किया। ओबेड वर्गास ने 69वें मिनट में सीएटल के लिए सांत्वना गोल दागा।

रियल मैड्रिड के दानी को लाल कार्ड दिखाया

मैड्रिड : चैंपियन्स लीग के एक मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रूली को सिर से टक्कर मारने के बाद रियल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रूली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था। मैड्रिड ने काइलियान एमबाप्पे के पेनल्टी पर दागे दो गोल से 2-1 से जीत हासिल की।

भारत ए ने एक विकेट पर 116 रन बनाए

लखनऊ : नारायण जगदीशन के नाबाद अर्धशतक से भारत ए ने मंगलवार को यहां पहले अनौपचारिक टेस्ट के वर्षा से प्रभावित दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के छह विकेट पर 532 रन पर पारी घोषित करने के बाद एक विकेट पर 116 रन बनाए। जगदीशन 95 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि बी साई सुदर्शन 20 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। भारत ए की टीम पहली पारी के आधार पर अब भी ऑस्ट्रेलिया ए से 416 रन से पीछे है। जगदीशन और अभिमन्यु ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़कर भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

मेसी ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर हस्ताक्षर वाली विश्व कप जर्सी भेजी



नई दिल्ली, एजेंसी : भारत दौरे की तैयारी में जुटे अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर 2022 विश्व कप विजेता टीम की हस्ताक्षर की हुई जर्सी भेजी है। मेसी को भारत दौरे पर ला रहे प्रमोटर सतद्रु दत्ता ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि इस स्टार फुटबॉल आइकन की विश्व कप जर्सी दो-तीन दिन में प्रधानमंत्री के पास पहुंच जाएगी। दत्ता ने कहा जब मैं फरवरी में उनसे इस दौरे पर चर्चा करने के लिए मिला था तो मैंने उन्हें बताया था कि प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन भी आ रहा है और उन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री के लिए एक हस्ताक्षर वाली जर्सी भेजेंगे। दत्ता ने कहा कि वह मेस्सी के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक की व्यवस्था कराने की भी कोशिश कर रहे हैं। मेसी 13 दिसंबर से दौरे पर कोलकाता, मुंबई और दिल्ली में जाएंगे।

चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

टोक्यो, एजेंसी

- पहले ही थ्रो में क्वालीफिकेशन का आंकड़ा कर लिया पार

गत चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को पहले ही थ्रो में स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा पार करके विश्व चैंपियनशिप पुरुष भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के नीरज ने क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में पहला ही थ्रो 84.85 मीटर का फेंका। चोपड़ा सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिए उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। ग्रुप ए में शामिल 19 खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव भी हैं। ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव ,यशवीर सिंह भी हैं। बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था जबकि नदीम दूसरे और वालेश तीसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा की नजरें विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक बरकरार रखने वाले तीसरे पुरुष भालाफेंक खिलाड़ी बनने पर लगी होंगी। चोपड़ा के मौजूदा कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी (1993 और 1995) और पीटर्स (2019 और 2022) ही यह कमाल कर चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद चोपड़ा का सामना पहली बार नदीम से होगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में 92 . 97 का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता था जबकि तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 89 . 45 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।

ड्रामे के बाद मैदान पहुंची पाकिस्तानी टीम

आईसीसी ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग फिर ठुकराई, देर से शुरू हुआ यूएई से मुकाबला

दुबई, एजेंसी

पाकिस्तान को एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रैफरी के तौर पर हटाने की उसकी मांग आईसीसी द्वारा दूसरी बार खारिज किए जाने के बाद एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस लेकर यूएई के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला खेलने स्टेडियम पहुंचना पड़ा।

इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम होटल के लिये रवाना नहीं हुई थी चूंकि पाइक्रॉफ्ट ही इस मैच में मैच रैफरी हैं। मैच अब आठ बजे की बजाय नौ बजे शुरू हुआ। पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी रहेंगे।

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कांफ्रेंस कॉल पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को इसकी जानकारी दी। भारत के खिलाफ रविवार के मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर हुई शर्मिंदगी के लिये पाकिस्तान ने पाइक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराया था। बुधवार को जब पाकिस्तानी टीम ग्रोसवेनर होटल से रवाना नहीं हुई तो लग रहा था कि दूसरी बार मांग खारिज होने पर गतिरोध जारी रहेगा। पाइक्रॉफ्ट दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंच गए थे और मैदान से एक किलोमीटर दूर आईसीसी मुख्यालय बुलाये जाने के बाद बॉडीगार्डस के साथ रवाना हो गए।

आईसीसी ने छह बिंदुओं पर खंडन करते हुए कहा कि पीसीबी की शिकायतें निराधार हैं। आईसीसी ने लिखित संचार में कहा आईसीसी की जाँच पीसीबी द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर की गई थी। हमने पाया कि इसके साथ कोई भी सहायक दस्तावेज या सबूत नहीं दिया गया था। इसमें कहा गया पीसीबी के पास प्रारंभिक रिपोर्ट के साथ अपनी टीम के सदस्यों के बयान जमा कराने का पूरा मौका था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। दूसरे बिंदु में कहा गया कि मैच रैफरी की ओर से जवाब देने का कोई मामला नहीं था। इसमें कहा गया मैच रेफरी ने जो कदम उठाए, वह एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) स्थल प्रबंधक से मिले स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप थे, कि मैच रेफरी इस तरह के मुद्दे से कैसे निपटेगा, उन्हें यह बताया गया था कि उनके पास कुछ और करने का समय नहीं था (टॉस से कुछ मिनट पहले)।

आईसीसी ने अपने तीसरे बिंदु में स्पष्ट किया कि पाइक्रॉफ्ट टॉस की पवित्रता बनाए रखने और किसी भी संभावित शर्मिंदगी से बचनेके लिए प्रतिबद्ध थे। इसमें कहा गया इसमें मैच रेफरी की कोई गलती नहीं थी।



मैच से पहले मैदान पर मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट। वहीं, एक पाकिस्तानी प्रशंसक काफी देर तक मैच का इंतजार करता रहा। एजेंसी

सूर्यकुमार के हाथ न मिलाने का मामला

दावा: पाइक्रॉफ्ट ने टीम से मांगी माफी

- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दावा किया कि मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने उसकी राष्ट्रीय टीम से माफी मांगी है। पाकिस्तान ने आईसीसी द्वारा पाइक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार करने के विरोध में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच के लिए रवाना होने में विलंब किया जिसके कारण मैच एक घंटा देर से शुरू हुआ।

यूएई ने गेंदबाजी का फैसला किया

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कप्तान मोहम्मद वसीम ने बुधवार को यहां एक घंटा देर से शुरू हुए एशिया कप ग्रुप ए के करो या मरो मैच में पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने अंतिम एकादश में दो जबकि यूएई ने एक बदलाव किया है। दोनों टीमें एक एक मैच जीत चुकी हैं, इससे इस मैच की विजेता टीम सुपर 4 के लिए क्वालीफाई कर लेगी।

वरुण पहली बार टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

दुबई, एजेंसी

स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं।

चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया । उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं।

हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने कैरियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं ।

आईसीसी ने किंगमा पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया

दुबई : अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नीदरलैंड के तेज गेंदबाज विवियन किंगमा पर आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय किंगमा का 12 मई को यूट्रेक्ट में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय मैच के बाद उनके नमूने में बेन्ज़ोइलेक्गोनिन नामक कोकीन मेटाबोलाइट पाया गया। किंगमा को तीन महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान अलिसा हीली के आउट होने पर जश्न मनातीं भारतीय खिलाड़ी।

भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 102 रनों से हराया

चंड़ीगढ़, एजेंसी

- दूसरे एकदिवसीय मैच में स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और दीप्ति शर्मा (40) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों बेहतरी प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 102 रनों से हरा दिया।

293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जॉर्जिया वॉल (शून्य) को रेणुका सिंह ने बोल्ड आउट किया। पांचवें ओवर में क्रांति गौड़ ने कप्तान अलिसा हीली (छह) का शिकार किया। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (18) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऐनाबेल सदरलैंड ने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में राधा यादव ने एलिस पेरी (44) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 30वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने ऐनाबेल सदरलैंड (45) को आउट किया। एश्ली गार्डनर (17), तालिया मैक्ग्रा (16) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। अलाना किंग (दो) रनआउट हुई। कांति गौड ने 41वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जॉर्जिया वेयरहम (10) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 190 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 102 रनों से अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला टीम की ओर से क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। रेणुका सिंह, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 70 रन जोड़े। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने प्रतिका रावल (25) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसे बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल (10) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को भी एश्ली गार्डनर ने आउट किया। भारत का चौथा विकेट 192 के स्कोर पर स्मृति मंधाना के रुप में गिरा। उन्हें तालिया मैक्ग्रा ने आउट किया। स्मृति मंधाना ने 91 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली।

शतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना। एजेंसी

अंतिम पंघाल कांस्य पदक के लिए खेलेंगी, ज्योति व राधिका बाहर

जाग्रेब (क्रोएशिया),एजेंसी

युवा पहलवान अंतिम पंघाल को बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता लूसिया येपेज गुजमान से हार का सामना करना पड़ा जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगी जबकि मनीषा भानवाला (62 किग्रा) रेपेशाज के जरिए पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। हालांकि राधिका (68 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पांचवें दिन बाहर हो गईं।

2023 चरण के कांस्य पदक के बाद अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया।

अंतिम पंघाल। फाइल फोटो

पंघाल ने चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया। अंतिम ने इस बढ़त को 6-0 तक पहुंचाया। झांग ने अपने पहले स्कोरिंग मूव से अंतर को 2-6 कर दिया। दूसरे पीरियड में झांग ने हेड लॉक से अंतिम को काबू में रखा। उन्होंने अंतिम का सीधा पैर पकड़कर अंतर को कम किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को मैट पर घुमाकर स्कोर बराबर कर दिया। झांग ने चित्त करने की कोशिश की लेकिन अंतिम बचने में सफल रहीं। चीन की खिलाड़ी को हालांकि दो अंक मिले जिससे वह 8-6 से आगे हो गईं। अंतिम ने झांग को बाहर धकेलकर अपने खाते में एक और अंक जोड़ा।

सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंचे

शेनजेन (चीन) : सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई, चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई।

सफलता की खुशी अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने लिवरपूल में पदक जीतने पर कहा- मेहनत रंग लाई

अगर पदक नहीं मिलता तो छोड़ देती कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था, कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला।

टोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने पीटीआई से कहा इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। उन्होंने कहा मैं हमेशा अपना शतप्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं। चार बार एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गई, लेकिन कांस्य पदक जीता।

उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैंपियनशिप थी और मैंने पहली बार पदक जीता। यह खास है। कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था, लेकिन उसने टोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की। उसने 2019 और 2021 एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हालांकि टोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई।

मुक्केबाज पूजा रानी।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर है अब पूजा की नजरें

नई दिल्ली : मुक्केबाज पूजा रानी की अब नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। नेमई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैंपियनशिप खेली, लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरुआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। उन्होंने कहा मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं। इसके लिए उन्होंने योजना तैयार कर ली है।